प्रयागराज, बुधवार, 7 दिसम्बर, 2022

मार्ग शीर्ष, शुक्ल पक्ष 14, वर्ष 11, अंक 228, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00



परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

अंदर- आज क्या जरूरत है जेलों की

अंदर- आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में सूर्यकुमार शीर्ष पर बरकरार



नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

# विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

## सभी प्रस्ताव पास, सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही देर बाद हंगामा

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश जैसे देश के सबसे बड़े राज्य के विकास के लिए बड़े विजन की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश की जनता ने जिस विश्वास के साथ 37 वर्ष बाद किसी सरकार को लगातार दो बार चुना है, उसे पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रही है। निवेश, शहरीकरण और रोजगार सृजन सरकार की कार्ययोजना की प्राथमिकता में है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में तैयार हो सके, इसके लिए प्रदेश में बड़े और ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। आज पूरी दुनिया के निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश को उत्सुक है। आज हर तबके को बिना भेदभाव मिल रहे शासन की योजनाओं के लाभ का ही परिणाम है कि हर व्यक्ति सरकार के प्रयासों को सफल करने में अपना योगदान करने को तत्पर है। मुख्यमंत्री योगी के संबोधन के बाद सभी प्रस्ताव पास कर लिए गए और विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

मंगलवार को विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री ने आने वाले समय के लिए अपनी प्राथमिकताएं भी बताईं। विकास के लिए शहरीकरण को महत्वपूर्ण आयाम बताते हुए कहा कि इसीलिए अनुपूरक बजट में नए शहरों के विकास के लिए 4,000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा गया है। वहीं यूपी को $1 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में एक अहम कदम के रूप में 10-12 फरवरी 2023 को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होने जा रहा है। यही नहीं, आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री मोदी दुनिया के महत्वपूर्ण देशों के समूह जी-20 की अध्यक्षता कर रहे हैं तो उत्तर प्रदेश में भी इस बाबत अनेक कार्यक्रम होने हैं। अनुपूरक बजट के माध्यम से इनके लिए वित्तीय व्यवस्था की गई है।

**सदन की बैठक**

**अनुपूरक बजट पर मुख्यमंत्री योगी ने दिया जवाब**

**3376954.67 लाख रुपये का अनुपूरक बजट पास**

**ग्लोबल यूनीक इवेंट के रूप में प्रस्तुत होगा प्रयागराज कुंभ 2025**

सुशासन, लोककल्याण और विकास का संकल्प दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों की कारगुजारियां भी उजागर कीं तो डबल इंजन सरकार के प्रयासों के परिणाम भी बताए। उन्होंने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश में हर दिन दंगे हुआ करते थे, जिसका नाम सुनकर अन्य प्रदेशों के लोगों के मन में एक भयावह तस्वीर उभर जाती थी, वहां आज हर पर्व-त्योहार शांति-सौहार्द के माहौल में संपन्न हो रहे हैं। जिसे देश के विकास में बाधक कहा जाता था, उसने आज देश को कानून-व्यवस्था का एक मॉडल दिया है।

कोरोना प्रबंधन में सभी ने यूपी मॉडल को सराहा है, नजीर माना है। जहां निवेशक आने से घबराते थे आज सर्वश्रेष्ठ निवेश गंतव्य हो गया है। और अब यह प्रदेश ईज ऑफ लिविंग में नम्बर एक बनने की ओर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली में निर्भया प्रकरण के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद उत्तर प्रदेश में किसी शहर को 'सेफ सिटी' बनाने का काम नहीं हुआ। वर्तमान सरकार गौतमबुद्ध नगर सहित 18 शहरों को सेफ सिटी बनाने पर काम कर रही है। अनुपूरक बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए सीएम ने 2015 प्रयागराज कुंभ से पहले अविरल गंगा-निर्मल गंगा का सपना पूरा होने का संकल्प भी साझा किया। उन्होंने कहा प्रयागराज कुंभ में पूरी दुनिया से लोग आये, और जो भी आया सुरक्षा, स्वच्छता और सुव्यवस्था को देखकर आश्चर्यचकित था। अब 2025 के प्रयागराज कुंभ के आयोजन का सुअवसर मिल रहा है। जनसहयोग से इसे ग्लोबल यूनीक इवेंट बनाया जाएगा। अनुपूरक बजट में प्रयागराज कुंभ के लिए भी अतिरिक्त बजटीय प्रावधान किए गए हैं। नीति आयोग द्वारा चिन्हित देश के 112 आकांक्षात्मक जिलों में यूपी के 08 जिलों की शानदार प्रगति से सदन को अवगत कराते हुए सीएम ने 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों की योजना और वहां लागू मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम के लिए अनुपूरक बजट के प्रस्ताव को जरूरी बताया। सड़क सुरक्षा के लिए जनजागरूकता को बढ़ाने पर भी बल दिया। सोमवार को यूपी सरकार ने विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन साल 2022-23 के लिए अनुपूरक बजट विधानसभा में पेश किया था। बजट में करीब ?3376954.67 लाख की अनुदान मांगों का प्रावधान है, जिसमें फरवरी में होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर समिट और प्रयागराज महाकुंभ के लिए भी बजट की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को चर्चा के बाद ये ध्वनिमत से पास हो गया।



**सपा विधायक को सवा घंटे के लिए सदन से बाहर निकाला**

मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही देर में हंगामा होने लगा। हालांकि, कुछ देर तक स्थगन के बाद ही फिर से कार्यवाही शुरू हुई और अनुपूरक बजट पर चर्चा हुई। इस दौरान सत्ता पक्ष व विपक्ष ने एक-दूसरे पर जमकर आरोप लगाए। विपक्ष के एक विधायक ने कहा कि सरकार सिर्फ घोषणाएं करती है। अनुपूरक बजट में भी यही किया गया है जबकि सच ये है कि पिछला बजट अभी तक खर्च ही नहीं हो सका है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि सिर्फ घोषणाएं करने से प्रदेश का विकास नहीं हो सकता है। वहीं, विधायक अतुल प्रधान द्वारा नियमों के विपरीत सदन की कार्यवाही का फेसबुक लाइव करने पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने नाराजगी जताई और उन्हें दोपहर एक बजे तक के लिए सदन से बाहर कर दिया। महाना ने पहले उन्हें पूरे शीतकालीन सत्र के लिए बाहर निकाला था लेकिन सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय और लालजी वर्मा के आग्रह पर अतुल प्रधान को दोपहर 1 बजे तक ही सदन से बाहर निकाला था।

**यूपी बन रहा है डाटा सेंटर का हब**

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते साढ़े पांच सालों में यूपी में 4 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ। यूपी डाटा सेंटर का हब बन रहा। 2015-16 में यहां का एक्सपोर्ट 50 हजार करोड़ था, आज 2021 में 1.56 लाख करोड़ का निर्यात हुआ।आज यूपी 6 एक्सप्रेस वे वाला पहला राज्य बन गया है और 07 पर काम चल रहा है। 2017 से पहले 03 एयरपोर्ट थे, आज 09 क्रियाशील हैं, 10 पर काम चल रहा है। सीएम योगी ने कहा, एक समय यूपी में चीनी मिल बंद हो रही थीं, वहीं यूपी की चीनी आज एक्पोर्ट हो रही है। साढ़े 5 वर्ष में गन्ना किसानों को 1.81 लाख करोड़ का भुगतान हुआ। इन सबने यूपी के विकास को गति दी है, लोगों में एक विश्वास भरा है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले गंदगी और अव्यवस्था यूपी के शहरों की पहचान थी, आज केंद्र सरकार 10 शहरों को स्मार्ट बना रही है तो प्रदेश सरकार ने 07 शहरों को स्मार्ट बनाने का काम कर रही है।

# मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि ईदगाह की सुरक्षा बढ़ी

**मथुरा।** आगामी त्योहारों और महत्वपूर्ण दिवसों को ध्यान में रखते हुए गौतम बुद्ध नगर जिले में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पांच दिसंबर से दो जनवरी तक धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा बिना अनुमति के जुलूस नहीं निकाला जाएगा। इससे पहले अखिल भारत हिंदू महासभा ने श्री कृष्ण जन्मभूमि परिसर-शाही ईदगाह मस्जिद मैदान में आज (6 दिसंबर, 2022) सुबह हनुमान चालीसा का पाठ करने का आह्वान किया था। इसके मद्देनजर मथुरा में विभिन्न स्थानों पर पुलिस बैरिकेडिंग की जा रही है और वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश पांडे ने कहा, 6 दिसंबर को अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा प्रस्तावित स्थल पर हनुमान चालीसा के पाठ सहित इस तरह के किसी भी कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए न तो कोई अनुमति मांगी गई और न ही दी गई। ऐसे किसी भी कार्यक्रम को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए और प्रतिबंधों का उल्लंघन करने वालों से गंभीरता से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा, हम मंगलवार के लिए इस तरह के आह्वान करने वाले संगठन और कार्यकताओं की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। किसी भी गैरकानूनी सभा को प्रतिबंधित करने वाली आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू होने के कारण किसी को भी निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**चौकस नजर**

**ड्रोन से निगरानी शुरू,नोयडा में भी धारा 144 लागू**

**पीएसी, राज्य पुलिस, यातायात पुलिस सहित पर्याप्त बल तैनात**



सोमवार शाम को जारी रिकॉर्डेड वीडियो बयान में मथुरा एसएसपी ने कहा कि 6 दिसंबर के मद्देनजर शहर को मंगलवार के लिए सेक्टर, जोन और सुपर जोन में निर्धारित किया गया है। एसएसपी ने तैनात कर्मियों की संख्या के बारे में अधिक जानकारी दिए बिना कहा, ह्लपीएसी, राज्य पुलिस और यातायात पुलिस सहित पर्याप्त बल तैनात किया जाना है, इसके अलावा खुफिया विभाग की टीमों को भी तैनात किया जाना है। धारा 144 सीआरपीसी के तहत निषेधाज्ञा लागू है और बिना अनुमति के किसी भी कार्यक्रम को रोकने के लिए मजिस्ट्रेट तैनात किए जा रहे हैं।




# आशीष मिश्रा समेत 13 आरोपियों पर आरोप तय

**लखनऊ।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया इलाके में हुई हिंसा के मामले में मुख्य आरोपी और केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। आशीष मिश्रा समेत 13 आरोपियों पर किसानों की हत्या का केस चलेगा। मामले में 16 दिसंबर से मामले का ट्रायल शुरू होगा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के विरोध में किसानों के प्रदर्शन के दौरान अक्टूबर, 2021 को हुई इस हिंसा में आठ लोगों की मौत हुई थी। पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के अनुसार, घटना में चार किसानों की एक एसयूवी से कुचल कर मौत हो गई थी, जिसमें आशीष मिश्रा बैठे हुए थे। दुर्घटना के बाद गुस्से से भरे किसानों ने वाहन चालक और भाजपा के दो कार्यकर्ताओं की कथित रूप से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों और विपक्षी दलों के प्रदर्शनों के बाद हुई हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हुई थी। हिंसा में मारे गए प्रदर्शनकारी केंद्र के उन तीन कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे, जिन्हें बाद में सरकार ने वापस ले लिया था। यूपी चुनाव के बाद आशीष मिश्रा जमानत पर बाहर आ गया था । जमानत पर आशीष मिश्रा की रिहाई का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और सर्वोच्च न्यायालय ने जमानत रद्द करते हुए ये केस इलाहाबाद हाईकोर्ट में नए सिरे से विचार के लिए भेज दिया था। इसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत याचिका रद्द कर दी थी।



# शंकराचार्य विवि के कुलपति नियुक्त हुए प्रो. सदानंद शाही

**वाराणसी।** बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रोफेसर सदानंद शाही को शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जुनवानी, भिलाई का कुलपति नियुक्त किया गया है। प्रदेश की राज्यपाल अनुसूईया उइके ने उनकी नियुक्ति की। राजभवन से जारी आदेश के अनुसार राज्यपाल सह कुलाध्यक्ष अनुसूईया उइके ने छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2005 की धारा 17 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रोफेसर सदानंद शाही को शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जुनवानी भिलाई का कुलपति नियुक्त किया है। सदानंद शाही का जन्म 7 अगस्त 1958 को कुशीनगर, उत्तर प्रदेश में हुआ। उनका परिचय एक कवि-आलोचक-संपादक के साथ ही एक प्राध्यापक और प्रशासक का भी है। उनके तीन काव्य-संग्रह प्रकाशित हैं। परंपरा और प्रतिरोध, दलित साहित्य की अवधारणा और प्रेमचंद और स्वयंभू शीर्षक से उनके तीन आलोचना ग्रंथ भी प्रकाशित हैं। इसके अतिरिक्त, उनका एक शोध-ग्रंथ अपभ्रंश के धार्मिक मुक्तक और हिंदी संत काव्य शीर्षक से प्रकाशित है। प्रो. सदानंद शाही साऊथ एशिया इंस्टिट्यूट हाईडेलबर्ग जर्मनी में फेलो रहे हैं और इटली के तूरिनो यूनिवर्सिटी में व्याख्यान और कविता पाठ के लिए आमंत्रित किए गए थे। उन्होंने फ्रैंक ई की कृति ए हिस्ट्री ऑफ हिंदी लिटरेचर का हिंदी अनुवाद भी किया है। उन्हें 10 खंडों में हरिऔध रचनावली का संकलन करने का भी श्रेय प्राप्त है। पत्रिका-संपादक के रूप में उन्होंने साखी, भोजपुरी जनपद, कर्मभूमि, दीक्षा आदि पत्रिकाओं के संपादन में योगदान किया है। प्रेमचन्द संस्थान की ओर से देवेन्द्र कुमार बंगाली की स्मृति में कविता सम्मान और साखी की ओर से केदारनाथ सिंह की स्मृति में कविता सम्मान शुरू करने की बड़ी पहल भी उनके नाम जाती है। वे साहित्य और समाज से जुड़े विभिन्न मसलों पर जनसंदेश टाइम्स समेत की समाचारपत्रों में निरंतर लिखते भी रहे हैं।

**नियुक्ति**

**बीएचयू में हिंदी विभाग में प्रो. रहे सदानंद शाही**



## सात साल के छात्र नासिर की अपहरण के बाद हत्या

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले में सात साल के छात्र नासिर की अपहरण के बाद हत्या की गई। अपहताओं ने 30 लाख रुपये की फिरौती मांगी थी। रामपुर बुजुर्ग गांव के पोखरे से शव को बरामद कर लिया। मामले में पिपरा मदनगोपाल गांव के आरोपित अजहरुद्दीन सूरज भारती निवासी शाहपुर बेलवा तथा अनीस अंसारी निवासी पिपरा मदन गोपाल को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों ने मोहल्ले में स्थित मजार के पास गुमटी पर अपहरण करने व फिरौती मांगने की सूचना चस्पा की है। पिता की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने शक के आधार पर एक युवक को हिरासत में लिया है। एसओजी युवक को साथ लेकर बच्चे के बरामदगी के लिए दबिश के लिए निकली थी। कृष्णा कालोनी के रहने वाले ईद मोहम्मद के पुत्र नासिर शहर के मालवीय रोड स्थित अंजुमन इस्लामिया में पढ़ाई करते थे। अपहरणकताओं ने चार दिसंबर को अपहरण कर लिया था। स्वजन बच्चे के खोने की शिकायत लेकर सदर कोतवाली में पहुंचे थे। बच्चे की काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला।

# टीएमसी प्रवक्ता साकेत गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट साकेत गोखले को गुजरात पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें गुजरात पुलिस ने राजस्थान के जयपुर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया है। साकेत गोखले की गिरफ्तारी की जानकारी टीएमसी के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने दी है। साकेत गोखले पर मोरबी हादसे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के बारे में फेक न्यूज फैलाने का आरोप है।वहीं साकेत गोखले को अहमदाबाद कोर्ट ले जाया गया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि यह विडंबना है कि एक पुल गिरने के बाद पीएम मोदी की मोरबी यात्रा पर एक ट्वीट के लिए उन्हें गिरफ्तार किया गया जबकि ओरेवा के मालिक मुक्त है।

टीएमसी के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने साकेत की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट कर बताया, ह्लसोमवार को साकेत ने नई दिल्ली से जयपुर के लिए रात 9 बजे की फ्लाइट ली। जब वह उतरा तो गुजरात पुलिस राजस्थान के हवाई अड्डे पर उसका इंतजार कर रही थी और मंगलवार को सुबह 2 बजे उसे उठाया। उसने अपनी मां को फोन किया और उन्हें बताया कि वे उसे अहमदाबाद ले जा रहे हैं और वह आज दोपहर तक अहमदाबाद पहुंच जाएगा। पुलिस ने साकेत को दो मिनट का फोन कॉल करने दिया और फिर उसका फोन और उसका सारा सामान जब्त कर लिया। डेरेक ओ ब्रायन ने लिखा मोरबी पुल के ढहने पर साकेत गोखले के ट्वीट के बारे में अहमदाबाद साइबर सेल में एक प्रायोजित मामला दर्ज किया गया है। यह सब तृणमूल कांग्रेस और विपक्ष को चुप नहीं करा सकता। भाजपा राजनीतिक प्रतिशोध को दूसरे स्तर पर ले जा रही है। बता दें कि साकेत गोखले ने बीते 1 दिसंबर को दावा किया था कि मोरबी पुल ढहने के बाद गुजरात में पीएम मोदी के मोरबी दौरे की व्यवस्था पर 30 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इसके लिए साकेत गोखले ने एक गुजराती अखबार का कटआउट ट्विटर पर पोस्ट किया, जिसमें आरटीआई के हवाले से दावा किया गया कि पीएम की मोरबी यात्रा के लिए सिर्फ कुछ घंटों के लिए 30 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे।

**कार्रवाई**

**मोरबी पुल पर अफवाह फैलाने का आरोप, डेरेक ओ ब्रायन ने साकेत की गिरफ्तारी की दी जानकारी**

## हैकर्स ने आईसीएमआर की वेबसाइट पर हमला किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली एम्स के सर्वर हैक करने का मामला अभी सुलझा भी नहीं था कि साइबर हैकर्स ने आईसीएमआर की वेबसाइट पर हमला किया है। एम्स के बाद साइबर हमलावरों ने भारत में अन्य स्वास्थ्य और अनुसंधान संगठनों की वेबसाइट और पेशेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम को टारगेट करना शुरू कर दिया है। सरकारी अधिकारी ने नाम न जाहिर होने देने की शर्त पर बताया कि 30 नवंबर को साइबर हैकर्स ने 24 घंटे की अवधि में आईसीएमआर यानी भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की वेबसाइट पर 6000 से अधिक बार हमला करने की कोशिश की।

आईसीएमआर की वेबसाइट पर अटैक करने वाले हमलावरों के विवरण के बारे में पूछने पर अधिकारी ने कहा कि आईसीएमआर की वेबसाइट पर ये हमले हांगकांग स्थित ब्लैक लिस्टेड आईपी एड्रेस 103.152.220.133 से किए गए थे।

# ईसाइयों को भी त्योहार मनाने का मिले मौका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने संसद के शीतकालीन सत्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश में हिंदुओं और मुसलमानों की तरह ईसाइयों को भी अपने त्योहार मनाने का मौका मिलना चाहिए। गौरतलब है कि संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू होगा और यह 29 दिसंबर को समाप्त होगा। इस सत्र में 17 बैठकें होंगी। इसी बीच ईसाइयों का त्योहार क्रिसमस भी 25 दिसंबर को होगा।

अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार से मांग है कि क्रिसमस को देखते हुए संसद सत्र की तारीख तय की जानी चाहिए। उन्होंने वर्तमान सत्र की तारीखों में बदलाव के सवाल पर कहा कि जैसे हिंदू और मुसलमानों का त्यौहार होता है वैसे ही किसमस का भी ध्यान रखना चाहिए। संसद के शीतकालीन सत्र में विपक्षी दलों ने महंगाई, बेरोजगारी, चीन से लगी सीमा की स्थिति, कॉलेजियम के मुद्दे से जुड़ा विषय केंद्र राज्य संबंध एवं संघीय ढांचे का विषय एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण पर अदालती फैसले सहित कुछ अन्य मुद्दों को उठाने एवं चर्चा कराने के लिये पर्याप्त समय देने की मांग की है। संसद सत्र से पहले सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें कांग्रेस, आप सहित 31 दलों के सदन के नेताओं ने हिस्सा। सरकार ने बैठक में आश्वस्त किया कि वह लोकसभा तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, बीजद, अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की अनुमति से नियमों के तहत विपक्ष के उठाये मुद्दों पर चर्चा कराने को तैयार है। बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, ह्देश में आज मुद्दे ही मुद्दे हैं और विपक्ष सदन में चर्चा और सिर्फ चर्चा करना चाहता है। उन्होंने कहा कि देश में मुद्दों की लम्बी सूची है जिसमें महंगाई और बेरोजगारी प्रमुख है। इसके साथ ही कॉलेजियम के विषय पर सरकार और न्यायपालिका के बीच जो स्थिति पैदा हुई है, वह भी एक विषय है। चौधरी ने कहा कि सरकारी प्रतिष्ठानों का कथित दुरूपयोग, केंद्र राज्य संबंध एवं संघीय ढांचे पर आघात से जुड़ा भी विषय है, जिसे हम उठाना चाहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि चीन से लगी सीमा पर क्या स्थिति है, इसके बारे में हमें सही ढंग से जानकारी नहीं दी जा रही है।

**बैठक**

**विपक्षी दलों ने संसद सत्र में महंगाई, बेरोजगारी, चीन सीमा की स्थिति जैसे मुद्दों पर चर्चा की मांग की**

# आज से बैठेगी देश की सबसे बड़ी पंचायत

**नई दिल्ली।** आज यानि बुधवार से सबसे बड़ी पंचायत बैठने जा रही है। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है। यह सत्र 7 दिसंबर से शुरू होकर 29 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान 17 बैठकें होंगी। इस सत्र में सरकार 16 संशोधित विधेयकर लेकर आएगी। इनमें सूचना एंव प्रौद्योगिकी संशोधित विधेयक 2022 महत्वपूर्ण होगा। संसद का शीतकालीन सत्र पुरानी संसद में ही होगा। नई संसद में अभी 70 फीसदी कार्य पूरा हुआ है। जल्द ही कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। माना जा रहा है कि अगले साल जनवरी के अंत में नई संसद में सत्र आयोजित होगा।

आगामी सत्र में राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग विधेयक भी पेश किए जाने की संभावना है। इस विधेयक में राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग की स्थापना और दंत चिकित्सक कानून, 1948 को निरस्त करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही राष्ट्रीय नर्सिंग आयोग संबंधी विधेयक भी पेश किए जाने की संभावना है जिसमें राष्ट्रीय नर्सिंग आयोग (एनएनएमसी) स्थापित करने एवं भारतीय नर्सिंग परिषद कानून 1947 को निरस्त करने का प्रस्ताव है। बहु-राज्यीय सहकारी समितियां (संशोधन) विधेयक, 2022 को सहकारी समितियों में शासन को मजबूत करने, पारदर्शिता व जवाबदेही बढ़ाने और चुनावी प्रक्रिया में सुधार के उद्देश्य से पेश किया जा रहा है। सत्र के दौरान छावनी विधेयक, 2022 पेश किए जाने की संभावना है। इस विधेयक के उद्देश्यों में छावनियों में ह्यह्यजीवन की सुगमता" को बढ़ाने का प्रस्ताव भी शामिल है। इस दौरान पेश किए जाने वाले विधेयकों की सूची में पुराना अनुदान (विनियमन) विधेयक, वन (संरक्षण) संशोधन विधेयक, तटीय जलकृषि प्राधिकरण (संशोधन) विधेयक आदि भी शामिल हैं।

शीतकालीन सत्र में कांग्रेस ने सरकार को घेरने की रणनीति पर 3 दिसंबर (शनिवार) को बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। शीतकालीन सत्र में विपक्षी दलों द्वारा उठाये जाने वाले कई मुद्दों में प्रमुख मुद्दा पूर्वी लद्दाख में चीन से लगी सीमा की स्थिति और जांच एजेंसियों के कथित दुरूपयोग का विषय है और इन मुद्दों पर सदन में टकराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

राहुल गांधी और कांग्रेस के कई नेता भारत जोड़ो' यात्रा में शामिल हैं, ऐसे में उनके सत्र में हिस्सा लेने की संभावना नहीं दिखायी देती है। संसद सत्र से पहले सरकार ने सोमवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, बीजद, आप सहित 31 दलों के सदन के नेताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने स्पष्ट कर दिया कि देश में आज मुद्दे ही मुद्दे हैं और विपक्ष सदन में चर्चा और सिर्फ चर्चा करना चाहता है।

**शीतकालीन सत्र**

**सरकार लाएगी 16 बिल, विपक्ष दो-दो हाथ करने को तैयार**

**विपक्ष ने बनाई सरकार को घेरने की रणनीति**



## टीआरएफ ने जारी की कश्मीरी पंडितों के 56 कर्मचारियों की हिट लिस्ट

**श्रीनगर।** केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। एक आतंकवादी समूह द्वारा कश्मीरी पंडित समुदाय के 56 कर्मचारियों की हिट लिस्ट जारी होने के बाद यह बैठक हुई है। बैठक में मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों अर्धसैनिक बलों और जम्मू-कश्मीर प्रशासन तथा पुलिस के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। एक अधिकारी ने बताया कि बैठक में जम्मू-कश्मीर के मौजूदा सुरक्षा हालात का जायजा लिया गया। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि यह सामान्य मासिक बैठक है जम्मू-कश्मीर प्रशासन के कुछ प्रतिनिधियों ने इसमें हिस्सा लिया। ऐसी खबरें हैं कि आतंकवादी समूह द्वारा कश्मीरी पंडित समुदाय के 56 कर्मचारियों की हिट लिस्ट जारी करने के बाद घाटी में काम करने वाले कश्मीरी पंडित समुदाय के लोगों में डर और घबराहट है।

# कर्नाटक और महाराष्ट्र सीमा विवाद हुआ तल्ख

**बेलगावी(कर्नाटक)।** कर्नाटक व महाराष्ट्र के बीच सीमा विवाद उग्र रूप लेने लगा है। मंगलवार को कर्नाटक के बेलगावी के बागेवाड़ी में प्रदर्शन के दौरान कर्नाटक रक्षण वेदिके के कार्यकताओं ने महाराष्ट्र के ट्रकों पर पथराव किया। इस मामले में पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है। उधर, तनाव की आशंका के चलते महाराष्ट्र के दो मंत्रियों ने बेलगावी दौरा निरस्त कर दिया। इस बीच, कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई ने कहा है कि राज्य और उसके लोगों के हितों की पूरी रक्षा की जाएगी। बागेवाड़ी में कर्नाटक रक्षण वेदिके के कार्यकताओं ने उन ट्रकों को रोका जिन पर महाराष्ट्र की नंबर प्लेट लगी थी। एक ट्रक पर पथराव किया गया। कार्यकताओं ने हाईवे पर धरना-प्रदर्शन भी किया। इस दौरान पुलिस ने कुछ को हिरासत में ले लिया। महाराष्ट्र के साथ बढ़ते सीमा विवाद के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने दोनों राज्यों की जनता से कहा है कि वे सद्भाव न बिगाड़ें।

**विवाद**

**राक्रापां अध्यक्ष शरद पवार ने दिया 24 घंटे का अल्टीमेटम**

**कर्नाटक में महाराष्ट्र के ट्रकों को रोका, पत्थरबाजी के बाद सीमा विवाद उग्र हुआ**

# कैश जमा करने आये बैंक कर्मी से 3.50 लाख की लूट

**लूट**

**बाईक सवार थे दोनों लुटेरे**

**एसपी यमुनापार समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुँचकर की जांच-पड़ताल**


लूट की घटना के बाद पूंछताछ करती पुलिस

करछना। मंगलवार की सुबह 10 बजकर दो सेकेंड पर करछना थाना के साधुकुटी चौराहे से महज 50 मीटर की दूरी पर करछना-रामपुर मार्ग पर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की करछना शाखा में 03 लाख 50 हजार रुपया बोलेरो से जमा करने पहुँचे उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक से रेडियंट सीएमएस अजित कुमार पांडेय निवासी भुंडा, करछना जैसे ही ड्राईवर गेट खोलकर बैग कंधे पर टांगे तभी दो बाईक सवार युवक पहुँचे और कैश से भरा बैग लेकर फरार हो गये। जिससे हक्का बक्का रह गये अजित की कुछ देर तक आवाज तक नही निकली। जब उन्होने पास खड़े बैंक कर्मियों व अन्य लोगो से घटना के बारे में बताया तब तक लुटेरे बैग लेकर नौ दो ग्यारह हो गये। जिसकी सूचना मिलते ही घटना स्थल पर एसपी क्राइम सतीश चंद्र, एसपी यमुनापार सौरभ दीक्षित, सीओ करछना अजित सिंह चौहान, प्रभारी निरीक्षक विश्वजीत सिंह, एसओजी प्रभारी राजेश उपाध्याय व यमुनापार प्रभारी रणजीत सिंह मौके पर पहुँचकर जांच पड़ताल में लग गये। वायरलैस से सूचना होने पर जगह जगह सम्बंधित थानों व चौकियों पर चेकिंग लगाया गया किंतु नतीजा जीरो रहा।जंहा देर शाम तक जुटे सीओ अजित सिंह चौहान व प्रभारी निरीक्षक करछना विश्वजीत सिंह समेत पुलिस टीम जगह जगह दूकानों पर लगाये गये दुकानदारों द्वारा सीसीटीवी कैमरों को खँगाला गया। जिसमें नकाबपोश दो युवक बाईक से बैग लिये देखे गये। जिनकी पहचान नही हो सकी। पीड़ित अजित कुमार पांडेय की तहरीर पर अज्ञात में करछना थाने में लूट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

## जमीनी विवाद को लेकर घर में घुस की मारपीट व तोड़ फोड़, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी रंजिश को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुस कर गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त कर पुआल में आग लगा दिए। और जान से मारने की धमकी भी दिए। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में चार को नामजद करते हुए एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जयसिंहपुर निवासी अरुण कुमार सिंह पुत्र शिवशंकर सिंह का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर उनके विपक्षी एक राय होकर घर में घुस कर उसे मार पीट कर लहुलुहान कर दिए तथा गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त कर पुआल में आग लगा दिए और जानवर छोड कर सब्जी के खेत को नष्ट करा दिए। अरुण कुमार सिंह ने मऊआइमा थाने में रघुराज सिंह, सतीश सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, दिव्यांशू सिंह तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। हालंकि दो दिन पूर्व रघुराज सिंह ने भी वादी सहित उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

# नगर पंचायत चुनाव : मनमाफिक उम्मीदवारों की तलाश में जुटे पुराने दावेदार

**चुनाव**

**आरक्षण सूची जारी होने के बाद दावेदारों को लगा झटका**




**बारा।** मनमाफिक आरक्षण के इंतजार में बैठे दो दर्जन दिग्गजों को शासन की तरफ से जारी की गई आरक्षण सूची ने तगड़ा झटका दिया है। आरक्षण सूची के मनमुताबिक नहीं होने के कारण चुनाव लड़ने की आस में बैठे दावेदारों ने अब अपने-अपने हिसाब से आरक्षण सूची को देखते हुए अपने-अपने उम्मीदवारों की तलाश तेज कर दी है। शासन की तरफ से जारी की गई आरक्षण सूची में नगर पंचायत शंकरगढ़ के चेयरमैन की सीट को अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित किया गया है, जबकि स्थानीय दावेदारों ने इस सीट के सामान्य होने का अनुमान लगाया था और उसी अनुमान के मुताबिक पिछले कई माह से अपनी चुनावी जमीन तैयार करने में लगे थे, लेकिन आरक्षण बदल जाने से अब वही दावेदार अपने मनमुताबिक अध्यक्ष पद का उम्मीदवार तलाशने में जुट गए हैं।

नगर पंचायत शंकरगढ़ के चेयरमैन की कुर्सी अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के खाते में जाने से दावेदारों की बेचैनी साफ-साफ देखी जा सकती है। नये उम्मीदवार की तलाश में जुटे दावेदारों का दबी जुबान से कहना है कि पहले से कोई अनुमान न होने के कारण अब अध्यक्ष पद के लिए कंडीडेट की तलाश करना मुश्किल हो रहा है, कहीं उम्र आड़े आ रही है तो कहीं पर कोई चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है।

अन्य पिछड़ा वर्ग महिला की सीट आरक्षित होने पर पूर्व चेयरमैन अनुपमा वैश्य पत्नी सचिन वैश्य, माया देवी पत्नी मसुरिया दीन वर्मा, सतीश विश्वकर्मा की माता कमलेश देवी, रंजना सिंह पत्नी दिनेश सिंह, शहजादी पत्नी महमूद अली, रेखा सोनी पत्नी कुलदीप वैश्य समेत तमाम कैंडिडेट टिकट की दावेदारी में जुट गए हैं।उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित यह सीट कई मायनों में बेहद अहम मानी जाती है। पिछली बार की तरह इस बार भी यहां सबसे अधिक चर्चा आरक्षण सूची पर हो रही है।

**नगर पंचायत के 12 वार्डों का आरक्षण**

नगर पंचायत शंकरगढ़ में कुल 12 वार्ड हैं। इसमें चिकान टोला को पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसी क्रम में चमरौटी टोला की सीट पिछड़ा वर्ग, गुड़िया तालाब को अनुसूचित जाति महिला, लाला का पुरवा को पिछड़ा वर्ग को दिया गया है। इसी तरह मोटियान टोला और धर्मनगर को अनुसूचित जाति के हवाले कर दिया गया है। जबकि मोदीनगर, पटेलनगर, सिंधी टोला और राजा कोठी की सीट अनारक्षित और हज्जी टोला और सदर बाजार को महिला के लिए रिजर्व किया गया है।

## संक्षेप

### कार सेवकों को श्रद्धांजलि दी गई

**सहसों।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की शाखा मेडुआ में 6 दिसंबर को हुए हमले में मारे गए कार सेवकों को श्रद्धांजलि दी गई। शाखा प्रमुख शिवा कांत पांडे ने दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शिवा कांत ने कहा की कार सेवकों पर अंधाधुंध गोलियां बरसा कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में श्री राम जी का भव्य मंदिर निर्माण उनके रक्त की एक एक बूंद का प्रतीक है। कोठारी बंधुओ का जिस निर्ममता के साथ हत्या की गई उसे कोई नही भूल सकता। इस अवसर पर मनोज त्रिपाठी, जिला संघ सह चालक इंजीनियर बद्री प्रसाद सिंह, महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख डॉक्टर प्रमोद गुप्ता, निर्मल पांडे, मंगल पटेल, अवकाश प्राप्त शिक्षक पूर्व जिला सह चालक ओम प्रकाश सिंह सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### लोक कल्याण के लिए संपन्न हुआ हवन कार्यक्रम



**सहसों।** शिव मंदिर रामनगर मेडुआ तालाब पर लोक कल्याण के लिए हवन कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई भक्त उपस्थित रहे। आदर्श शिक्षा सेवा समिति द्वारा आयोजित त्रयोदशी तिथि पर मंत्रोच्चार द्वारा वैदिक रीति से हवन कार्यक्रम संपन्न हुआ। समिति के प्रबंधक शिवा कांत पांडे के अनुसार प्रति माह त्रयोदशी तिथि पर भगवान भोलेनाथ की असीम अनुकम्पा से लोक कल्याण के लिए हवन कार्यक्रम किया जायेगा। इस अवसर पर आचार्य राधे श्याम पांडे, महंत अशोक कुमार शुक्ला, गौरव पांडे, हिमांशु पांडे, सत्यम पांडे, शुभम पांडे, मनोज त्रिपाठी, ग्राम प्रधान रामनगर मनीष गुप्ता, राम कैलाश, मंगल पटेल सहित क्षेत्र के कई लोग उपस्थित रहे।

### नगर निगम चुनाव के सम्बन्ध में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



**नवावगंज।** नगर निगम चुनाव के सम्बन्ध में भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं की एक बैठक वार्ड नं 39 में नवोदय चिल्ड्रेन एके-डमी हथिगहां में अयोजित की गई। बैठक में वार्ड प्रभारी ब्रजेश त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ब्रजेश त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा का हर बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ता है प्रत्याशी भले कोई हो उन्होंने नगर निगम चुनाव के सम्बन्ध में आगामी कार्यक्रमों के बारे में विधिवत जानकारी दी। इन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता अब चुनाव की तैयारी में जुट जाएं।इस अवसर पर मुख्य रूप से वार्ड अध्यक्ष ओंकार नाथ त्रिपाठी, महामंत्री राम आसरे मौर्या,मंडल महामंत्री रितुराज पाण्डेय, अशोक मिश्रा, धीरेन्द्र पाण्डेय, घनश्याम भट्ट, भाजपा नेता व सांसद मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, सिद्धू उपाध्याय, विनय शील मिश्रा, बीरेंद्र त्रिपाठी, राजू पाण्डेय, महेन्द्र पांडेय, राजेन्द्र मौर्या, तरुण पांडेय, अरुण पाण्डेय, आलोक पांडेय, मिथिलेश मौर्या, गुड्डू राजा आदि मौजूद रहे।

### लोक साहित्य हमारे पुरखों की थाती, इसे बचाना जरूरी : बेशरम



**करछना।** आधुनिक जीवनशैली की आपाधापी के बीच बदलते रागरंग में हमारे पुरखों की थाती रहे अपने लोक साहित्य को बचाना बहुत जरूरी है। इसी लोक साहित्य में रची बसी अपनी संस्कृति, संस्कार, लोक परम्पराओं की रागात्मकता हमारे समय, समाज, लोकजीवन और अतीत की अनमोल पूंजी है। एसीआईटी साधुकुटी में संस्थान के बच्चों को इसे सहेजने हेतु चर्चित हास्य कवि और आकाशवाणी दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रस्तोता अशोक बेशरम ने यह बातें कही। उन्होंने बताया कि यही लोक साहित्य अपने अतीत में सामाजिक रीति रिवाजों, किस्से कहानियों, लोकोक्तियों मुहावरों लोकगाथाओं, लोकनाट्य और लोकगीतों की परंपरा का संवाहक रहा है। अपने कर्मकाण्ड, जातिगीत, श्रमगीत, ब्रतगीत, मौसमगीत, संस्कार गीतों के लोकरंग हमारी असली जमीन और हमारे बुजुर्गों की विरासत है। आज के बदलते दौर में नयी पीढ़ी को चाहिए कि भटकाव से बच बचाकर, अपनी लोककथाओं, लोक भाषणों, लोकगाथाओं की उस परम्परा को अपने लोकजीवन से जोड़ते हुए लेखन और मंचन के माध्यम से अपनी सोंधीमाटी की महक से जुड़े। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ लोकगायक अवध नारायण यादव ने बच्चों को आज के बहकते वातावरण से सचेत करते हुए ओछे, अश्लील और घटिया गानों से बचने के साथ-साथ अपने लोकगीतों से जुड़ने के प्रति प्रेरित किया। बच्चों ने भी अपने गांवो में होली, फाग, कजरी, नौटंकी, रामलीला, खेल तमासा जैसी चीजों के साथ साथ अपने लोक साहित्य को संजोने का संकल्प लिया।

### कब्रिस्तान पर अवैध रूप से बने पक्का मकान को लेकर चार के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में अतिक्रमण करना आम बात हो गई है। कब्रिस्तान पर अवैध रुप से हुए कब्जे को प्रशासन ने बुलडोजर से सोमवार को ध्वस्त कर दिया गया। परन्तु अतिक्रमणकारियों ने पक्के मकान को न गिराने पर लेखपाल ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के सदरबाजार सहित अनेकों स्थानों पर अतिक्रमण किया गया है। जिससे आए दिन जाम के झाम में लोग फंसे रहते हैं।मोहल्ला मुस्तफाबाद में मनबढ अतिक्रमणकारियों ने दो बीघा कब्रिस्तान में से आठ बिस्वा पर कब्जा कर लिए थे। सोमवार को प्रशासन ने बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया। अब कब्रिस्तान में बने पक्के मकान को न गिराने पर अतिक्रमणकारियों मोहम्मद रमजान ,बकरीदी, शोएब पुत्रगण अब्दुल सत्तर तथा एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा लेखपाल राज कुमार सागर ने लोक सम्पति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मऊआइमा थाने में दर्ज करा दिया है ।

# बैग काटकर शातिरों ने उड़ाए दुल्हन के लाखों के गहने, पुलिस को तहरीर



**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के मेवालाल की बगिया चौराहे पर स्थित एक गेस्ट हाउस से बीते शुक्रवार को शादी के दौरान शातिरो ने मौका पाकर गहनों से भरा बैग काटकर लाखो के गहने उड़ा दिए। द्वारचार के दौरान किसी की नजर बैग पर पड़ी, तो हड़कंप मच गया। परिजनों ने इसकी काफी तलाश की लेकिन चोरों का कही पता नही चला। भुक्तभोगी के द्वारा घटना की तहरीर नैनी कोतवाली को दी गई। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार मेजा के रहने वाले राधेश्याम तिवारी परिवार समेत जयपुर में रहते है।उनके छोटे बेटे शुभम की शादी नैनी क्षेत्र के त्रिवेणी नगर निवासी रमेश ओझा की बेटी से 2 दिसंबर को मेवालाल की बगिया चौराहे के समीप स्थित एक गेस्ट हाउस से हो रही थी। राधेश्याम तिवारी ने गहनों से भरा बैग कंधे पर टांग कर रखे थे। बताते हैं, कि देर रात द्वारचार के दौरान किसी ने राधेश्याम को बताया, कि बैग कटा हुआ है। तो यह सुन कर सबके होश उड़ गए। गेस्ट हाउस का कोना कोना छानने के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला, तो भुक्तभोगी के द्वारा इसकी जानकारी नैनी कोतवाली को दी गई। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। परिजनों के अनुसार उक्त बैग में 2 लाख रुपए कीमती के गहने थे।

## घर से लापता बच्चे की तालाब में मिली लाश, मचा कोहराम


आदित्य सरोज (फाइल फोटो

**होलागढ़।** होलागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बभनपुर में एक बच्चे की लाश मिली जिसकी सूचना गांव वालों ने होलागढ़ पुलिस को दी। होलागढ़ थाना क्षेत्र के बभनपुर गांव में पिंटू सरोज का पांच वर्ष का पुत्र आदित्य सरोज घर पर सोमवार को खेल रहा था खेलते खेलते कही चला गया घर वालों ने उसे खोजने लगे तो नहीं मिला तो आसपास के लोगों ने भी मुझे ढूंढने लगे ढूंढते ढूंढते जब तालाब के पास उसकी लाश मिली गांव वालों ने उसकी सूचना थाना होलागढ़ को दिया घर वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

# एडी बेसिक के निरीक्षण में गायब मिले मास्टर साहब

**निरीक्षण**

**शासन के निर्देश पर की गई परिषदीय विद्यालयों की जांच**


विद्यालय का निरीक्षण करतीं एडी बेसिक तनुजा त्रिपाठी

**बारा।** शासन के निर्देश पर मंगलवार को एडी बेसिक तनुजा त्रिपाठी ने यमुनापार के बारा क्षेत्र के कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। एडी बेसिक के विकास खंड शंकरगढ़ क्षेत्र में आने की खबर मिलते ही हड़कंप मच गया। बीईओ समेत सभी विद्यालयों में तैनात अध्यापक अपने-अपने विद्यालयों में पहुंचकर व्यवस्था दुरुस्त करने में जुट गए। तकरीबन तीन घंटे तक एडी बेसिक क्षेत्र में रहीं। उनके जाने के बाद बेसिक के शिक्षकों और बीईओ ने राहत की सांस ली।

एडी (बेसिक) तनुजा त्रिपाठी ने मंगलवार को विकास खंड शंकरगढ़ के कंपोजिट विद्यालय फुलतारा, प्राथमिक विद्यालय जरखोरी के साथ ब्लॉक संसाधन केंद्र शंकरगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एडी बेसिक ने विद्यालय में शिक्षकों व बच्चों की उपस्थिति चेक की। कायाकल्प के तहत करवाए गए कार्यों, विद्यालय में उपलब्ध कराए गए संसाधन, मिड डे मील आदि का भौतिक मुआयना किया। जांच के उपरांत एडी बेसिक वापस लौट गईं।

इस मामले में एडी बेसिक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विद्यालयों में अनियमितता की शिकायत शासन से की गई थी। वह शासन के निर्देश पर जांच के लिए बीआरसी शंकरगढ़ आईं थीं। कंपोजिट विद्यालय फुलतारा समेत अन्य विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान कुछ शिक्षक गैरहाजिर मिले हैं, जिसकी जांच रिपोर्ट वह शासन को प्रेषित करेंगी। गैरहाजिर रहने वालों के खिलाफ आगे की कार्रवाई शासन के निर्देश पर बीएसए के द्वारा की जाएगी।

# शत्रु की जमीन पर हुए अवैध कब्जे पर चला बुलडोजर

**कार्यवाही**

**वारिसान का आरोप बिना सूचना के ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई**


अवैध कब्जे को हटाता जेसीबी

**मऊआइमा।** शत्रु की जमीन की पैमाइश आदि करने के बाद उसपर हुए निर्माण पर मंगलवार को प्रशासन ने बुलडोजर की कार्यवाही की तथा टीन शेड आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

मऊआइमा कस्बा के मोहल्ला बैरहना में स्थित एक कई बीघे का खाली प्लाट है। जिसे लेकर दो पक्षों में न्यायालय में मुकदमा बाजी हो रही है। इसके बावजूद भी कुछ वर्ष पूर्व आमिर महमूद आदि ने उक्त विवादित भू खंड को अब्दुल रशीद पुत्र वली मोहम्मद के नाम बैनामा कर दिया ।इसी भू खंड को आमिर महमूद आदि ने नसरीन बानों पत्नी मोहम्मद सलीम ,और तीसरे अंजुम आरा पत्नी गुड्डू के पक्ष में बैनामा कर दिया । आरोप है कि पुलिस प्रशासन को मिला कर अब्दुल रसीद ने एक माह पूर्व उसपर कब्जा कर लिए। तथा आमिर महमूद सहित उनके परिजन कई फ्राडिया और अन्य मामलों में मुकदमा दर्ज होने के कारण आमिर महमूद जेल में है। जबकि परिजन फरार हैं। बताते हैं कि उक्त भू खंड अब्दुल रऊफ पुत्र मासूम का है। जो आजादी के बाद पाकिस्तान चले गए। शिकायत पर तहसील महकमा हरकत में आया और पैमाइश आदि करके अब्दुल रसीद द्वारा किए गए कब्जे को मंगलवार को तहसीलदार ओमप्रकाश शुक्ला, नायब तहसीलदार, कानून गो, लेखपाल और स्थानीय थाने की फोर्स बुलडोजर लेकर अब्दुल रसीद के निर्माण को शत्रु की जमीन कह कर ध्वस्त कर जमीनदोज कर दिए। जबकि उक्त जमीन के अन्य दावेदारों का कहना है कि भले से रऊफ पाकिस्तान चले गए उन्हीं के हिस्से को शत्रु की जमीन घोषित होनी चाहिए। उनके हिस्से को क्यों शत्रु की जमीन घोषित करके ध्वस्त किया गया। उनका आरोप है कि बिना उनको नोटिस, सूचना दिए ध्वस्त करने को लेकर वह न्यायालय में जाएगें।

## महिला को चिढ़ाने पर जब महिला ने विरोध किया तो उसे मारा पीटा मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** महिला को निःसंतान शब्द बोल कर चिढाने पर जब महिला ने आपत्ति की तो मारा पीटा गया। महिला ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम छाता डीह निवासनीय सीमा सिंह पत्नी दारा सिंह का आरोप है कि उसे बांज कह कर पडोसी चिढा रहे थे। बोलने पर उसे घसीट घसीट कर मारा पीटा और गालियां भी दी गई। सीमा सिंह ने मऊआइमा थाने में देवर ठाकुर सिंह ,देवरानी रेखा ,जीतेंद्र, विजय कुमार सरोज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# भारतगंज के चहुँमुखी विकास के लिए कृतसंकल्पित : आमिर


आमिर शकील टंकी

**माण्डा।** नगर पंचायत का चुनावी बिगुल बज चुका हूं वैसे ही प्रत्याशियों ने अपना प्रचार प्रसार जोरों पर शुरू कर दिया है। नगर पंचायत भारतगंज की सीट सामान्य महिला हो गई है जिससे जो प्रत्याशी कमर कसे थे उनका लड़ना कहीं न कहीं से गड़बड़ तो हुआ लेकिन लोग अपने ही परिवार में किसी को ही चुनाव लड़ाने के लिए तैयार हैं। जिस प्रकार राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय जो जर्जर अवस्था में है उसको जमीन दान की और महिला चिकित्सालय को भी जमीन दी व जिस दलित बस्ती में आज तक पानी के लिए लोग तरसते रहें किसी ने कभी भी ध्यान नहीं दिया उन सब को बिना किसी स्वार्थ से ऐसे कार्यों के प्रति निष्ठावान रहें समाजसेवी आमिर शकील टंकी ने कहा यदि जनता का समर्थन इसी प्रकार रहा तो चुनाव में सफलता जरूर मिलेगी। सभासद अब्दुल हक अंसारी का कहना है कि जनता उसी का चुनाव करेंगी जो जनता के प्रति अपना शत प्रतिशत दे सके और गरीब शोषित वंचितों के लिए कार्य करें। अभी तक भारतगंज में कई चेयरमैन हुए लेकिन रोजगार के लिए कोई भी कार्य नहीं किया युवा अमन मिश्रा का कहना है कि जो भी युवाओं के रोजगार की बात करेगा उसी का समर्थन किया जायेगा। नगर पंचायत का चुनाव इस बार विकास पर होने वाला है न कर कि विरासत पर।


बाबा साहब डा०भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोग

# डा०भीम राव अम्बेडकर का परिनिर्वाण मनाया गया

**माण्डा।** भारतीय भीम सेवा समिति भीम सेना के तत्वावधान में क्षेत्रीय कार्यालय हड़िया माण्डा विधानसभा क्षेत्र मेजा इलाहाबाद में बाबा साहब डा०भीम राव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण श्रद्धांजलि सभा भीम सेना संस्थापक सनाउल्ला खान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें उपस्थित भीम सैनिकों को सम्बोधित करते हुए सनाउल्ला खान ने कहा कि बाबा साहब डा०भीम राव अम्बेडकर आजीवन समता मूलक समाज की स्थापना के लिए संघर्ष किया तथा संविधान लिखकर भारत देश को विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना दिया ऐसे बाबा साहब डा०भीम राव अम्बेडकर अछूत जातियों के उत्थान के लिए विभिन्न सामाजिक व राजनैतिक संगठन बना कर बहुजन समाज को एकजुट करके हुक्मरान बनाने की दिशा में संघर्ष किया और सफलता भी पाया आगे सनाउल्ला खान ने कहा कि बाबा साहब डा०भीम राव अम्बेडकर विश्व की महानतम डिग्रियाँ हासिल करके विश्व के विद्वानों में अपना स्थान सुरक्षित करके तमाम पत्र पत्रिकाओं का प्रकाशन किया तथा अछूत जातियों को उनका हक अधिकार दिलाया वह अपने अंतिम समय में बीमारी की अवस्था में होने के बावजूद भी बाबा साहब डा०भीम राव अम्बेडकर 5-6 दिसम्बर की रात को पुस्तक लिखते हुए इस दुनिया को अलविदा कह दिया तथा मरणोपरांत भी संदेश दिया कि शिक्षा बहुत जरूरी है। इस अवसर पर विशेष रूप से प्रेम शंकर कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा, बसंत लाल, राम आसरे पासी, खाजेमुद्दीन, रमाकांत भारतीय, अमर सिंह, भरत गौड़, बेचन लाल, सुरेश कुशवाहा, प्रमोद कुशवाहा सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# ओडीएफ प्लस मॉडल बनेंगी ग्राम पंचायतें : अब्दुल हसन


बैठक को संबोधित करते डीपीएम अब्दुल हसन

**करछना।** मंगलवार को विकास खंड के सभागार में आयोजित प्रयागराज के डीपीएम अब्दुल हसन व बलवीर यादव ने विकास खंड के कर्मचारियों एवं प्रधानों की एक बैठक में ग्राम पंचायतों को स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत ओडीएफ प्लस की शुरूआत की उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में जनसंख्या के आधार पर स्वच्छता के लिए कचरा गड्ढा प्रबंधन का निर्माण कराया जाएगा जिसके तहत गांव घरों से निकलने वाले कूड़ा कचरा एक जगह एकत्रित कर उसे नष्ट करने तथा गांव को स्वच्छ बनाना हर एक जिम्मेदार व्यक्ति का कर्तव्य होता है जिसमें पंचायत स्तर पर इसे लागू कर गांव को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाया जाएगा जिसमें भारत सरकार द्वारा सर्वेक्षण ग्रामीण विकासखंड के द्वारा अच्छा प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रत्येक ग्राम पंचायत को सहभागी सत्यापन कराकर उन्हें उत्कृष्ट पंचायतों का दर्जा दिया जाएगा तथा गांव में तेजी से कार्य किए जाने के लिए उपस्थित पंचायत सचिवों एवं ब्लॉक कर्मियों तथा प्रधानों को विस्तृत जानकारी दी गई इस मौके पर एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा, अवतार किशन सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष, धीतेश तिवारी महा मंत्री प्रधान संघ करछना, खंड प्रेरक अतुल कुमार मिश्रा, दुष्यंत प्रताप सिंह, सचिव मनीष यादव, अमित यादव, आदित्य पौडवाल, संजीव श्रीवास्तव, अमरेश सिंह, राम रूप सिंह, राम सकल, अब्दुल बारी, सुर गंगा पांडे, प्रीति शुक्ला, कमल सिंह, राज कपूर गौतम, विनोद कुमार सहित प्रधान एवं ब्लाक कर्मी मौजूद रहें।

### नगर पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक

**मेजा।** मंगलवार को स्वयंबर वाटिका अमिलहवा मे नगर पंचायत सिरसा के आगामी नगर पंचायत चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की कामकाजी बैठक आयोजित हुई । बैठक में मुख्यरूप से जिलामंत्री राजेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष ज्ञान सिंह पटेल, सिरसा नगर चुनाव प्रभारी अमर चंद पटेल रहे । बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्यामराज ने किया । बैठक में मुख्य रूप से ,संजय केसरी, रतन केशरी,राजू केशरी पवन यादव सहित दर्जनों लोग रहे।



नगर निगम की ओर से जन समस्याओं पर जनसुनवाई करते अधिकारी



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 29.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.19 |
| सूर्यास्त : | 05.15 |

### क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आज

**मऊआइमा।** क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक बुधवार को विकास खंड मऊआइमा परिसर में आहूत की गई है। उक्त जानकारी ब्लाक प्रमुख अफसरुन निशां पत्नी इम्तियाज समी ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में विकास सम्बंधित चर्चा की जाएगी। उन्होंने सभी 92 बीडीसी सदस्यों को बैठक में भाग लेने की अपील की है।

# मेला की तैयारियों का मंडलायुक्त ने किया समीक्षा

## मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों का किया निरीक्षण, कार्यों में लापरवाही बरतने पर मंडलायुक्त ने लगाई फटकार

**प्रयागराज।** माघ मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर अधिकारियों द्वारा कराए जा रहे कार्यों का समीक्षा तथा निरीक्षण मंगलवार को मंडलायुक्त ने किया। निरीक्षण के दौरान धीमी गति से हो रहे कामों पर मंडलायुक्त ने अधिकारियों को फटकार भी लगाई। लोक निर्माण विभाग द्वारा मोरी एवं त्रिवेणी मार्ग पर कराए जा रहे सड़क निर्माण के कार्यों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाए जाने पर अधिशासी अभियंता को फटकार लगाई तथा सभी कार्यों को 20 दिसंबर तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। दलदल वाले स्थानों पर मैन पावर बढ़ाकर कार्य को शीघ्र पूरा कराने को कहा।

जल निगम द्वारा पाइप बिछाने का कार्य उचित गहराई में मानक के अनुरूप किया जा रहा है या नहीं यह सुनिश्चित करने के दृष्टिगत कार्यों का सत्यापन थर्ड पार्टी एजेंसी से कराने के निर्देश दिए। कार्य अधोमानक पाए जाने पर कटौती की जाएगी। इस वर्ष 500 बेड की डॉरमेट्री की भी व्यवस्था की गई है जो 6 जनवरी से 26 जनवरी तक रहेगी। विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा विभिन्न सेक्टरों में विशेष स्टॉल्स भी लगाए जाएंगे जो उस विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जनमानस में जागरूकता फैलाएंगे।

सभी वेंडिंग जोंन में एकरूपता दिखाई पड़ेगी, हर सेक्टर में एलईडी लगाई जाएगी जिस पर पौराणिक कथाओं के साथ-साथ सरकारी स्कीम से संबंधित जानकारी तथा सभी संबंधित अधिकारियों के फोन नंबर डिस्प्ले किए जाएंगे। पूरे मेले में 10 फैसिलिटेशन सेंटर बनाए जाएंगे जहां से कोई भी मेला संबंधित जानकारी ले सकेगा।

माघ मेला 2022-23 को सकुशल एवं निर्विघ्न ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु मेला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत द्वारा की गई। उन्होंने मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक जानकारी ली तथा बैठक के पश्चात मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण किया।



मेले की तैयारियों का निरीक्षण करते मण्डलायुक्त

लोक निर्माण विभाग द्वारा मोरी एवं त्रिवेणी मार्ग पर कराए जा रहे सड़क निर्माण के कार्यों का निरीक्षण करते हुए काम की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाए जाने पर मंडलायुक्त ने अधिशासी अभियंता को फटकार लगाई तथा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सभी कार्यों को 20 दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला क्षेत्र के जिन भी स्थानों में दलदल की समस्या है वहां पर मैन पावर बढ़ाकर कार्य को शीघ्र पूरा कराने को भी कहा है।

साथ ही जल निगम द्वारा पाइप बिछाने का कार्य उचित गहराई में मानक के अनुरूप किया जा रहा है या नहीं यह सुनिश्चित करने के दृष्टिगत कार्यों का सत्यापन थर्ड पार्टी एजेंसी से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया के यदि सत्यापन के पश्चात पाइप बिछाने का कार्य अधोमानक पाया जाता है तो जल निगम के बिल से कटौती की जाएगी।

6 जनवरी 2023 को पौष पूर्णिमा के स्नान से प्रारंभ होने वाला माघ मेला इस वर्ष 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान के साथ समाप्त होगा। इस वर्ष अन्य व्यवस्थाओं के साथ-साथ तीर्थयत्रियों के रहने हेतु एक 500 बेड की डॉरमेट्री की भी व्यवस्था मेला प्रशासन द्वारा की गई है जो 6 जनवरी पौष पूर्णिमा से लेकर 26 जनवरी बसंत पंचमी के स्नान तक रहेगी। इस वर्ष भी पूर्व की भांति मेला क्षेत्र को पूर्णताः प्लास्टिक फ्री रखा जाएगा। इसके अतिरिक्त इस वर्ष विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा विभिन्न सेक्टरों में विशेष स्टॉल्स भी लगाए जाएंगे जो उस विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में जनमानस में जागरूकता फैलाएंगे।

मुख्य आकर्षण के रूप में इस वर्ष सभी वेंडिंग जोंन में एकरूपता दिखाई पड़ेगी जो की एक थीम पर सजाए जाएंगे। इसी क्रम में हर सेक्टर में एलईडी लगाई जाएगी जिस पर पौराणिक कथाओं के साथ-साथ सरकारी स्कीम से संबंधित जानकारी तथा सभी संबंधित अधिकारियों के फोन नंबर डिस्प्ले किए जाएंगे। साथ ही पूरे मेले में 10 फैसिलिटेशन सेंटर बनाए जाएंगे जहां से कोई भी मेला संबंधित जानकारी ले सकता है। बीते वर्षों से सीख लेते हुए बेहतर मोबाइल सिग्नल हेतु अधिक मात्रा में काऊ टावर्स भी लगाए जाएंगे।

## संक्षेप

### कमिश्नरेट प्रणाली लागू होते ही एक्शन में आई पुलिस



**प्रयागराज।** सोमवार कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद सख्त हुई,पुलिस प्रशासन पुराने शहरों में गश्त करते नजर आए पुलिस अधिकारीगण 6 दिसंबर सोमवार को प्रातःकाल से पुलिस अधिकारियों पैदल गश्त करते हुए दिखे। अधिकारियों का कहना है कि हमारी पहली प्राथमिकता अपराध करने वाले अपराधियों पर अंकुश लगाना शहर में अमन चैन शांति कानून व्यवस्था बरकरार रखना है। उसी के मद्देनजर आज सुबह से ही पुराने बस्ती विशेष तौर पर पैदल मार्च पुलिस प्रशांसन नजर आई। यह पैदल मार्च कोतवाली से शुरू होते हुए चौक घंटाघर,जीरो रोड, चंद्रलोक सिनेमा, बहादुरगंज, लोकनाथ सेवई मंडी, नखास कोना रोशन बाग,अटाला, करेली तक किया गया। इस मार्च में रैपिड एक्शन फोर्स सीओ प्रथम सत्येंद्र कुमार तिवारी,सीओ सेकंड संजय कुमार सिंह कोतवाली इंचार्ज अमर सिंह रघुवंशी घंटाघर चौकी इंचार्ज सुमित श्रीवास्तव, बहादुरगंज चौकी इंचार्ज आकाश सचान एसएसआई मुदित राय थाना थाना प्रभारी अश्वनी कुमार सिंह खुल्दाबाद थाना इंचार्ज अनुराग शर्मा थाना अध्यक्ष अतरसुइया पुलिस बल भारी संख्या में दिखे।

### आंगनवाड़ी केंद्र का ताला तोड़ सामान उठा ले गए चोर



**लालगोपालगंज।** मंसूराबाद क्षेत्र स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में चोरों ने ताला तोड़कर अलमारी में रखी पत्रावली, खिलौना और नाप तौल की मशीन उठा ले गए। कार्यकत्री ने पुलिस चौकी में देकर कार्रवाई करने की मांग किया है। नवाबगंज थाना के फतेहपुर कायस्थान ग्राम पंचायत आंगनवाड़ी केंद्र में सोमवार की रात चोरों ने दरवाजे का ताला तोड़कर अलमारी में रखा सारा सामान उठा ले गए। आंगनवाड़ी कार्यकर्ती संगीता देवी ने बताया कि 1998 से रखा पुरानी पत्रावली, बच्चों के खेलने का सामान और नापतोल की मशीन, सहित सरकार द्वारा भेजे गए बच्चों का सामान गायब मिला। मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा कि आंगनवाड़ी केंद्र का ताला टूटा है।जानकारी कार्यकत्री संगीता देवी को हुई तो 112 नंबर डायल कर पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल किया, और इसकी शिकायत संबंधित थाने को देने की बात कही। क्षेत्र के पुलिस चौकी मंसूराबाद में भी चोरी की सूचना दी गई है। बगल में शौचालय का भी ताला चोरों द्वारा तोड़ा गया था। आंगनवाड़ी केंद्र के सामने ही शराब का ठेका है यहां पर आए दिन चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। बगल मे उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर कायस्थान में कई बार चोरी की घटना हो चुकी है।

### एसजीडी पब्लिक स्कूल करनाईपुर में हुई खेलकूद प्रतियोगिता



**करनाईपुर।** स्थानीय बाजार में स्थित एस जी डी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया जैसे बाल कलेक्टिंग गेम, बैलून पार्किंग गेम, बाल बैलेंसिंग गेम, बोरा रेस, लेमन और स्पून संतुलन रेस, रस्साकशी गेम, दौड़ प्रतियोगिता आदि गेमों में स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें रेड एवं ब्लू दो ग्रुप बनाए गए थे। जिसमें रेड ग्रुप प्रथम और ब्लू ग्रुप सेकंड स्थान पर रहा। इन खेलों के समापन पर स्कूल के डायरेक्टर धनंजय केसरवानी ने अपने वक्तव्य में कहा कि बच्चों को समय समय से शिक्षा के साथ खेलकूद की प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास होता रहे। इस मौके पर स्कूल के सहयोगी अध्यापक रामपाल, प्रीति, श्वेता, अंजली यादव, अंजली सिंह, सरोज, योगेश, राजकुमार, उज्जवला, दीपक, सीता आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

### फूलपुर में दिवंगत सभासदों की याद में बनी स्मृति दीवार

**फूलपुर।** फूलपुर नगर पंचायत कार्यालय में मंगलवार को दिवंगत सभासदों की याद में बनी स्मृति दीवार का अनावरण किया गया। दिवंगत सभासद पवन केसरी व मोहम्मद शमीम हवाईदार के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए भाजपा नेता सुरेश चंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि नगर पंचायत के दिवंगत सभासद पवन केसरी व मोहम्मद शमीम हवाईदार का स्वभाव समाज के हित में कार्य करने वाला था। उन्होने कहा कि शरीर दिवंगत होने पर भी ब्यक्ति अपने नेक कार्यों की बदौलत स्मरणीय रहता है। स्मृति दीवार स्थापना के संयोजक राय साहब ने कहा कि नगर पंचायत के ऐसे सभासदों के तैलचित्रों दीवार पर लगाया जा रहा है जिन्होंने अपना कार्यकाल पूर्ण नही किया और असमय उनका निधन हो गया। इस दौरान दीवार पर स्व. पवन केशरी व मो.शमीम हवाईदार के तैल चित्र को स्थापित कर उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का कुशल संचालन अनिल मौर्या ने किया। मौके पर अमीना बेगम, मो. सईद, मो. वसीम, सभासद बलवंत मौर्य, अजय मौर्य, अखिलेश यादव, सत्यम केशरी, राजेश गुप्ता, अजय केशरी, शमशाद खान, अरशद उल्ला, रमेश गौतम, राम करन मौर्य, आलोक गुप्ता, राजकुमार कश्यप, सर्वेश मौर्य, मन्नू सिंह, जीतलाल बिंद, गुलाम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने हर घर नल योजना कार्यों की किया प्रगति समीक्षा

**समीक्षा**

**कनेक्शन दिए जाने की प्रगति धीमी पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मेसर्स एलएनटी को कार्यों में तेजी लाये जाने के दिए निर्देश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने मंगलवार को जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल योजना के कार्यों की प्रगति के सम्बंध में संगम सभागार में बैठक करते हुए हर घर नल योजना के तहत कनेक्शन दिए जाने की प्रगति धीमी पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मेसर्स एलएनटी को 3 दिवस के अंदर कनेक्शन दिए जाने के कार्य में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ मशीनों की भी संख्या बढ़ाये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने योजना के तहत कार्य कर रहे श्रमिकों का भुगतान भी समय से सुनिश्चित करते रहने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिशाषी अभियंता जल निगम को क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर कार्यों का अनुश्रवण करते रहने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, जल जीवन मिशन के क्वार्डिनेटर सहित जल निगम एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उमरे मुख्यालय में साप्ताहिक संरक्षा एवं समयपालन समीक्षा बैठक आयोजित

**बैठक**

**लॉन्च किया गया आई आर पी एस एम वर्क्स मॉनिटरिंग मॉड्यूल**



बैठक की अध्यक्षता करते उमरे महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** मंगलवार को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे सतीश कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक संरक्षा और समयपालन समीक्षा बैठक के दौरान 'आईआरपीएसएम वर्क्स मॉनिटरिंग मॉड्यूल' लॉन्च किया गया। बैठक में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय के सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष और मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज, मंडल रेल प्रबंधक, झांसी और अपर मंडल रेल प्रबंधक, आगरा सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुए.

इंडियन रेलवे प्रोजेक्ट्स सैंक्शन्स एंड मैनेजमेंट एक वेब-आधारित एप्लिकेशन है। इसके माध्यम से क्षेत्रीय रेलवे और प्रोडक्शन यूनिटें अपने नए कार्यों तथा चल रहे कार्यों में मॉडिफिकेशन के प्रस्ताव को ऑनलाइन रूप से बनाने एवं रेलवे बोर्ड को वर्क्स प्रोग्राम, पिंक बुक एवं अन्य स्वीकृति पुस्तको में समाहित करने के लिए प्रेषित करने की भेजते हैं। यह आईआरपीएसएम वर्क्स मॉनिटरिंग मॉड्यूल उन कार्यों की निगरानी के लिए है जो बंद होने के लिए लंबित हैं। निष्पादन एजेंसी इस मॉड्यूल का प्रयोग कर सकती हैं और इसपर तदनुसार टिप्पणियों को जब भी आवश्यक हो, अद्यतन किया जा सकता है। इस मॉड्यूल का उपयोग करके 100% और 90-99% भौतिक प्रगति वाले कार्यों की निगरानी की जाएगी। बैठक के दौरान बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण कार्यों के साथ-साथ विभिन्न सुरक्षा और समयपालन मुद्दों पर चर्चा की गई। ज्ञात हो कि यह मॉड्यूल उत्तर मध्य रेलवे के आई टी सेल द्वारा आंतरिक रूप से विकसित किया गया है।

बैठक के दौरान आधारभूत संरचना के सुदृढीकरण के कार्यों के साथ विभिन्न संरक्षा और समयपालन मुद्दों पर चर्चा की गई।

## उमरे मुख्यालय में मनाया गया डॉ भीमराव अम्बेडकर का 67वाँ महापरिनिर्वाण दिवस



डॉ. भीमराव को श्रद्धांजलि अर्पित करते उमरे महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** मंगलवार को 10:30 बजे उत्तर मध्य रेलवे, मुख्यालय के अरावली सभाकक्ष में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर का 67वाँ महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर महाप्रबंधक महोदय, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज श्री सतीश कुमार ने सर्वप्रथम बाबा साहेब को श्रद्धांजली अर्पित की। तत्पश्चात अपर महाप्रबंधक सी. पी. गुप्ता सहित सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजली अर्पण कर श्रद्धांजली अर्पित की।

इस अवसर पर महाप्रबंधक सतीश कुमार ने बाबा साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुये बताया कि बाबा साहेब के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है कि हम अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें तथा सच्चाई का अनुसरण कर समाज सेवा करते रहें । बाबा साहेब के आदेशों एवं निदेशों का अनुपालन करना ही बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजली होगी। अन्य वक्ताओं में श्री दिनेश कुमार, जोनल कोषाध्यक्ष, श्री लालसा राम, जोनल सचिव, अखिल भारतीय रेल कर्मचारी अनुसूचित जाति/जनजाति एसोसिएशन आदि ने बाबा साहेब भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर अपने विचार रखते हुए उन्हे नवजागरण का अग्रदूत, समतामूलक समाज का निर्माणकर्ता और आधुनिक भारत का शिल्पकार बताया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार कुलश्रेष्ठ, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी/नि. एवं औ.स. द्वारा किया गया। अन्त में सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## जन समस्याओं पर सुनवाई कर मामलों का किया निस्तारण

**प्रयागराज।** नगर निगम की ओर से मंगलवार को जन समस्याओं पर सुनवाई कर मामलों का निस्तारण किया गया। मंगलवार सुबह 10:00 से अपरान्ह 2:00 बजे तक नगर आयुक्त उनके अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा नगर क्षेंत्र नागरिकों की जन समस्याओं पर सुनवाई हुई। जिसमें 31 शिकायतों का निस्तारण किया गया। जनसुनवाई बैठक के दौरान अरविन्द कुमार राय, अपर नगर आयुक्त, पी0के0द्विवेदी जन सम्पर्क अधिकारी/मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, जोनल अधिकारी संजय ममगई पर्यावरण अभियन्ता उत्तम वर्मा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, अधिषाशी अभियन्ता ए0के0 सिंह, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत तथा सहायक अभियन्ता विद्युत स्वप्निल जैन, आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## सिविल लाइन्स पुलिस ने गांजा तस्कर को दबोचा



गांजे के साथ पुलिस की गिरफ्त में तस्कर

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस पुलिस ने गश्त के दौरान मंगलवार की शाम एक गांजा तस्कर को धर दबोचा है। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम और पता मुंशी पटेल प्रतापगढ़ कचहरी का रहने वाला बताया है। जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़ कचहरी के पास रहने वाला मुंशी पटेल बनारस से गांजा लेकर प्रयागराज पहुंचा। वह रोडवेज बस के पीछे प्रतापगढ़ जाने के लिए किसी वाहन का तलाश कर रहा था तभी गश्त पर निकले सिविल लाइंस वीरेंद्र सिंह की नजर पड़ी तो उससे पूछताछ करना शुरू कर दिया। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से कब्जे से 9 किग्रा 900 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

## पुलिस ने प्रेमी युगल को फाफामऊ जंक्शन पर से लिया गिरफ्त में

**फाफामऊ।** मध्य प्रदेश विदिशा जिले के घर से भागे प्रेमी युगल को मंगलवार को एमपी पुलिस के लोकेशन पर फाफामऊ पुलिस ने फाफामऊ जंक्शन से प्रेमी युगल को अपने कब्जे में ले लिया। देर रात प्रेमी युगल से पूछताछ कर एमपी पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक एक सप्ताह पहले विदिशा एमपी के रहने वाले एक प्रेमी युगल घर से भाग निकले थे। जिस पर प्रेमिका के घर वालों ने पुलिस थाने में मुकदमा दर्ज किया था। मंगलवार को फाफामऊ जंक्शन पर बैठकर किसी ट्रेन के इंतजार कर रहे थे तभी एमपी पुलिस उनके मोबाइल नम्बर को ट्रेस कर लोकेशन फाफामऊ पुलिस को दिया। जिस पर फाफामऊ जंक्शन पर से पुलिस ने दोनों प्रेमी युगल को गिरफ्त में लेकर पूछताछ कर देर रात एमपी पुलिस को सौंप दिया।

## कोटेदार द्वारा प्रधान को रंगदारी न देना पड़ा महंगा

**न्याय की गुहार**

**प्रधान ने कोटेदार को जम कर लाठी डंडे से पीट कर किया घायल**

**भुक्तभोगी कोटेदार ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की लगाई गुहार**

**मेजा।** क्षेत्र के अटखरिया के कोटेदार द्वारा प्रधान को रंगदारी न देना महंगा पड़ गया। ग्राम प्रधान ने सोमवार को कोटेदार को लाठी डंडे से जम कर पीटा। भुक्तभोगी कोटेदार ने कोतवाली मेजा में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत पर पुलिस ने भुक्तभोगी को मजरूबी चिट्ठी बनाकर मेडिकल जांच के लिए भेज दिया।

गौरतलब हो कि विकास खण्ड उरुवा के अटखरिया गाँव के कोटेदार शैलेन्द्र कुमार तिवारी पुत्र स्व मोहन लाल तिवारी ने मेजा कोतवाली में लिखित तहरीर देकर शिकायत की है कि गांव के ही ग्राम प्रधान ने अपने घर बुलाकर कहा कि दस हजार रुपए प्रतिमाह हमारा कमीशन होता है क्यों नहीं दे रहे हो। जब मैंने विरोध किया कि मैं कहाँ से दूंगा इतना कहते ही ग्राम प्रधान अनिल यादव,दिलीप यादव, सुशील यादव पुत्रगण मातामनी यादव ने असलहा से लैश होकर लाठी डंडे से मारना पीटना शुरू कर दिया,शोर गुल सुनकर आस पास के लोग मौके पर जुट गए और मैं अपनी जान बचाकर किसी तरह भाग निकला। मार पीट में हमको सर और पीठ सहित अंदरूनी गंभीर चोटें आई हैं। भुक्तभोगी कोटेदार ने पुलिस से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने भुक्तभोगी को मेडिकल जाँच के लिए अस्पताल भेज दिया है।

## भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**फाफामऊ।** बाजार फाफामऊ स्थित गंगा कांप्लेक्स में एक सप्ताह पूर्व से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महोत्सव का समापन मंगलवार को भंडारे होने के साथ हुआ। श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन मथुरा से कथा वाचक राधाकांत गोस्वामी जी ने कथा श्रोताओं को धन्यवाद देते हुए कथा का समापन किया। कथा श्रोताओं ने कथा वाचक का धूमधाम से विदाई की। तदुपरांत कथा के यजमान त्रिलोकी नाथ अग्रवाल, मंजू अग्रवाल ने भव्य भंडारे का आयोजन किया जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में गौरव अग्रवाल, राम अग्रवाल, शशि अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, मुकेश केसरवानी, भूपेश केशरवानी, तनु अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें।

## एलएलएम दाखिले में भारी अनियमितता पाए जाने पर छात्रों में आक्रोश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्व विद्यालय में छात्रसंघ भवन पर छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर चल रहे छात्रसंघ संयुक्त संघर्ष समिति के अजय यादव सम्राट के अगुवाई में जारी आंदोलनरत छात्रों ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संगठक कालेज सीएमपी डिग्री कॉलेज विधि संकाय में ओबीसी वर्ग के साथ भेदभाव व दाखिले में भारी अनियमितता पाई गई एलएलएम में जहा जनरल की कट ऑफ 153 तथा ओबीसी की कट ऑफ 156 निर्धारित किया गया था जिसके चलते आज सीएमपी के प्रचार डॉ अजय खरे को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया जिस तरीके से ओबीसी वर्ग के छात्रों के साथ उनके अधिकार को छीनने का प्रयास किया गया इसको लेकर छात्रों में व्याप्त आक्रोश है पूरे दाखिले को निरस्त कर के नए सिरे से एलएलएम में दाखिला कराया जाए जिससे कि ओबीसी, एससी, एसटी, व गरीब श्रवण के साथ न्याय हो सके।



ज्ञापन सौंपते छात्र

छात्र नेता अजय यादव सम्राट ने कहा की सीएमपी के प्राचार्य डॉ अजय खरे, डॉक्टर अजय प्रताप सिंह, डॉक्टर उपरेंदु मिश्रा, के खिलाफ महामहिम राष्ट्रपति, शिक्षा मंत्रालय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग महामहिम राज्यपाल से लिखित शिकायत भी करूंगा और मिलने का समय भी मांगुगा। इस मौके पर छात्र नेता विजय कांत यादव, अरिंद्र कुशवाहा, हरेंद्र यादव, राहुल पटेल, शक्ति प्रताप राय, मुबाशिर हारून, अभिषेक बघवा, आनंद सांसद, गौरव गोड, त्रयंबक नाथ, गोलू पासवान, मनजीत पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### प्रतिबंधित पशु के वध में अज्ञात पर केस

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के अकबरा गांव के समीप सोमवार की शाम नाले में एक प्रतिबंधित पशु मृत मिला था। अज्ञात लोगों ने मवेशी का वध किया था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। इसके बाद पुलिस ने वन दरोगा मोहम्मद रजा की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तस्करों की तलाश शुरू कर दी है।

### युवक ने किशोरी से की छेड़खानी

**कौशाम्बी।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के एक गांव में पड़ोसी युवक ने मोहल्ले की किशोरी के साथ छेड़खानी की। किशोरी ने छेड़खानी का विरोध किया तो आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। परिजनों को आपबीती बताते हुए देर शाम पीड़िता थाने पहुंची। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपित युवक घर छोड़कर फरार हो गया है।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को रौंदा, मौत

**हादसा**

**कोखराज के गिरसा चौराहा के समीप हुआ हादसा**

**कौशाम्बी।** कोखराज कोतवाली अंतर्गत गिरसा चौराहा के समीप बाइक सवार दो युवकों को सोमवार देर रात अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। हादसे में दोनों युवकों की घटनास्थल पर रही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतकों के परिवारीजनों को दिया। रोते विलखते पहुंचे परिजनों के समक्ष पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चरवा कोतवाली के सैयद सरावां गांव निवासी सचिन व नरेश दोनों सोमवार को कोखराज इलाके के दशरथपुर गांव एक मुंडन कार्यक्रम में गए थे। बताया जा रहा है कि वहां से देर रात वह बाइक में सवार होकर घर वापस जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक गिरसा चौराहा के समीप पहुंची कि किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर हादसे को अंजाम देने के बाद अज्ञात वाहन फरार हो गया। घायलों की चीख पुकार सुन आसपास रहे लोग पहुंचकर जब तक उन्हें इलाज के लिए ले जाते तब तक उनकी सांसे थम गई। लोगों की सूचना पर पहुंची सिंधिया पुलिस ने हादसे की जानकारी मृतकों के परिजनों को दिया। रोते विलखते परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घटना के बाद से मृतकों के परिवारीजनों का रो-रो कर बुराहाल रहा।



हादसे में मृत पड़े युवक

## फंदे से लटका मिला किशोर का शव

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली क्षेत्र के तन्ना पर गांव में किशोर का शव फंदे पर लटका मिला। किशोर की मां ने पड़ोसी पर हत्या का आरोप लगाया है। घटना से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है।

तन्ना पर निवासी विकास ;16द्ध पुत्र राममिलन हाईस्कूल का छात्र था। सोमवार रात वह खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो उसका शव फंदे पर लटक रहा था। मां ऊषा देवी का कहना है कि पड़ोसी युवक दीवार फांदकर भीतर घुस आया था। उसी ने हत्या कर शव फंदे पर लटका दिया है। अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## घरेलू कलह के चलते फांसी के फंदे पर झूला अधेड़

**कनैली,कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अमीना गोराजू गांव में मंगलवार की सुबह पारिवारिक कलह के चलते एक अधेड़ ने रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी ईह लीला समाप्त कर लिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अमीना गोराजू गांव निवासी अदालती सरोज पुत्र शिवपाल सरोज (50) का पिछले कुछ दिनों से अपनी पत्नी एवं बच्चों से घरेलू मामले को लेकर झगड़ा होता था। मंगलवार की सुबह भी घरेलू मामले को लेकर उसका अपनी पत्नी एवं बच्चों से जमकर विवाद हुआ था। विवाद होने के बाद घर के बच्चे स्कूल चले गए। पत्नी गांव में ही राशन की दुकान राशन लेने चली गई। घर में अकेला अधेड़ ने कमरे में रस्सी के सहारे फांसी लगा लिया। राशन लेने के बाद पत्नी वापस घर पहुंची तो पति को फंदे पर लटकता देख उसके होश फाख्ता हो गए। पत्नी की चीख पुकार सुन पास पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। इसी बीच किसी ने घटना की सूचना पश्चिम शरीरा पुलिस को दे दी। थाना प्रभारी पश्चिम शरीरा घटनास्थल पर पहुंच कर शव का नीचे उतरवा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर के बाबत थाना प्रभारी पश्चिम शरीरा रमेश पटेल बताया कि अधेड़ पिछले कुछ माह से मानसिक रूप से बीमार रहता था, इसी के चलते सुबह उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। बहरहाल कुछ भी हो घटना के बाद से मृतक के परिजनों में कोहराम का माहौल व्याप्त रहा।

### एसपी ने सुनी फरियाद, थानेदारों को कार्रवाई का निर्देश

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को अपने कार्यालय में जनसुनवाई की। इस दौरान 25 से अधिक लोग शिकायती पत्र लेकर पहुंचे। एसपी ने थानेदारों को सभी की समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया है। चेताया है कि बेपरवाही करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आधी अधूरी सड़क छोड़कर फरार हुआ ठेकेदार

**कौशाम्बी।** भड़ेसर.इचौली मार्ग के मरम्मत का आधा अधूरा कार्य छोड़कर ठेकेदार फरार हो गया है। आधी सड़क का पीसी कार्य कराने के बाद काम बंद करा दिया गया है। सड़क का निर्माण कार्य पूरा नहीं कराए जाने से स्थानीय लोगों में रोष है। लोगों ने सड़क को ठीक कराने की मांग की है।

# डीएम ने किया विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा

**समीक्षा**

**उद्यान निरीक्षक को प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत लापरवाही बरतने पर प्रतिकूल प्रविष्टि**

**कौशाम्बी।** कलक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों के साथ शासन की विकास प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समय से कार्यालय आने एवं फरियादियों की शिकायतों को सुनकर निस्तारित करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने.अपने कार्यालय को साफ.सुथरा रखने एवं सभी रजिस्टरों को व्यवस्थित ढंग से रख.रखाव व अपडेट करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने.अपने कार्यालय में भ्रमण रजिस्टर अवश्य रखें तथा आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत व गुणवत्तापूर्ण अवश्य सुनिश्चित किया जाय। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान मुख्य विकास अधिकारी को निर्मित करायी जा रही सड़कों की जॉच कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियंता, जल निगम को अधूरी पेयजल परियोजनाओं.टेवा एवं जाठी की विस्तृत आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को पूर्ण हो चुके कार्यों की जॉच कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने जिलापूर्ति अधिकारी को शेष रह गये यूनिटों की सीडिंग कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने मत्स्य अधिकारी को शेष रह गये तालाबों की मत्स्य पालन के लिए पट्टा की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही पाये जाने पर कार्यवाही की जायेंगी जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत लक्ष्य के सापेक्ष कम आवेदन बैंको को प्रेषित करने पर नाराजगी प्रकट करते हुए उद्यान निरीक्षक प्रमोद कुमार को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति न पाये जाने पर निलम्बित करने की कार्यवाही की जायेंगी। इसके साथ ही उन्होंने जिला उद्यान अधिकारी को चेतावनी जारी करने के निर्देश दियें। उन्होंने नवनिर्मित वन स्टॉप सेन्टर को शीघ्र हस्तान्तरित करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी को ऑपरेशन कायाकल्प के अन्तर्गत शेष रह गये कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को चिन्हित सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में रखने के निर्देश दियें। जिलााकारी ने सभी तैयारियॉ समय से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। वहीं मुख्यमंत्री आवास योजना व प्रधानमंत्री आवास योजनाए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, पेशन, छात्रवृत्ति, कौशल विकास मिशन, दुग्ध समितियों का गठन, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना एवं ओडीओपी सहित आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी सुजीत कुमार

# गोशाला में पेड़ की छाल खा रहीं गोवंश

**कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी के मुस्तफाबाद गांव की गोशाला में संरक्षित की गई गायें दुर्दशा का शिकार हैं। उनके लिए भूसे का इंतजाम नहीं है। भूख से परेशान गायें पेड़ की छाल नोचकर खाती हैं। आसपास के रहने वाले ग्रामीणों का आरोप है कि गोवंशों को तीन दिन में एक बार भूसा दिया जाता है। समय पर इलाज नहीं मिलने से मौत भी हो रही है। इसकी शिकायत के बाद भी पशु पालन विभाग के अफसर हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं।

मुस्तफाबाद गांव की अस्थायी गोशाला में 50 मवेशियों को संरक्षित करने की क्षमता है। इसके बावजूद यहां 75 गोवंशों को संरक्षित किया गया है। दो केयरटेकर देशराज और रघुनाथ की तैनाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि मवेशी बीमार हो जाते हैं तो समय पर उनका इलाज नहीं कराया जाता है। बीमारी के बाद तड़पकर मौत हो जाती है। महीने भर के भीतर पांच की मौत हो चुकी है। भूसे का भी इंतजाम नहीं है। तीन दिन में एक बार वो भी भूसा नहीं पैरा ;पुआल दिया जाता है। परिणाम है कि गोवंशों की सेहत खराब होती जा रही है। गायों की भूख का आलम यह है कि वह पेड़ की छाल तक नहीं छोड़ती हैं। हालांकि ग्राम प्रधान वीरेंद्र सरोज का कहना है कि गोशाला में सारी व्यवस्थाएं हैं।

## निकाय चुनाव को लेकर माफियाओं को चिंहित करने में जुटी खाकी

**कौशाम्बी।** निकाय चुनाव का बिगुल बजने के बाद पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। गांव से लेकर शहर तक की गतिविधि के साथ माफियाओं की भी पुलिस कुंडली बनाना शुरू कर दिया है। अपर पुलिस महानिदेशक प्रेम प्रकाश ने निकाय चुनाव से पहले भू.माफिया, शराब माफिया के साथ गो तस्करों की कुंडली बनाने का फरमान जारी किया है। एडीजी का फरमान आने के बाद पुलिस अधीक्षक ने सभी थानेदारों को बिन्दुवार माफियाओं का ब्योरा एकत्रित करने का फरमान जारी किया है। पुलिस अधीक्षक का निर्देश मिलते ही जिम्मेदारों ने माफियाओं की कुंडली बनाना शुरू कर दिया है। पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई से माफियाओं में खलबली मच गई है।

## नौ दिसंबर को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा शिवशक्ति यज्ञ

**बारा, कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी अंतर्गत स्थित कालका धाम मंदिर मुस्तफापुर कोरांव,मोहोद्दीनपुर में नौ दिसम्बर को कलश यात्रा के साथ शिव शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ होगा। उक्त आशय की जानकारी संजोजक ब्रम्हार्सि आचार्य धीरेंद्र जी महाराज प्रयागराज ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रतिदिन संगीत मय पावन श्री राम कथा एवं 18 दिसम्बर को विशाल भंडारे आयोजित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि लोग कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर संगीत मय भजन कीर्तन व आयोजित होने वाले भंडारे का प्रसाद जरूर ग्रहण करें।

# निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति का डीएम ने लिया जायजा

**कौशाम्बी।** मुख्यालय से सटे कादीपुर में निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने एकेडमिक बिल्डिंग, गर्ल्स एवं ब्वायज हॉस्टल आदि के निर्माण की प्रगति की निरीक्षण के दौरान कहा कि तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण कराने के लिए लेबरों की संख्या और बढ़ायी जाय। उन्होंने टाइल्स लगाने आदि का कार्य भी शीघ्र शुरू कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोनिवि. निर्माण खण्ड.वन, प्रयागराज के.के श्रीवास्तव को एक जेई को नामित करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता अवश्य सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में निर्माण कार्यों की प्रगति के निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यो को और तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दियें। उन्होंने ई.ओ मंझनपुर एवं सीएमएस को अस्पताल परिसर की साफ.सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता लोनिवि. हरवंश सिंह सीएमएस डॉ. दीपक सेठ, उप जिलाधिकारी प्रखर उत्तम एवं ई.ओ मंझनपुर सुनील मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।



निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते डीएम।

## प्रधान प्रतिनिधि से आजिज किसान, अफसरों से लगाई गुहार

**चायल, कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम चौराडीह में प्रधान प्रतिनिधि की कार्यशैली से त्रस्त किसानों ने मंगलवार को उपजिलाधिकारी चायल को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि ग्राम की तलाबी नंबर भूमि संख्या 9 रकबा 0.5934 है, जिस पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लगभग 12 विश्व तालाब को खुदवा कर बाकी शेष भूमि पर कब्जा कर खेती कर रहा है। मांग किया कि तालाब वाली भूमि को खाली कराकर तालाब खुदवाया जाए, जिससे मजदूरों को रोजगार मिल सके। हालांकि एसडीएम ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच कराए जाने व तालाबी भूमि को खाली कराए जाने का आश्वासन गांव के किसानों को दिया है।

## साहब... सौतेली मां मेरी सम्पत्ति पर करा रही कब्जा

**शिकायत**

**चायल तहसील पहुंच पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से मांगा न्याय**

**चायल, कौशाम्बी।** चायल तहसील के पनारा गोपालपुर निवासी एक युवक ने मंगलवार को तहसील चायल पहुंचकर उपजिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि वह अपनी सौतेली मां व उनके पुत्रों की दबंगई से हैरान परेशान है। बताया कि उसके पिता ने दो पत्नियां की थी। पहली पत्नी का वह पुत्र है। दूसरी के सात पुत्र है। मेरे पिता के संपत्ति पर 1.2 भाग का वह हिस्सेदार है। सौतेली मां द्वारा पिता की भूमि स्थित मौजा पनारा गोपालपुर में 777 व 775 व 785 है। जो पीड़ित के नाम वारासत है। वर्तमान में उसके द्वारा गेंहू की फसल लगा रखा है। खेत में सौतेली मां द्वारा दोबारा से अपना गेहूं की बुआई करा दी गई। उक्त भूमि पर कब्जा कर लिया है। इसकी शिकायत पीड़ित ने कई बार चायल तहसील पहुंचकर अफसरों से किया, बावजूद किसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं जा रहा है। हालांकि उपजिलाधिकारी ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच कराकर कार्यवाही कराए जाने का आश्वासन दिया है।



शिकायत को जाता पीड़िता युवक

## विदेश के नाम पर युवक से मोटी रकम की ठगी

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बालकमऊ गांव के युवक के 75 हजार रुपये हड़प लिए। सऊदी अरब का वीजा देने के नाम पर रकम ली थी। साल भर बीतने के बाद जब वीजा नहीं मिला तो युवक ने रकम वापस मांगी। इस पर आरोपित ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है।

बालकमऊ निवासी संतोष कुमार ने बताया कि साल भर पहले एक व्यक्ति ने उसे सऊदी अरब में नौकरी दिलाने का सपना दिखाया। कुछ दिन बाद दोबारा मिलने में 75 हजार रुपये में वीजा दिलाने की बात तय हो गई। इसके बाद युवक ने रकम दे दी। रकम लेने के बाद आरोपित ने छह महीने के भीतर सऊदी भेजने का वादा किया था। साल भर बीतने के बाद जब वीजा नहीं मिला तो युवक परेशान हो गया। आरोपित से रकम वापस मांगी तो उसने मना कर दिया। दोबारा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने शिकायत कई बार कोखराज थाने में की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। मंगलवार को पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की है। एसपी ने पीड़ित को जांच और कार्रवाई का भरोसा दिलाया है।




### सड़क पर अतिक्रमण न करने की दी हिदायत

**कौशाम्बी।** सीओ सिटी योगेन्द्र कृष्ण नारायण ने रविवार की रात मंझनपुर कोतवाली पुलिस के साथ कस्बे में पैदल गश्त किया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने लोगों को सड़क पटरी पर अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी। सड़क किनारे पार्किंग किए गए वाहनों की चेकिंग भी की। लोगों को वाहनों के कागज दुरुस्त रखने को कहा।

# फल पट्टी योजना अंतर्गत किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**प्रशिक्षण**

**अमरूद की एक्सपोर्ट क्वालिटी के लिए बैगिंग है जरूरी : डॉ. कृष्ण मोहन चौधरी**

**चायल, कौशाम्बी।** स्थानीय विकासखंड के ग्राम जानकीपुर सुधवर में मंगलवार को फल पट्टी योजना अंतर्गत किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अमरूद फल पट्टी क्षेत्र पर आयोजित संगोष्ठी का उदघाटन करते हुए उप निदेशक उद्यान प्रयागराज मंडल प्रयागराज डॉ. कृष्ण मोहन चौधरी द्वारा अमरुद उत्पादकों से आवाहन किया गया कि अमरूद की एक्सपोर्ट क्वालिटी का उत्पादन करने के लिए बैगिंग किया जाना अति आवश्यक है। बैगिंग करने के लिए एक विशेष आकार के पेपर बैग की सहायता से जब अमरूद का फल अपना आकार लेने लगे उसी समय अमरूद के फल को बैग के अंदर रखकर पैक कर देना चाहिए, जिससे पर्याप्त मात्रा पर प्रकाश फल को मिलता है, तथा बाहर से होने वाले प्रदूषण तथा कीट बीमारियों के प्रकोप से फल को बचाया जा सकता है। कार्यक्रम के तकनीकी सत्र में डॉ मुकेश पी एम वैज्ञानिक प्रसार निदेशालय कृषि विश्वविद्यालय नैनी प्रयागराज द्वारा अमरूद के बागों में सिंचाई तथा उर्वरकों के प्रयोग की जानकारी दी गई। इनके अलावा डॉ मनीष केशरवानी नोडल वैज्ञानिक कौशांबी द्वारा अमरूद से तैयार होने वाले प्रसंस्कृत उत्पाद जेली टॉफी जूस आदि की प्रयोग जानकारी किसानों को दी गई। साथ ही साथ औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुसरोबाग प्रयागराज के प्रशिक्षण प्रभारी डॉ वीके सिंह द्वारा फल मक्खी कीट प्रबंधन के लिए जानकारी देते हुए अमरूद के बागों के कैनोपी प्रबंधन एवं जीर्णोद्धार की जानकारी दिया। श्री सिंह द्वारा बताया गया कि अमरूद की फलत 90 प्रतिशत प्राप्त होने के उपरांत जनवरी माह में पुराने पौधों का जीर्णोद्धार करके पौधों की आयु को साथ ही उत्पादन की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सकता है। इनके अलावा विपिन कुमार अंकित मौर्य मानसिंह, जीतलाल,दिलीप तिवारी आदि सहयोगियों द्वारा भी जानकारी प्रदान की गई।



प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में मौजूद लोग

# चुनाव के संबंध में एडीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट कक्ष में नगर निकाय चुनाव के संबंध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक की। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2023 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त वोटर लिस्ट के संसोधन के सम्बन्ध में जानकारी साझा की गई। बैठक में एडीएम ने बताया गया कि केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देश पर 01 जनवरी 2023 को आधार मानते हुए जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की वोटर लिस्ट में नामों के घटाने व बढ़ाने का कार्य चल रहा है। जिसमें 08 दिसम्बर तक दावे आपत्तियॉ प्राप्त की जायेंगी। उन्होने कहा कि सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को मिलान के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची उपलब्ध करा दी गयी है। उन्होने राजनैतिक दलों से कहा



राजनैतिक दलों के साथ बैठक करते एडीएम

कि मतदाता सूची की गहनता से अपने-अपने अधीनस्थ बूथ लेबिल एजेन्टों के माध्यम से दिखवा लिया जाये। यदि कोई त्रुटि या किसी अर्ह मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में छूट गया हो तो 08 दिसम्बर तक आवेदन पत्र भरवाकर मतदाता सूची में नाम बढ़ाने में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। एडीएम ने बताया कि दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 26 दिसम्बर तक किया जायेगा। फोटोयुक्त वोटर लिस्ट का अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी को किया जायेगा। एडीएम ने कहा कि विधान सभावार मतदेय स्थलवार बीएलए नियुक्त कर सूची जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करा दें। बैठक में भारतीय जनता पार्टी से साधू दूबे, सीपीएम के लाल बहादुर तिवारी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राम बरन सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी, बीएसपी से महेन्द्र कुमार, आरएलडी से आजादी अली, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मारपीट व धमकी में बीस के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**प्रतापगढ़।** मारपीट, गालीगलौज तथा धमकी के मामले में पुलिस ने दो नामजद आरोपियों समेत बीस अज्ञात के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज के मुड़ियन का पुरवा बेलहा निवासी शत्रुघ्न गौतम के पुत्र शिवम गौतम ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें कहा है कि वह गांव में एक टेण्ट हाउस में काम करता है। तीस नवंबर को दोपहर डेढ़ बजे गंभीराबाद निवासी बच्चा के पुत्र रवि तथा हरकेश के पुत्र अंकित अपने साथ बीस अज्ञात आरोपियों को लेकर टेण्ट हाउस आ धमके। आरोपियों ने पीडित के साथ गाली-गलौज करते हुए उसे लाठी डंडे से मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी गाली गलौज करते व जानलेवा धमकी देते भाग निकले।

# शिक्षामित्रों को शिक्षक बनाने एवं मानदेय बढ़ाने का उठाया मुद्दा

**प्रतापगढ़।** शीतकालीन सत्र के दौरान रानीगंज के विधायक डॉक्टर आरके वर्मा ने शिक्षामित्रों को शिक्षक बनाने का विधानसभा सत्र में मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस महंगाई के दौर में 20 वर्ष से शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देने वाले स्नातक, परास्नातक शिक्षामित्र आज तक शिक्षक नहीं बन पाए। जिससे कम मानदेय में विद्यालयों में शिक्षण कार्य कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में एक करोड़ से अधिक बच्चे जमीन पर बैठकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत उन्हें बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए भौतिक संसाधन की जरूरत है। शिक्षक और छात्र का सही अनुपात होना जरूरी है। जिससे छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सके। शिक्षामित्रों को भी शिक्षक बनाया जाना चाहिए। साथ ही डॉ0 आरके वर्मा ने 69000 शिक्षक भर्ती घोटाले में दोषी



विधायक डॉ0 आर.के. वर्मा

अधिकारियों को दंडित कर शेष अभ्यर्थियों को शिक्षक बनाने कि की मांग। विधायक ने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में एक करोड़ से अधिक छात्र-छात्राओं के जमीन पर बैठकर पढ़ने मुद्दा उठाते हुए उन्हें बेंच मुहैया कराने की मांग की। यह जानकारी विधायक के मीडिया प्रभारी संजीव पांडेय ने दी है।

## संक्षेप

### मारपीट में मुकदमा दर्ज

**सांगीपुर।** पिछले महीने हुई मारपीट की घटना के बारह दिन बाद आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के सिघनी गांव की कुसुम देवी पत्नी राम अवध वर्मा ने थाने में तहरीर देते हुए आरोप लगाया था कि पूरानी रंजिश को लेकर गांव के शिवमूर्ति, रामअवध पुत्रगड़ मगरू वर्मा, लवकुश पुत्र राम सुमेर वर्मा, आशा देवी पत्नी गुदुन वर्मा ने 23 नवम्बर की शाम एक राय होकर मेरे दरवाजे आये और भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। मना करने पर वे लाठी डंडे से मारने लगे। शोर सुनकर पड़ोस के दौड़े तो आरोपित मामले की कहीं शिकायत करने पर जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गये।

### सदाचार के साथ कर्तव्य पालन करने वाला प्रभु का कृपा पात्र : अतुल जी




**लालगंज।** दीवानी वार्ड मनीपुर में हो रही श्रीमदभागवत कथा में कथा वाचक अतुल जी महाराज ने कृष्ण लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सदाचार के साथ कर्तव्य पालन करने वाला प्रभु का कृपा पात्र है। सत्य और धर्म पर अटल रहने वाले मनुष्य का सहज ही कल्याण हो जाता है। सदाचार के साथ कर्तव्य का पालन करने पर प्रभु की असीम अनुकम्पा का फल जीवन मे स्वतः फलित हो जाती है। आचार्य अतुल जी ने कहा कि कथा के मर्म को जीवन में उतारने के लिए उपदेश मात्र पर्याप्त नही है। आचरण और धर्म के शाश्वत सिद्धांतो से जीवन जीने की विधा ही भगवत प्राप्ति का एक मात्र उपाय है। भगवान का अवतार मनुष्य के सुख शांति व वैभव की प्रबलता का सदैव हमें बोध कराता है। इस मौके पर कथा के संयोजक पं. भगवत प्रसाद मिश्र, उर्मिला मिश्रा, पं. गिरीश मिश्र, पं. माताफेर मिश्र, देवी प्रसाद मिश्र, संतोष द्विवेदी, अनिल महेश, आचार्य दिवाकर शुक्ल, दयाशंकर तिवारी, कंचनलता, सुधा मिश्रा, ज्योति, मंजू शुक्ला, भाग्यश्री, मुन्ना शुक्ला, शिवदर्शन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन को उच्चीकृत करने को रेलवे ने बनाई कार्य योजना

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन का अपग्रेडेशन कर उसे यात्री सुविधाओं के लिए तैयार किया जाएगा। दस करोड़ की लागत से एयरपोर्ट की तर्ज पर लाउंज और प्लेटफॉर्म पर होने वाली अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यात्री रूफ प्लाजा का निर्माण किया जाना हैं। रेलवे इसके निर्माण की योजना बना रहा है। खोरधा रोल मॉडल की तर्ज पर छोटे स्टेशनों को हाईटेक कर वहां पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिहाज से रेलवे ने दस करोड़ खर्च ( प्रति स्टेशन) की नई योजना बनाई है। जिसमें लखनऊ मंडल के 15 स्टेशनों की सूची में प्रतापगढ़ भी शामिल है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस दस करोड़ में स्टेशन के एस्केलेटर, शयनगृह, फूड कोर्ट, फुट ओवर ब्रिज आदि के उन्नयन की प्रक्रिया को क्रियान्वित करने की योजना है। इस बारे में सीनियर डीसीएम लखनऊ मंडल रेखा शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टेशन पर रूफ प्लाजा प्लेटफार्म पर फालतू भीड़ से राहत दिलाएगा। ट्रेन की घोषणा होने पर यात्री रूफ प्लाजा से आसानी से प्लेटफार्म पर आ सकेंगे। दस करोड़ रूपए से उच्चीकृत कार्य कराए जाने की योजना है।

## दिल का दौरा पड़ने से पूर्व मंत्री के चचेरे साले की मौत

**प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के कोर्रही गांव निवासी डाक्टर रामयश मौर्य (50) सोमवार की शाम खेत में सिंचाई करने के लिए गए हुए थे।



खेत में ही दिल का दौरा पड़ने से राम यश की मौत हो गई। आनन-फानन में परिजनों द्वारा इलाज हेतु सीएचसी बाघराय ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने दूरभाष पर गहरा दुख जताते हुए परिजनों को धैर्य बंधाया। मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार गांव में कर दिया गया। राम यश की मौत पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रमोद मौर्य, रामखेलावन मौर्य, महादेव मौर्य, पूर्व मंत्री की पत्नी शिवा मौर्य, संदीप मौर्य, रामनरेश, रामसेवक, दिलीप मौर्य, मनीराम मौर्य समेत अनेक लोगों ने शोक जताया है।

# डा0 अम्बेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर निकाली गई प्रभातफेरी

**परिनिर्वाण दिवस**

**जिले के कई स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम**

**प्रतापगढ़।** समन्वय सेवा संस्थान के वैनर तले मंगलवार को संविधान निर्मात्री सभा के अध्यक्ष डा0 भीमराव अम्बेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवास पर प्रभातफेरी निकाली गई। नगर के करनपुर मोहल्ले से सुबह सात बजे निकली प्रभातफेरी अम्बेडकर चैराहे पहुंची। जहॉ डा0 अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस दौरान भन्ते अश्वजीत व एसडीएम बृजेश प्रसाद, राकेश कन्नौजिया, डा0 शिवमूर्ति लाल मौर्य, सुशील कुमार, लीलावती, उमेश चन्द्र, सीपी राव, फुलचन्द्र, तलसी राम व समन्वय सेवा संस्थान के उपासक, उपासिकाओं, शिक्षकों, कर्मचारियों ने बाबा साहब को यादकर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसी प्रकार बाघराय के भाव गांव में समाज सुधार समिति के अध्यक्ष के राजाराम के नेतृत्व में लोगों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। हीरागंज के कल्याणपुर गांव में संदीप गौतम की अगुवाई में डा0 अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कॉग्रेसजनों ने भी बाबासाहब को किया याद-शहर स्थित इंदिरा भवन पर कॉग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक कर बाबा साहब के कार्यों को याद किया। डा0 त्रिपाठी ने कहा कि बाबा साहब ने भारत के संविधान की रचना कर सभी वर्ग के लोगों को एक धागे में पिरोने का कार्य किया। आज कुछ ताकतें समाज में घृणा फैलाने व समाज को तोड़ने की कोशिश में लगे हैं। हम सबको मिलकर ऐसी ताकतों को सफल नहीं होने देना है। इस मौके पर डा0 नीरज त्रिपाठी, डा0 वीके सिंह, डा0 प्रशांत देव शुक्ल, आशुतोष त्रिपाठी, वेदांत तिवारी आदि मौजूद रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

### परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को किया नमन

**प्रतापगढ़।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर मंगलवार को बाबागंज विकास खण्ड की ग्राम पंचायत गोगहर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ग्राम पंचायत गोगहर के उतरार मजरे में समाज सुधारक समिति द्वारा बाबा साहब स्मारक स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में माल्यार्पण करने के उपरांत श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव, समिति के सचिव कमलेश कुमार, अध्यक्ष रामआसरे गौतम, महासचिव प्रेम नारायण गौतम, संरक्षक रामदयाल गौतम, ग्राम पंचायत सदस्य इंद्रपाल सरोज व संदीप यादव आदि उपस्थित रहे।

# भयहरणनाथ धाम की सार्वजनिक भूमि हो कब्जा मुक्त : प्रबन्ध समिति

**प्रतापगढ़।** प्रसिद्ध पांडव कालीन भयहरणनाथ धाम में गत वर्षों की भांति विश्व स्वयं सेवक दिवस पर भयहरणनाथ धाम क्षेत्रीय विकास संस्थान द्वारा वार्षिक अधिवेशन का देर शाम तक आयोजन हुआ। दो सत्रों में हुए अधिवेशन में सभी सदस्यों ने सरकार व जिला प्रशासन से अति प्राचीन इस धाम व धार्मिक स्थल की सार्वजनिक भूमि तालाब व बंजर आदि को कब्जा मुक्त कराके समग्र विकास कराने की मांग हुई। साथ ही बकुलाही नदी पुनरोद्धार के अवशेष सरकारी कार्यों को यथाशीघ्र कराने की अपील हुई।



वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम में उपस्थित लोग

धाम के महासचिव व बकुलाही नदी पुनरोद्धार अभियान के संयोजक समाज शेखर ने सभी का स्वागत करते हुए धाम व बकुलाही नदी के सन्दर्भ में आवश्यक जानकारी दी। प्रथम सत्र की अध्यक्षता धाम के अध्यक्ष आचार्य राज कुमार शुक्ल ने की। चर्चा हुई कि धाम में प्रत्येक मंगलवार को मेला लगता है मेले में भारी भीड होती है। सभी ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि धाम में प्रत्येक मंगलवार को आवश्यकतानुसार प्र्याप्त पुलिस व्यवस्था हो। वहीं तय किया गया कि धाम परिसर में एक साईकिल स्टैन्ड अनवार्य रूप से जल्द शुरू किया जाए जिससे श्रद्धालुओं को सुविधा हो। वहीं धाम परिसर में डीजे वाद्य यन्त्र के बढते शोर के मददेनजर व्यापक जनहित में काफी चर्चा के उपरान्त तय हुआ कि मंगलवार व मेलों के दिन पहले से ही डीजे वाद्ययंत्र धाम परिसर मे 2012 से ही पुलिस व प्रबन्ध समिति द्वारा प्रतिबन्धित है। अब प्रतिदिन धाम परिसर के बाहर तक ही डीजे बजाया जा सकेगा। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता उपाध्यक्ष प्रशासन शिक्षाविद बबन सिंह ने की। बकुलाही नदी के अवशेष सरकारी कार्यों खासकर डायवर्जन चेक डैम व पुल पुलियों के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा हुई। सभी ने सरकार से अपील की अवशेष कार्यों को यथाशीघ्र पूर्ण कराके क्षेत्र के जल संकट को दूर करने में हम सब का सहयोग करे। आगामी महाशिवरात्रि पर धाम में होने वाले 23 वें महाकाल महोत्सव के सम्बन्ध में चर्चा हुई, सदस्यो ने कहा की गत 23 वर्षों से हम सब मिलकर धाम को जगाने में जुटे हैं अब सरकार को भी सहयोग करना चाहिए। जिस पर तय हुआ कि विधायक व सांसद तथा जिलाधिकारी के माध्यम से शासन को प्रस्ताव भेजवाया जाए।

## पिता की हत्या में सीबीसीआईडी जांच की बेटे ने लगायी गुहार

**प्रतापगढ़।** पिता से छिनैती के दौरान आरोपियों की पिटाई से मौत के मामले में मृतक के बेटे ने घटना की जांच सीबीसीआईडी से कराए जाने को लेकर डीएम को शिकायती पत्र दिया है। सांगीपुर थाना के देउम पूरब चैधरी का पुरवा के निवासी चंद्रप्रकाश वर्मा ने शिकायती पत्र में कहा है कि पिछले वर्ष अठारह अक्टूबर को उसका पिता कल्लूराम वर्मा पूरे कंठी सुजाखर से घरेलू सामान की खरीददारी करने सांगीपुर बाजार गया था। वापस लौटते समय सांगीपुर के ओरीपुर नौगीर गेट के समीप अज्ञात लोगों ने उसके पिता से छिनैती कर मारपीट की। चोट अधिक लगने से जिला अस्पताल ले जाते समय पीडित के पिता की मौत हो गयी। पीडित का कहना है कि घटना में छिनैती व हत्या का मुकदमा दर्ज होने के बावजूद दस माह बाद भी सांगीपुर पुलिस घटना का खुलासा नहीं कर पा रही है। आरोप है कि पुलिस घटना में लीपापोती कर मुकदमे की धाराओं से भी छेडछाड कर रही है। पीडित ने घटना की निष्पक्ष जांच के लिए पूरे मामले को सीबी सीआईडी के सुपुर्द करने की गुहार लगायी है। वहीं शिकायती पत्र में थाने में तैनात कुछ पुलिसकर्मियों पर पिता की हत्या के मामले में दर्ज मुकदमे की जांच मे संदिग्ध भूमिका की भी जांच कराकर कार्रवाई की फरियाद की गयी है।

### पैरोल अवधि समाप्ति पर भी नहीं हुआ हाजिर, गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** पैरोल पर छूटे दोष सिद्ध अपराधी समय सीमा समाप्त होने के बावजूद हाजिर नहीं हुआ। खोजबीन शुरू की गई तो बंदी फरार बताया गया। दोष सिद्ध बंदी पवन कुमार पुत्र बबऊ निवासी दला का पुरवा थाना सराय इनायत प्रयागराज पिछले वर्ष 20 मई को पैरोल पर रिहा किया गया था। पैरोल अवधि समाप्त होने पर उसकी खोजबीन शुरू हुई तो उसे गिरफ्तार करने की जिम्मेदारी पुलिस को सौंपी गई। रानीगंज पुलिस ने मंगलवार को उसे रानीगंज थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया।

# जाम के झाम से परेशान रानीगंज तहसील का चौराहा

**समस्या**

**होमगार्ड के भरोसे रानीगंज चौराहे की सुरक्षा व्यवस्था**

**चौराहे पर आए दिन होती रहती है दुर्घटनाएं**

**रानीगंज।** तहसील चौराहे पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम की समस्या इस चैराहे के लिए आम बात हो गई। घंटो तक कोतवाली के सामने जाम लगा रहता है। इसके बावजूद भी चैराहे की जिम्मेदारी होमगार्डों को सौंप दी जाती है।

रानीगंज बाजार में जाम की स्थिति का मुख्य कारण राष्ट्रीय राजमार्ग की पटरियों पर अतिक्रमण है। मुख्य चैराहे पर आटो, ई रिक्शा स्टैंड बन जाता है। जिसकी वजह से घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। पुलिस प्रशासन ने मुख्य चैराहे पर होमगार्डों की ड्यूटी लगा रखा है, मगर वह अपने ड्यूटी से ज्यादा अपने



तहसील चौराहे पर लगे भीषण जाम में फंसे लोग

मोबाइल में व्यस्त रहते है। चैराहे से चंद कदम की दूरी पर ही रानीगंज कोतवाली है। जाम लगते ही गाड़ियों का काफिला कोतवाली के सामने भी दिखाई देता है इसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन की नींद नही टूटती। जाम की वजह से व्यापारियों व आसपास लिंक मार्गों के आवागमन भी असर पड़ता है। तहसील में जाम का झाम आए दिन रहता है लेकिन किसी भी स्थानीय प्रतिनिधि या प्रशासन को इस समस्या से कोई फर्क नहीं पड़ता। आम जनमानस जाम की समस्या से खुद ही निपटने की कोशिश करता रहता है।

## मतदान केंद्र व मतदेय स्थलों की फाइनल सूची जारी

**प्रतापगढ़।** नगर पालिका के चुनाव में इस बार मतदान केंद्रों की संख्या कम हो गई है लेकिन मतदेय स्थलों की संख्या में इजाफा हुआ है। सीमा विस्तार के बाद पालिका क्षेत्र में वोटरों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2017 में नगर पालिका के 25 वार्ड सदस्यों व अध्यक्ष के चुनाव में प्रशासन की ओर से कुल 39 मतदान केंद्र व 97 मतदेय स्थलय चिन्हित किए गए थे। पिछले चुनाव में पालिका क्षेत्र में कुल 83121 मतदाता थे। इस बार तस्वीर एकदम अलग है। सीमा विस्तार के बाद अब पालिका में कुल मतदाताओं की संख्या एक लाख आठ हजार 740 हो गई है। हालांकि वार्डों की संख्या इस बार भी 25 ही है। लेकिन चुनाव कराने के लिए प्रशासन की ओर से चिन्हित मतदान केंद्र घटाकर 38 कर दिए गए हैं। जबकि मतदेय स्थलों की संख्या अब 97 से बढ़ाकर 110 कर दी गई है। सहायक निर्वाचन अधिकारी विनायक शुक्ल ने बताया कि मतदान केंद्र व मतदेय स्थल चिन्हित करने की प्रक्रिया पूर्ण कर फाइनल सूची जारी कर दी गई है।

# नौजवानों को रोजगार व उद्योगों की स्थापना पर श्वेत पत्र जारी करे सरकार : आराधना मिश्रा

**प्रतापगढ़।** मंगलवार को कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रदेश सरकार द्वारा पेश किये गये अनुपूरक बजट को औचित्यविहीन बताया। सीएलपी नेता मोना ने सरकार के अनुपूरक बजट पर सदन में कहा कि अभी तक प्रदेश सरकार पारित बजट का 33.54 प्रतिशत ही खर्च कर सकी है। सबसे ज्यादा निराशाजनक स्वास्थ्य एवं शिक्षा तथा महिला व समाज कल्याण में बजट का मात्र चालीस फीसदी ही खर्च हो सका है। विधायक मोना ने रेड कारपोरेट के क्षेत्र में करोडो रुपए खर्च के बावजूद प्रदेश में निवेश तथा रोजगार की दयनीय स्थिति पर सरकार से सवाल पूंछे। कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने सरकार के करोडो रुपए के प्राविधान के बावजूद अपने गृह जनपद प्रतापगढ़ समेत प्रदेश के किसी भी जिले मे नए उद्योग व फैक्ट्रियों की स्थापना न



अनुपूरक बजट पर सदन में चर्चा करती आराधना मिश्रा मोना

होने का भी मुद्दा उठाया। उन्होने सरकार से कहा कि वह उत्तर प्रदेश के नौजवानो को रोजगार तथा उद्योग एवं फैक्ट्री के तहत निवेश पर अविलम्ब श्वेत पत्र लाये। प्रदेश मे नौजवान बेरोजगार होकर सड़क पर परेशान घूम रहा है। ऐसे में अनुपूरक बजट में भी रेड कारपोरेट के लिए करोडो का प्राविधान जनता के पैसे का दुरूपयोग है। विधायक मोना की अनुपूरक बजट पर जारी प्रतिक्रिया यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से निर्गत की गयी है।

## जनसंपादकीय

# कुपोषण की बढ़ती चुनौती

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्य उत्पादक देश है। दूध, दाल, चावल, मछली, सब्जी और गेहूं उत्पादन में हम दुनिया में पहले स्थान पर हैं। इसके बावजूद देश की एक बड़ी आबादी कुपोषण का शिकार है। संयुक्त राष्ट्र की द स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड 2022 की रिपोर्ट के अनुसार साल 2019 के कोरोनाकाल के बाद लोगों का भूख से संघर्ष तेजी से बढ़ा है। साल 2021 में दुनिया के 76.8 करोड़ लोग कुपोषण का शिकार पाए गए, इनमें 22.4 करोड़ (29 फीसदी) भारतीय थे। यह दुनियाभर में कुल कुपोषितों की संख्या के एक चौथाई से भी अधिक है।

बता दें कि कई अन्य रिपोर्ट्स में पहले भी ये दावा किया जा चुका है कि कुपोषण भारत की गम्भीरतम समस्याओं में एक है फिर भी इस समस्या पर सबसे कम ध्यान दिया गया है। आज भारत में दुनिया के सबसे अधिक अविकसित (4.66 करोड़) और कमजोर (2.55 करोड़) बच्चे मौजूद हैं। इसकी वजह से देश पर बीमारियों का बोझ बहुत ज्यादा है, हालांकि राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण-4 के आंकड़े बताते है कि देश में कुपोषण की दर घटी है लेकिन न्यूनतम आमदनी वर्ग वाले परिवारों में आज भी आधे से ज्यादा बच्चे (51 फीसदी) अविकसित और सामान्य से कम वजन (49 फीसदी) के हैं।

वैश्विक भूख सूचकांक की जो रपट 14 अक्तूबर को जारी की गई थी, उसके मुताबिक-भारत में भूख का स्तर बेहद गंभीर है। दुनिया के जिन 121 देशों का अध्ययन किया गया, उनमें भारत को 107वां स्थान दिया गया है। भारत का स्कोर 29.1 है, जबकि शून्य के मायने हैं कि कोई भूखा नहीं है। भारत अपने पड़ोसी देशों-नेपाल (81वां), बांग्लादेश (84वां), श्रीलंका और पाकिस्तान (99वां)-से भी पीछे है। यह यथार्थ से बहुत परे की रपट है।

आंका गया है कि औसतन 5 साल की उम्र से कम करीब 20 फीसदी बच्चे दृश्यमान और जीवन के लिए खतरनाक कुपोषण के शिकार हैं। करीब 35 फीसदी बच्चे उतने लंबे नहीं हैं, जितने होने चाहिए। बेशक भूख, अपौष्टिक भोजन, एक वक्त का खाना और कुपोषण में बुनियादी अंतर हैं। पाकिस्तान की स्थिति को उसके देशवासी भी भारत से बहुत बदतर मानते हैं। श्रीलंका के मौजूदा संकट में भारत ने लाखों टन खाद्यान्न उसे मुहैया कराया था। अलबत्ता वहां के लोग दाने-दाने को मोहताज रहे हैं।

नेपाल में भी खाद्यान्न उतना उपलब्ध नहीं है, जितना भारत में प्रति व्यक्ति नसीब है। नेपाल के संकट या त्रासद आपदाओं में भारत ही उसकी मदद करता रहा है। जिन लेखकों और संकलनकताओं ने वैश्विक भूख सूचकांक की यह रपट तैयार की है, उन्होंने भारत में भूख और कुपोषण के डाटा को मिश्रित कर दिया है। भारत में भूख की स्थिति, उसकी 140 करोड़ से ज्यादा की आबादी की तुलना में, लगभग नगण्य है।

रपटकारों ने भारत के खाद्य सुरक्षा कानून, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, 2020 से जारी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, पोषण मिशन, एनीमिया मुक्त अभियान आदि का सम्यक अध्ययन नहीं किया है, लिहाजा उन्होंने भूख का स्तर बेहद गंभीर आंका है। बेशक भारत में कुपोषण आज भी गंभीर समस्या है और बच्चों के लिए उसे हत्यारा करार दिया जाता रहा है। भारत में 33 लाख से अधिक बच्चे कुपोषित हैं। हालांकि भारत सरकार ने 2022 तक कुपोषण मुक्त भारत सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय पोषण मिशन अभियान शुरू किया था, लेकिन अभी यह लक्ष्य बहुत दूर लगता है।

वर्ष 2021 में विश्व में कुपोषितों की संख्या 76.8 करोड़ आंकी गई थी। उनमें 22.4 करोड़ (करीब 29 फीसदी) भारतीय थे। आज इस स्थिति में बहुत सुधार है, क्योंकि खाद्य सुरक्षा औसतन भारतीय का संवैधानिक अधिकार है। इस संदर्भ में यह भी गौरतलब है कि भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है। दूध, दाल, चावल, मछली, सब्जी और गेहूं के उत्पादन में भारत दुनिया में पहले स्थान पर है। ऐसा देश भूखा कैसे रह सकता है? फिर भी इस देश में पर्याप्त कुपोषण है, यह चिंताजनक स्थिति है। भारत में गरीबी-रेखा के नीचे आबादी काफी है।


भारत सरकार इस पक्ष के साथ-साथ पोषण मिशन 2.0 और मिड डे मील जैसी परियोजनाओं के जरिए इन आंकड़ों पर चिंतन कर रही होगी, क्योंकि आजादी के बाद भारत बिल्कुल बदल गया है। भारत आत्मनिर्भर हो रहा है। कृषि की औसतन विकास-दर लगातार सकारात्मक रही है। रपटकारों को स्पष्ट करना चाहिए कि किस डाटा के आधार पर उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला है कि भारत में भूख गंभीर स्तर की है?

संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की तरफ से बुधवार, 6 जुलाई को दि स्टेट ऑफ फूड सिक्योरिटी एंड न्यूट्रिशन इन दि वर्ल्ड 2022ः रीपरपॉजिंग फूड एंड एग्रीकल्चर पॉलिसीज टू मेक हेल्दी डाइट मोर अफोर्डेबल नाम की रिपोर्ट पेश की गई। इस रिपोर्ट मुताबिक भारत में 97 करोड़ से ज्यादा लोग यानी देश की आबादी का लगभग 71 प्रतिशत हिस्सा पौष्टिक खाने का खर्च उठा पाने में असमर्थ हैं।

एफएओ रिपोर्ट के अनुसार एक हेल्दी डाइट की परिभाषा में कई तरीके के मिनिमम प्रोसेस्ड फूड शामिल होते हैं। जैसे संतुलित आहार के लिए थाली में साबुत अनाज, नट्स, फलियां, फलों और सब्जियों की प्रचुरता और मॉडरेट अमाउंट में पशु प्रोटीन होना चाहिए। एफएओ की रिपोर्ट कहती है कि भारत में हेल्दी डाइट पर प्रति व्यक्ति रोजाना (2020 में) अनुमानित 2.97 डॉलर खर्च किया जाता है। क्रय शक्ति समता के संदर्भ में इसका मतलब है कि चार सदस्यीय परिवार के लिए हर महीने 7,600 रुपये खाने पर खर्च किए जाते हैं। क्रय शक्ति समता अंतरराष्ट्रीय विनिमय का एक सिद्धांत है जिसका अर्थ किन्हीं दो देशों के बीच वस्तु या सेवा की कीमत में मौजूद अंतर से लिया जाता है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में भूख से जंग के मोर्चे पर धीमी रफ्तार में ही सही, कुछ सफलता जरूर मिली है। लेकिन, दूसरी ओर मोटापे की समस्या बढ़ रही है। 15 से 49 साल की उम्र वाले 3.4 करोड़ लोग ओवरवेट कैटेगरी में आ गए हैं। जबकि, 4 साल पहले यह संख्या 2.5 करोड़ थी।

भारत में, बाल कुपोषण में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। 2015-16 और 2019-21 में किए गए पिछले दो राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षणों (एनएफएचएस) के बीच, कम वजन वाले बच्चों में 3.7 प्रतिशत अंक की कमी आई है, बौने बच्चों में 2.9 प्रतिशत अंक की कमी हुई है और जो बच्चे कमजोर हुए हैं उनमें 1.7 प्रतिशत की कमी आई है। यह अच्छी प्रगति है। हालांकि, कोविड-19 महामारी के दो साल और हाल की व्यापक आर्थिक स्थिति के कारण आने वाले वर्षों में कुपोषण में वृद्धि होगी। घर का किराया, ईंधन, बिजली, शैक्षिक खर्च आदि जैसे खर्च बाहरी रूप से नियंत्रित होते हैं। आखिरकार, परिवार कम खाना खरीदेंगे, और अधिकतर बच्चों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

सामान्य समय में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी अधिक पाई जाती है और मुद्रास्फीति और कम आय के समय में वृद्धि की उम्मीद की जा सकती है। ऐसी स्थितियों में, परिवार सबसे पहले फल और सब्जियां में कटौती करेंगे क्योंकि वे अन्य खाद्य पदार्थों (अनाज) की तुलना में अपेक्षाकृत महंगे हैं, लेकिन वे सूक्ष्म पोषक तत्वों के मुख्य स्रोत हैं। भारत की राशन प्रणाली के प्रभाव को, खासकर संकट के दौरान, नकारा नहीं जा सकता। विश्व की एजेंसियां इस प्रणाली की सराहना करती रही हैं। भारत में बीते दो साल से ज्यादा समय से 80 करोड़ लोगों को जो मुफ्त अनाज बांटा जा रहा है, वह भी विश्व की अद्वितीय योजना है। विद्वानजनों का मानना है कि भारत में कुपोषण अपर्याप्त और अपौष्टिक भोजन का नतीजा है।



**डा. सुरभि सहाय**
**लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं**

# आज क्या जरूरत है जेलों की

## सामयिकी



**आशीष वशिष्ठ**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने संविधान दिवस पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा आयोजित अहम चर्चा में हिंदी में बोलते हुए अत्यधिक मार्मिक शब्दों में न्यायपालिका से गरीब आदिवासियों के लिए कुछ करने का आग्रह किया था। राष्ट्रपति ने जेलों के अत्यधिक भरने पर और ज्यादा जेलें बनाए जाने की चर्चाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि हम विकास की ओर जा रहे हैं, आगे जा रहे हैं ऐसे में और ज्यादा जेल बनाने की क्या जरूरत है? जेल कम करनी चाहिए।

इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2020 कहती है कि भारत में कुल कैदियों में से दो तिहाई बिना दोष सिद्ध हुए ही कैद में हैं। यानी उन्हें मुकदमे का इंतजार है। इसे देश की न्यायिक प्रक्रिया की ही कमी कहा जाएगा कि दोषी साबित होने से पहले ही इनमें से बहुतों को लंबा समय जेल में गुजारना पड़ा है। आलम यह है कि इनकी जमानत पर भी समय से सुनवाई नहीं हो पा रही। विचाराधीन कैदियों का परिवार भी उनके साथ-साथ कानूनी लचरता की इस मार को झेलता है। उनका जीवन दुर्गम परिस्थितियों का शिकार हो जाता है। ऐसे परिवार भावनात्मक पीड़ा ही नहीं झेलते, बल्कि आर्थिक और सामाजिक रूप से भी तकलीफदेह हालात में फंस जाते हैं। अधिकतर गरीब और अशिक्षित घरों से आने वाले ऐसे कैदियों की सुध लेने वाला कोई नहीं होता। वर्षों चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया के कारण मानो बिना दोषी साबित हुए ही सजा इनके हिस्से आ जाती है। ऐसे दुखद मामले भी हुए हैं कि जमानती अपराधों में जेलों में बंद कैदियों का पूरा जीवन ही सुस्त प्रक्रिया की भेंट चढ़ गया। राष्ट्रपति ने छोटे-मोटे अपराधों में वर्षों से जेल काट रहे विचाराधीन कैदियों की दशा पर चिंता जताते हुए कहा कि कौन लोग जेल में हैं। वो लोग हैं जिन्होंने ने थोड़ी बहुत मारपीट की या कुछ किया और उन पर क्या-क्या धाराएं लगा दीं, जो लगना नहीं चाहिए थीं। वो वर्षों जेल में बंद रहते हैं। उन्हें छुड़ाया नहीं जाता क्योंकि जो कुछ घर में बचा है यानी जमीन जायदाद, बर्तन आदि सब खत्म हो जाएंगे। इसलिए परिजन उन्हें छुड़ाने नहीं जाते। उन लोगों के लिए कुछ करना चाहिए। वे गुनहगार हैं कि नहीं, इसका ट्रायल अभी चल रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जो लोग जेल में बंद हैं, उन्हें न तो मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में पता है और न ही संविधान की प्रस्तावना के बारे में। ऐसे लोगों के लिए कुछ करने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने देश की न्यायिक प्रणाली एवं न्यायिक व्यवस्था में बड़े बदलाव की तरफ इशारा किया है। इसी साल जुलाई माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली अखिल भारतीय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा था, ष्कई कैदी ऐसे हैं जो वर्षों से जेलों में कानूनी सहायता के इंतजार में पड़े हैं। हमारे जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण इन कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने की जिम्मेदारी ले सकते हैं। प्रधानमंत्री ने बीती अप्रैल में राज्यों के मुख्यमंत्रियों और हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों के संयुक्त सम्मेलन के उद्घाटन में भी विचाराधीन कैदियों का मुद्दा उठाया था। सुप्रीम कोर्ट भी समय-समय पर इस मसले को उठाता रहा है। बावजूद इन सबके पता नहीं क्यों, इस मामले में जमीन पर कोई ठोस प्रगति होती नहीं दिखती।

नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो की 2020 की रिपोर्ट के मुताबिक देश भर की जेलों में कुल 4,88,511 कैदी थे जिनमें से 76 फीसदी यानी 3,71,848 विचाराधीन कैदी थे। यानी इन कैदियों के मामले अभी अदालत में चल ही रहे हैं और यह पता नहीं है कि ये सचमुच दोषी हैं या नहीं। इनमें कइयों को तो जेल में फैसले का इंतजार करते दस-दस पंद्रह-पंद्रह साल हो चुके हैं। इनका बहुत बड़ा हिस्सा (73 फीसदी) दलित, ओबीसी और आदिवासी समुदायों से आता है। इनमें से कई कैदी आर्थिक रूप से इतने कमजोर होते हैं जो वकील की फीस तो दूर जमानत राशि भी नहीं जुटा सकते।

भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एनवी रमण इस साल जुलाई में जयपुर में आयोजित 18वें अखिल भारतीय विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्घाटन सत्र में देश में विचाराधीन कैदियों की बड़ी संख्या पर चिंता जताते हुए कहा था कि यह आपराधिक न्याय प्रणाली को प्रभावित कर रही है। उन्होंने कहा कि उन प्रक्रियाओं पर सवाल उठाना होगा जिनके कारण लोगों को बिना मुकदमे के लंबे समय तक जेल में रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि,देश की 1378 जेलों में 6.1 लाख कैदी हैं और वे हमारे समाज के सबसे कमजोर वर्गों में से एक हैं। उन्होंने कहा, जेल ब्लैक बॉक्स हैं। कैदी अक्सर अनदेखे, अनसुने नागरिक होते हैं.।

गृह मंत्रालय द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट ष्प्रिजन स्टैटिस्टिक्स इंडिया 2021ष के अनुसार 2016-2021 के बीच जेलों में बंदियों की संख्या में 9.5 प्रतिशत की कमी आई है जबकि विचाराधीन कैदियों की संख्या में 45.8ः की वृद्धि हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक चार में से तीन कैदी विचाराधीन हैं। 31 दिसंबर 2021 तक लगभग 80 प्रतिशत कैदियों को एक वर्ष तक की अवधि के लिए जेलों में बंद रखा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021 में रिहा किए गए 95 प्रतिशत विचाराधीन कैदियों को अदालतों ने जमानत दे दी थी, जबकि अदालत द्वारा बरी किए जाने पर केवल 1.6ः को रिहा किया गया था।

राष्ट्रपति ने समारोह में मौजूद न्यायपालिका और सरकार के नुमाइदों कानून मंत्री और न्यायाधीशों से कहा कि वे इस मसले को उन पर छोड़ रही हैं। सरकार के जो तीन अंग हैं विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका है, जन साधारण और देश के लिए कहीं-कहीं इन तीनों की सोच एक होनी चाहिए। चेक एंड बैलेंस तो होना चाहिए लेकिन कहीं-कहीं हम सबको मिलकर काम करना चाहिए।

राष्ट्रपति के संबोधन का असर होता दिख भी रहा है। विचाराधीन कैदियों की शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को ऐसे कैदियों पर डेटा एकत्र करने का निर्देश दिया, जिन्हें जमानत मिल गई है, लेकिन वे इसकी शर्तों का पालन करने में असमर्थता के कारण जेल से बाहर नहीं आ सकते हैं। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस एएस ओका की बेंच ने इस मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि राज्य ऐसे कैदियों का डेटा 15 दिन के भीतर कोर्ट को दे। इससे देश की जेलों में बंद लाखों कैदियों की रिहाई का रास्ता खुला है।

कानूनी विशेषज्ञों के मुताबिक लोक अदालतों से लेकर मध्यस्थता तक, नालसा की सेवाओं का उपयोग करके छोटे-मोटे विवादों, पारिवारिक विवादों का निपटारा वैकल्पिक तरीकों से किया जा सकता है। इससे न्याय चाहने वालों को अपने विवादों का सस्ता और शीघ्र समाधान मिल सकता है। ओर इससे अदालतों पर बोझ भी कम होगा। इस समस्या को संबोधित करते हुए न्यायालय ने केंद्र सरकार से अलग से एक जमानत कानून लाने पर विचार करने को भी कहा है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि किसी भी आधुनिक लोकतंत्र को कानून के शासन के पालन से अलग नहीं किया जा सकता है। सवाल यह है कि क्या समानता के विचार के बिना कानून का शासन कायम रह सकता है? आधुनिक भारत का विचार सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्रदान करने के वादे के इर्द-गिर्द बनाया गया था। राष्ट्रपति ने अहम मुद्दे को बेहद संजीदगी और संवेदनशीलता से उठाया है। उम्मीद की जानी चाहिए व्यवस्था के तीनों अहम अंग इस गंभीर विषय पर पहल करते हुए इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाएंगे।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

## कैसे घटे मुकदमों का बोझ ?



**अरुण तिवारी**

हजारों भारतीय गरीब सिर्फ इसलिए जेलों में जीवन गुजारने को विवश हैं, क्योंकि वे न संविधान की मूल भावना से परिचित हैं और न ही अपने संवैधानिक अधिकार व कर्तव्यों से। वे इतने गरीब हैं कि जमानत कराने में उनके परिजनों के घर के बर्तन बिक जायेंगे। जुर्म मामूली..किसी से तू तू-मैं मैं या किसी से हाथापाई; किन्तु मात्र गरीबी और अज्ञानता के कारण जाने कितने बिना जमानत जेल में जिदगी गंवा रहे हैं। कोई पांच साल, कोई दस तो कोई 20 साल से जेलों में पडे.हैं।

बीते संविधान दिवस पर हमारी महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की यह वेदना प्रकट की। उन्होने सभा में उपस्थित न्यायाधीशों और कानून मंत्री से यह अपेक्षा की कि वे ऐसे दरिद्रनारायणों को समय से और सस्ते में न्याय दिलाने के लिए कुछ करेंगे।

कहने को कहा जा सकता है कि हमारी सरकारों ने किया तो है। लोक अदालत, फास्ट ट्रैक कोर्ट, मध्यस्थता केन्द्र, न्याय मित्र और प्रार्थी को सरकारी वकील मुहैया कराने के प्रावधान इसीलिए तो हैं। प्रश्न है कि तो फिर अदालतों में मुकदमों के अंबार क्यों लगे हुए हैं ? तारीख-पर-तारीख से गरीब ही नहीं, विभागों व विश्वविद्यालयों से लेकर कंपनियों के नुमाइंदे-कर्मचारी तक हैरान-परेशान हैं। खासकर, दीवानी मुकदमों में फैसला पाने में पीड़ितों की एक पीढ़ी गुजर रही है। आखिर क्यों ? घरेलू उत्पीड़न, तलाक, बलात्कार, छेड़खानी आदि मामलों में कानूनी पेचिदगियां इतनी ज्यादा क्यों हैं कि फर्जी और सही मुकदमें में भेद करना मुश्किल होता जा रहा है। दोषी और पीड़ित - दोनो ही सशंकित और प्रताड़ित रहते हैं कि फैसला आते-आते ऊंट जाने किस करवट बैठ जाए। उचित न्याय की गारंटी देना, खुद जजों के लिए भी मुश्किल हो गया लगता है। क्यों ?

स्पष्ट है कि बीमारी की जड़ कहीं और है। महामहिम राष्ट्रपति महोदया ने अपने संबोधन के अंत में कहा ही कि बाकी जो नहीं बोल रही हूं, उस चीज को आप समझिए। मेरे ख्याल में वह समझने की चीज यह है कि न्याय पाने की प्रक्रिया और अधिक मंहगी तथा भ्रष्ट होती जा रही है। महामहिम राष्ट्रपति के अनुभवों में जिन टीचर, डॉक्टर और वकीलों को लोग भगवान मानते थे, आज उनके संस्थागत स्वरूप (प्राइवेट स्कूल, नर्सिंग होम और एडवोकेट फर्म) ही आमजन को लूट का सबसे आसान शिकार मानकर लूट रहे हैं। थाने में मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने से ही दलाली और घूस की मांग शुरू हो जाती है। यह कैसे खत्म हो ? यह क्यों है कि पुख्ता व्यवस्था बनाने के नाम पर बनाया हर नया नियम व कानून दलाली व घूस के रेट बढ़ाने वाला साबित हो रहा है। क्या इसकी फिक्र किए बिना सस्ता-समीचीन न्याय संभव है ?

प्राथमिकता तो यह होनी चाहिए कि विवाद हों ही नहीं। विवाद हों तो आपसी समझाइश से ही खत्म हो जाए। हम थाने तक जाएं ही नहीं। मुकदमा करने की नौबत ही न आये। मुकदमें कम से कम हों। मुकदमा तभी दर्ज किया जाए, जब कोई और चारा न हो। मुकदमे दर्ज हों तो उनका निष्पादन यथाशीघ्र हो। थाना-पुलिस-कचहरी के अधिकारों की सीमा और अपनी सामर्थ्य के प्रति पर्याप्त जन-जागरूकता इसमें मददगार हो सकती है। किन्तु भारत में लागू की जा रही नीतियों का जोर इन सब पर नहीं है। राष्ट्रपति महोदया ने भी ताज्जुब व्यक्त किया कि हमारा जोर और अधिक जेल बनाने पर है। कहना न होगा कि सामुदायिक की जगह निजी की तेजी से बढ़ती प्रवृति एक ऐसा पहलू है, जिस पर यू टर्न जरूरी है। सामुदायिक भाव की समृद्धि हासिल किए बगैर विवादों की संख्या में घटोत्तरी असंभव है। निस्संदेह, मैं नहीं, हम?का पारिवारिक व सामुदायिक संस्कार, इस दिशा में पहला कदम हो सकता है। किन्तु यहां यह भी सच है कि चुनावों को दलगत राजनीति की छाया व छाप से पूरी तरह से मुक्त किए बगैर सामुदायिक ताने-बाने में बढ़ते छेदों को छोटा करना असंभव है। लिहाजा, इस दिशा में संवैधानिक पहल जरूरी है। पंचायत और नगर निगम/पालिका चुनावों से शुरूआत की जा सकती है। क्या हमारी संसद व राज्यों की विधायिका यह करेंगी ?? हमारी ग्राम सभा व वार्ड सभा चाहें तो वे भी दलगत छाया व छाप वाले प्रत्याशियों का बहिष्कार सुनिश्चित कर सकती हैं।

यदि हम स्थानीय स्तर पर समझाइश की बात करें तो यहां पहले से जारी एक अचूक व्यवस्था को फिर से पुनर्स्थापित करना होगा। याद कीजिए कि नगरों में मोहल्ला निवासी संगठन तो गांवों में न्याय पंचायतें, विवाद सुलझाने व न्याय हासिल करने के सबसे सस्ते-सुलभ संस्थान रहे हैं। समझाइश से समाधान - न्याय पंचायतों के अस्तित्व का तो मूल ही यही है। किन्तु क्या भारत की कितनी राज्य सरकारें इन्हे तवज्जो दे रही हैं ? कितने राज्य पंचायती राज अधिनियमों में न्याय पंचायतों के गठन के प्रावधान हैं ? न्याय पंचायतों को सक्षम बनाने के लिए कितनी राज्य सरकारों ने कदम उठाये हैं ?

संविधान की धारा 40 ने एक अलग प्रावधान कर राज्यों को मौका दिया कि वे चाहें तो न्याय पंचायतों का औपचारिक गठन कर सकते हैं। भारत के सभी राज्य अपने पंचायतीराज अधिनियमों में न्याय पंचायतों का प्रावधान करें अथवा संसद उक्त दो शब्दों की गलती सुधारें। गांव सरकारों को इनकी न्यायपालिका से वंचित क्यों रखा जा रहा है ? ठीक भी है कि यदि भारतीय संविधान ने पंचायत को सेल्फ गवर्नमेंट यानी अपनी सरकार का दर्जा दिया है, तो पंचायत के पास अपनी न्यायपालिका और कार्यपालिका भी होनी चाहिए।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

# पथेर पांचाली का जादू आज भी कायम

## फिल्म



**जाहिद खान**

जीनियस फिल्मकार सत्यजित रे की क्लासिक फि ल्म पथेर पांचाली की रिलीज को छह दशक से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन इसका जादू आज भी कायम है। यह फि ल्म एक बार सुर्ख़ियों में हैं। ब्रिटिश मैगजीन साइट एंड साउंड ने हाल ही में दुनिया भर की 100 बेहतरीन फि ल्मों की एक फेहरिस्त जारी की, इस फेहरिस्त में पथेर पांचाली 35वें नंबर पर है। यह पहली बार है, जब इस लिस्ट में किसी भारतीय फि ल्म का नाम शामिल हुआ है। मैगजीन के मुताबिक, यह फि ल्म कलकत्ता केन्द्रित भारतीय कला सिनेमा के आने का ऐलान करती है। यह कमर्शियल सिनेमा से कुछ अलग है। फि ल्म में कई यादगार सीन हैं। मसलन अपू और उसकी बहन का धान के खेत में दौड़ना और वहां से गुजरने वाली ट्रेन को देखना। गौरतलब है कि साइट एंड साउंड हर 10 साल में एक मर्तबा दुनिया की शीर्ष फि ल्मों की फेहरिस्त जारी करती है। यह सिलसिला साल 1952 से चल रहा है। बहरहाल, इस साल तकरीबन 1639 क्रिटिक्स, क्यूरेटर, प्रोग्रामर्स, आर्काइविस्ट और एजुकेशनिस्ट ने अपनी तरफ से टॉप 10 लिस्ट बनाकर इस पोल में हिस्सा लिया था। जिसमें उन्होंने पथेर पांचाली को भी इस लिस्ट में रखा। अभी ज्यादा दिन नहीं गुजरे हैं, इसी साल अक्टूबर महीने में द इंडियन चैप्टर ऑफ इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ फि ल्म क्रिटिक्स (एफआईपीआरईसीआई–इंडिया) ने पथेर पांचाली को अपने एक सर्वेक्षण में अब तक की सर्वश्रेष्ठ भारतीय फि ल्म का खिताब दिया था। संस्था ने सभी भाषाओं में भारतीय सिनेमा के इतिहास में शीर्ष 10 फि ल्मों की लिस्टिंग करते हुए ऑल टाइम टेन बेस्ट इंडियन फि ल्म्स की एक लिस्ट निकाली। जिसमें 'पथेर पांचाली' अव्वल नंबर पर, तो डायरेक्टर ऋत्विक घटक की 'मेघे ढाका तारा' दूसरे और मृणाल सेन की भुवन शोम ?तीसरे स्थान पर रही। इस फेहरिस्त में सत्यजित रे की एक और फि ल्म 'चारूलता' ने भी जगह बनाई थी। लिस्ट में यह फि ल्म सातवें नंबर पर है। सत्यजित रे और उनकी फि ल्म पथेर पांचाली के लिए यह बहुत बड़ा मर्तबा है।

सत्यजित रे देश के ऐसे फिल्मकार हैं, जिनकी पहली ही फिल्म पथेर पांचाली से उन्हें एक दुनियावी शिनाख़्त और बेशुमार शोहरत मिली। साल 1956 में कान्स फि ल्म फेस्टिवल में इसे बेस्ट ह्यूमन डॉक्यूमेंट यानी सर्वश्रेष्ठ मानवीय फिल्म का अवार्ड मिला। बंगाल के विख्यात लेखक विभूतिभूषण बंद्योपाध्याय की कालजयी रचना पथेर पांचाली (छोटे पथ का गीत) पर सत्यजित रे ने फिल्म बनाने का मंसूबा बनाया। उनके इस ख़्वाब की ताबीर होने में हालांकि, बहुत परेशानियां पेश आईं। खास तौर पर इस फिल्म के लिए पैसा जुटाना, रे के लिए कोई आसान काम नहीं था। सत्यजित रे ने अपने सपने को साकार करने के लिए पत्नी विजया राय के गहने तक बेच डाले। बावजूद इसके पैसों की जरूरत बनी रही। रे की इन मुसीबतों को देखकर, उनकी मां सुप्रभा देवी उन्हें पश्चिम बंगाल के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.विधानचंद्र राय के पास ले गईं। जो सत्यजित राय के पिता सुकुमार राय से अच्छी तरह वाकि फ थे। मुख्यमंत्री वीसी राय ने इस फि ल्म के लिए सरकार से फाइनेंस कराया, तब जाकर ये मुकम्मल हो सकी। तीन साल के लंबे इंतजार और कड़ी मशक़्क़त के बाद साल 1955 में पथेर पांचाली रिलीज हुई। फि ल्म रिलीज होते ही इसकी मकबूलियत आहिस्ता-आहिस्ता दुनिया भर में पहुंची। दर्शकों ने सत्यजित रे के इस पहले ही काम को दिल से सराहा। पथेर पांचाली ऐसी दूसरी फिल्म है जिसे प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल कान्स फिल्म समारोह में एंट्री मिली। फेस्टिवल में पथेर पांचाली को पहले अनदेखा कर दिया गया था। इस पर किसी ने कोई नोटिस नहीं लिया। इसके पीछे भी एक अलग वजह थी। दरअसल, पथेर पांचाली का शो, अकीरा कुरोसावा की फिल्म के बाद हुआ था। उनकी फिल्म देखने के बाद ज्यूरी के कई मेंबर जापान एंबेसी द्वारा आयोजित डिनर में चले गए। जिसके चलते उन्होंने पथेर पांचाली को देखा ही नहीं। लेकिन फिल्म के शो के दौरान एक शख़्स मौजूद था और यह शख़्स आँद्रे बाजॉ था, जो जाने-माने फिल्म क्रिटिक थे। जिनकी टिप्पणियों को उस वक्त बड़े-बड़े फिल्मकार भी गंभीरता से लेते थे। दूसरे दिन अखबारों में आँद्रे बाजॉ की यह टिप्पणी छपी, जिसमें उन्होंने ह्यपथेर पांचालीह्न की तारीफ करते हुए, ज्यूरी के गैर जिम्मेवाराना रवैये पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखा, ऐसा कर ज्यूरी ने फिल्म के साथ नाइंसाफी की है। बहरहाल बाजॉ की टिप्पणी का यह असर हुआ कि पथेर पांचाली का फि ल्मोत्सव में दोबारा शो हुआ। ज्यूरी ने न सिर्फ.इस फि ल्म को देखा, बल्कि अपनी गल्ती को तस्लीम करते हुए पथेर पांचाली को अवार्ड से भी नवाजा। कान्स फिल्म फेस्टिवल में सम्मानित होने के बाद दीगर पश्चिमी फि ल्म समारोहों में भी फिल्म ने धूम मचाई। भारत की बात करें, तो इस फिल्म को पश्चिम बंगाल के साथ-साथ पूरे देश के दर्शकों का प्यार मिला। सरकार ने पथेर पांचाली को राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित किया। पथेर पांचाली यदि कान्स फिल्म फेस्टिवल तक जा सकी, तो उसका श्रेय तत्कालीन प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू को भी है। उन्होंने जब इस फिल्म को देखा, तो इतने प्रभावित हुए कि आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में पथेर पांचाली को कांस फि ल्म फेस्टिवल में दिखाए जाने का बंदोबस्त किया। उसके बाद का इतिहास सब जानते हैं।

ह्यपथेर पांचालीह्न की स्टोरी अगर जाने, तो एक छोटे से गाँव में सुविधाओं के अभाव और गरीबी के बीच एक परिवार के छोटे-छोटे सुखों और दुःखों की यह कहानी इतनी सार्वभौमिक और सार्वकालिक है कि इसने बांग्लाभाषी होते हुए भी दुनिया भर के दर्शकों को प्रभावित किया। सिनेमा की दुनिया में सत्यजित रे की सीधी-सादी किस्सागोई ने तहलका मचा दिया। पथेर पांचाली में ऐसा क्या था ?, जो सत्यजित रे को पसंद आया और उन्होंने इस उपन्यास पर फिल्म बनाने का फ़ैसला किया। सत्यजित रे पर बनी डाक्युमेंट्री राय द मास्टर्स में पथेर पांचाली के बारे में रे की कैफियत है, मैं इस किताब से भलीभांति परिचित था। क्योंकि, एक विशेष संस्करण के लिए मैंने इसका रेखांकन तैयार किया था। रेखांकन बनाने के लिए पढ़ते वक्त मुझे लगा कि शुरूआत के लिए यह विषय अच्छा है। उसमें मुझे चाक्षुष और भावनात्मकता के लिहाज से कई विशिष्टताएं दिखी थीं, जो फिल्मी जादू रचने में सहायक होती हैं। सत्यजित रे की सोच सही दिशा में थी। फिल्म का जादू दर्शकों के सिर चढ़कर बोला।

आज भले ही पथेर पांचाली फिल्मी इतिहास में एक सुनहरा पन्ना है, लेकिन यह जानकर लोगों को तअज्जुब होगा कि सत्यजित रे ने जब ह्यपथेर पांचालीह्न को फिल्माना शुरू किया, तब उनके पास इस फिल्म की स्क्रिप्ट जैसा कुछ भी नहीं था। सिर्फ.कुछ नोट्स थे। यही नहीं इस फिल्म के संवाद भी सीधे किताब से लिए गए थे। रे उस वक्त तक संवाद लेखक के तौर पर पारंगत नहीं हुए थे। पथेर पांचाली के ज्यादातर कलाकारों ने इस फिल्म में काम करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। ना-नुकूर के बाद ही उन्होंने इस फिल्म में अदाकारी की थी। वहीं पथेर पांचाली के कला निर्देशक बंशी चंद्रगुप्त ने इस फिल्म से पहले कला निर्देशक के तौर पर कोई काम नहीं किया था।

सिनेमैटोग्राफर सुब्रतो मित्र, जो आज बेहतरीन सिनेमैटोग्राफर माने जाते हैं, उन्होंने भी इस फिल्म से पहले कभी मूवी कैमरा हैंडिल नहीं किया था। वह स्टिल फोटोग्राफर थे और मूवी कैमरे को लेकर बेहद नर्वस थे। सत्यजित राय के साथ बाद में इन दोनों की ऐसी ट्यूनिंग बनी कि बंशी चंद्रगुप्त ने 23 फिल्मों में उनके संग काम किया, तो सुब्रत मित्र भी उनके साथ आखिर तक जुड़े रहे। पथेर पांचाली को उस वक़्त 11 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार और भारत में कुल 32 सम्मान मिले। यही नहीं बीबीसी की बेहतरीन सौ फिल्मों की फेहरिस्त में भी पथेर पांचाली शामिल है। बावजूद इसके सत्यजित रे पथेर पांचाली को अपनी सर्वक्षेष्ठ फिल्म नहीं मानते थे। क्योंकि उनकी निगाह में पथेर पांचालीह्न में काफी कमियां हैं। जबकि उनके मुताबिक एक सर्वश्रेष्ठ फिल्म पूरी तरह परफेक्ट होनी चाहिए-हर दृष्टि से, हर एंगल से और पथेर पांचाली में वह परफेक्शन नहीं है। (सत्यजित रे से संजीव चट्टोपाध्याय का संवाद, पत्रिका-समकालीन सृजन, अंक-17) जिस फि ल्म को पूरी दुनिया ने खुले दिल से सराहा और आज भी उसे पसंद करते हैं, उसको परफेक्ट नहीं मानना, सत्यजित रे की विनम्रता को दशार्ता है। इसी लिए वो महान फि ल्मकार हैं।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, संपर्कः 94254 89944)**

## व्यंग्य



## न सूत, न कपास

**अरविंद तिवारी**

मोबाइल की घंटी, एक सत्तर पार लेखक की नींद में खलल डालती है। सत्तर पार का यह लेखक बीमारी के बरक्स रोज दोपहर को एक घंटे की नींद लेता है।उधर दूसरे प्रांत का पैंसठ पार लेखक फोन पर है।

हैलो,नमस्कार!

नमस्कार जी!

आवाज भारी लग रही है।तबीयत तो ठीक है?

दो दिनों से सर्दी बढ़ गई है।इसलिए तबीयत ठीक नहीं है।

हमारे इधर भी यही हाल है।

आपके उप्र संस्थान वाले सम्मान का क्या हुआ।कब मिल रहा है?यार कमाल हो गया!सम्मान के ढाई लाख रुपए मेरे बैंक खाते में आ गए।सम्मान समारोह बाद में होगा।

आपका मोटो,गर्व से कहो हम कंजूस हैं,के अनुसार ही सब हो रहा है।लखनऊ जाने आने का श्रम बच गया।

आप गलत समझे।हमारा मोटो तब सफल होगा जब हम लखनऊ तक ट्रेन में सामान्य स्लेपर में यात्रा करके सेकेंड ऐसी का किराया वसूल करेंगे।जनवरी के बाद कार्यक्रम होने की उम्मीद है।

क्या दृष्टि है!इस दिव्य कंजूसी के लिए आपको पुनः बधाई।

मैंने आपको अमुक प्रकाशन की विज्ञप्ति भेजी थी,जिसमें पांडुलिपियां मांगी गई थीं।उनमें से चयनित पांडुलिपियों की घोषणा हो चुकी है।तीन पांडुलिपियां चयनित हुईं हैं।पुरस्कार के साथ उन्हें छापा जाएगा।हिंदी की एक बड़ी कथाकार भी निर्णायक मण्डल में शामिल थीं।यह साहित्य की महत्वपूर्ण घटना है।यह बताओ आपने पांडुलिपि भेजी थी या नहीं।

क्यों झूठ बोलते हो।कोई विज्ञप्ति तुमने हमें नहीं भेजी।यार तुम्हें अपने राज्य का और उप्र हिंदी संस्थान का,दो सम्मान क्या घोषित हुए,तुम हम जैसे वरिष्ठों से मजाक पर उतर आए।तुमने हमें कोई विज्ञप्ति नहीं भेजी।जिस अमुक प्रकाशन की बात कर रहे हैं,वह वास्तव में इन दिनों चर्चा में है।मेरे पास नई किताब की पांडुलिपि तैयार थी।इन दिनों गाय,राम और कृष्ण को लेकर लोग खूब लिख रहे हैं।उसी तरह का उपन्यास मैंने भी लिखा था।आप अगर सचमुच मुझे विज्ञप्ति भेज देते, तो मेरी ही पांडुलिपि का चयन होता।आपने मित्रता नहीं निभाई।हमने आपको उप्र हिंदी संस्थान की विज्ञप्ति हर साल भेजी कि नहीं।उसी का परिणाम है इस साल आपको ढाई लाख का सम्मान मिल गया।आप अपने राज्य और अन्य राज्यों की विज्ञप्तियां भेजते ही नहीं।हम दोनों का दर्द एक जैसा है।पर इधर तुम्हें दो सम्मान क्या मिले,तुम्हारे नखरे बढ़ गए हैं।अब तुम हमदर्द नहीं रहे।

आप फाउल खेल रहे हैं जनाब।आरोप लगा दिया कि मैंने विज्ञप्ति भेजी ही नहीं।जरा अपना वाट्स एप चेक तो करते।मुझे अच्छी तरह याद है,मैंने भेजी थी।अंतिम तिथि अपने हाथ से टाइप की थी।यदि आपका फोन गड़बड़ न हो तो अभी वाट्स एप चेक करो।

दिक्कत यही है।मेरा फोन विज्ञप्ति नहीं दिखा सकता।वह फोटो आदि इतने दिनों बाद नहीं दिखाता।केवल टाइप किया हुआ मेटर ही दिखाता है।तुम अपने वाट्स एप पर चेक करो।भेजी है,तो तुम्हारे फोन में भी मौजूद होगी।

कोशिश करता हूं।मिल गई तो बता दूंगा किस तारीख को भेजी है।मुझे याद है,तीन महीने पहले भेजी थी।

थोड़ी देर शांति रहती है।पैंसठ पार वाला बन्दा अपना मोबाइल देख रहा होगा।इधर सत्तर पार वाला इंतजार कर रहा है।उसे सामने वाले का झूठ जो पकड़ना है।

देख लिया।कब भेजी थी।

देख लिया।आज से ठीक तीन माह आठ दिन पहले भेजी थी।फिर भेज रहा हूं।कमसे कम आपको तसल्ली तो हो जाएगी।

सत्तर पार वाले लेखक के वाट्स एप पर विज्ञप्ति आ जाती है।पर विज्ञप्ति में पांडुलिपियां चालीस साल की उम्र तक के लेखकों से मांगी गईं हैं।

अब दोनों तरफ के मोबाइल शांत पड़े हैं।सत्तर पार वाला रजाई में घुसा हुआ,पैंसठ पार वाले को लगातार गालियां दे रहा है।बिना मतलब की विज्ञप्तियां भेजने वाला दोस्त, काम का तो हरगिज नहीं हो सकता।दोस्ती में इस तरह की कंजूसी,गर्व करने लायक भी नहीं है।

**(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# गोदामों से डीएपी यूरिया नदारद

**किसान परेशान**

### प्राइवेट दुकानों पर महंगे दामों पर खरीद रहे खाद

### खेती बाड़ी हो रही प्रभावित अधिकारी नहीं ले रहे संज्ञान

जनसंदेश न्यूज



**राजगढ़।** स्थानीय क्षेत्र के गोदामों में यूरिया डीएपी समाप्त हो चुकी है लेकिन सरकारी व्यवस्था को संभाल रहे मातहतों को इसकी कोई परवाह नहीं है। जानकारी के अनुसार ददरा खाद गोदाम पर लगभग 10 दिनों से डीएपी समाप्त हो गई है। वहीं यूरिया भी अब खत्म हो चुकी है। जबकि क्षेत्र में जबरदस्त सूखे का प्रभाव रहा तथा बरसात कम होने से धान के फसल की बुवाई अपेक्षाकृत थोड़ा बहुत ही हो पाया साथ ही जितनी बुवाई हुई उसमें भी सूखे की वजह से फसल सूख गया। जैसे तैसे किसानों ने रवि फसल की बुवाई के लिए नीजी साधन के माध्यम से खेतों की सिंचाई कर गेहूं चना मटर सरसो आदि फसलों की खेती करना चाहते हैं लेकिन गोदामों पर खाद की किल्लत से बिना उर्वरक के ही बुवाई करने पर मजबूर हो रहे हैं। वहीं बाजारों में प्राइवेट दुकानों पर खाद की कालाबाजारी धड़ल्ले के साथ किया जा रहा है किसानों से मनमाना लूट मचा हुआ है लेकिन कृषि क्षेत्र के किसानों की व्यवस्था भगवान भरोसे ही चल रहा है और सरकारी व्यवस्थाएं पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी हैं जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति दिन पर दिन बिगड़ती जा रही है जिसका असर सरकारी नौकरशाहों पर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है।

## जाको राखे साइयां मार सके ना कोय

**जमालपुर।** जाको राखे साईयां मार सके ना कोय की यह कहावत उस समय चरितार्थ हुई जब पीछे से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने कार सवार को टक्कर मार दिया। जहां चालक समेत तीन पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। जिन्हें खरोंच तक नहीं आई। जानकारी के अनुसार अदलहाट थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर हाइवे पर स्थित टेडुआ वीर मंदिर (नारायनपुर) के पास मंगलवार को पीछे से आ रही अनियंत्रित ट्रक ने थाना प्रभारी जमालपुर मनोज कुमार की कार को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस संयोग अच्छा था कि कार में सवार थाना प्रभारी मनोज कुमार, चालक बृजेश यादव एवं गौतम गोड़ को खरोंच तक नही आई। जमालपुर थाना प्रभारी सुबह करीब नौ बजे अपनी कार से दो सिपाहियों को साथ लेकर आवश्यक कार्य से हाईकोर्ट प्रयागराज जा रहे थे कि जैसे ही टेडुआ वीर मंदिर के पास पहुंचे कि उनकी कार दुर्घटना का शिकार हो गई। ट्रक की जोरदार टक्कर से कार घूम गई एवं क्षतिग्रस्त हो गई। जिसके बाद ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। ट्रक को अदलहाट पुलिस ने कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

# ग्राम पंचायत सचिवों का चरम पर है उत्पीड़न : राकेश तिवारी

जनसंदेश न्यूज

**बैठक**

### बिना स्पष्टीकरण के वेतन अवरुद्ध करने पर बिफरे संगठन के पदाधिकारी

**मीरजापुर।** ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी संयुक्त समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को भरुहना स्थित एक होटल के हॉल में आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त किया गया। जनपदस्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रायः बिना स्पष्टीकरण के ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी का वेतन अवरुद्ध करने की कार्यवाही की जा रही है। विकास खण्ड हलिया, विकास खण्ड पटेहरा कलों व विकास खण्ड जमालपुर के खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा अनाधिकृत चेष्टा करते हुए ग्राम विकास अधिकारियों का वेतन रोकने की कार्यवाही की जा रही है जबकि शासनादेशानुसार ग्राम विकास अधिकारी का वेतन आहरण करने का अधिकार जिला विकास अधिकारी में निहित है। मनरेगा योजनान्तर्गत ब्लॉक स्तर पर मनरेगा सेल व विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा उत्पीडनात्मक कार्य किये जा रहे है। जिसकी सूचना समय समय पर जिला स्तरीय अधिकारियों को दी जाती रही है परन्तु जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कोई भी प्रभावी कार्यवाही न होने के कारण ग्राम पंचायत सचिवों का उत्पीड़न चरम पर है। कई वर्षों से तैनात तकनीकी सहायक व ब्लॉक कोआर्डिनेटर के कार्यक्षेत्र में बदलाव आवश्यक है। उक्त बैठक में चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव, धनन्जय बिन्द, अनूप दूबे, संजय पाण्डेय, मुकेश मिश्रा, राजेन्द्र कुमार, शिवराम सोनकर, जगजीत पटेल, उमाकान्त राजाराम, धर्मेन्द्र पाण्डेय, मनोज यादव ने सम्बोधित किया। बैठक की अध्यक्षता राकेश तिवारी ने किया व संचालन अक्षैवनाथ यादव ने किया।

# सामाजिक समरसता कार्यक्रम में सपा छात्रसभा का हंगामा

**मीरजापुर।** नगर के के.बी. महाविद्यालय में डा.भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण पर आयोजित कार्यक्रम में समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। दोनों पक्षों में मारपीट के चलते कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा- बुझाकर मामला शांत कराया। एसपी सिटी श्रीकांत प्रजापति ने कहा कि महाविद्यालय प्रशासन की तरफ से तहरीर मिलने पर न्याय उचित कार्रवाई की जाएगी। मंगलवार को के.बी.महाविद्यालय के सभागार में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम आरंभ होने वाला था इसी दौरान समाजवादी छात्र सभा के पहुंचे कुछ छात्रों ने हंगामा शुरू कर दिया। लिहाजा महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम हंगामा और मारपीट के चलते स्थगित कर दिया गया। हँगामा के चलते महाविद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। कालेज का मेन गेट बंद कर दिया गया। सूचना मिलते ही शहर, कटरा और विंध्याचल थानों की पुलिस के साथ एसपी सिटी कालेज में पहुंचे। मौके से एक पक्ष के कार्यकर्ता फरार हो चुके थे। पुलिस ने जानकारी लेते हुए कार्यक्रम को आरंभ कराए जाने का प्रयास किया। भगदड़ के चलते कार्यकर्ताओं के चले जाने पर कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। जब मामला शांत हुआ तब गैर महाविद्यालय का एक छात्र कार्यक्रम के आयोजन पर ही विवाद करने लगा। जिसे पुलिस ने हिरासत में लिया है। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने समाजवादी छात्र सभा के कार्यकर्ताओं पर हंगामा करने का आरोप लगाया। कहा कि महाविद्यालय प्रशासन की अनुमति मिलने के बाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें हंगामा करने वाले छात्रों खिलाफ के खिलाफ कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग की। कार्यक्रम में अंशुमाली मिश्र, दिव्यांश अवस्थी, श्रेयांश सिंह, प्रांशु साहू, श्रेयस पांडेय, शिवा पांडेय, विशाल दुबे, यश नारायण, स्नेहिल वर्मा, अभय गुप्ता, शुभम यादव एवं अतुल गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन

**कछवां।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन अतिरिक्त जिला चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डाक्टर अशोक कुमार राय ने की। श्री राय ने अपने उद्बोधन में मनोरोगियों के विषय में बताया कि इनके साथ अच्छा व्यवहार होना चाहिए परिवार या समाज के लोग मनोरोगियों से प्यार भरा व्यवहार करें। डाक्टर अशोक कुमार राय ने बताया कि जिस ब्यक्ति को नींद कम आए, रात को कई बार नींद उचट जाय, अकेले में बड़बड़ाने लगे, छोटी छोटी बातों से झल्ला उठे, आदि तो समझना चाहिए ब्यक्ति मनोरोग की श्रेणी में आ सकता है ऐसे ब्यक्ति की समस्याओं पर ध्यान दें इन्हें अकेला न छोड़ें ज्यादे से ज्यादा इनकी मदद करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछवां के अधीक्षक डाक्टर सी बी पटेल, मनोरोग विशेषज्ञ डाक्टर पूजा सिंह, मनोरोग डाक्टर राहुल सिंह ने 11 मनोरोगियों को प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर डाक्टर उमेश श्रीवास्तव, अभिशेष सोनकर, अखिलेश, नर्स श्वेता वर्मा, हेल्पर मनीष उपाध्याय उपस्थित रहे।

# डीएम की अपील पर ग्राम प्रधानों ने गौशालाओं के लिये दान किया पुआल

**नेक कार्य**

### सीडीओ ने पुआल दान करने वाले प्रधानों के प्रति व्यक्त किया आभार

### अन्य ग्राम प्रधानों से भी दान करने हेतु की अपील

जनसंदेश न्यूज



पुवाल लदी ट्राली को रवाना करते लोग।

**मीरजापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने बताया कि जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के अपील पर कई ग्राम प्रधानों के द्वारा गौ आश्रय स्थलों में रह रहे गौवंश के चारा के लिये पुआल/पराली का दान किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि लालगंज तहसील अन्तर्गत ग्ररम पतुलिकी के ग्राम प्रधान गणेश शंकर दूबे द्वारा 04 दिसम्बर 2022 को ग्राम बामी में स्थित गौ आश्रय स्थल के लिये एक ट्रैक्टर ट्राली पुआल का दान किया गया था। तत्पश्चात उनके द्वारा मंगलवार को पुनः एक ट्रैक्टर ट्राली पुआल बामी गौशाला के लिये दान किया गया। इसी प्रकार गौवंश केन्द्र धनसिरिया राजगढ़ में ग्राम प्रधान चौखड़ा के द्वारा एक ट्रैक्टर ट्राली पुआल कुट्टी दान स्वरूप दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त ग्राम प्रधानों के द्वारा दान किये गये पुआल से प्रेरणा लेकर ग्राम प्रधान बनवारी, ग्राम प्रधान थरपरसिया एवं ग्राम प्रधान सोनबरसा के द्वारा आश्वस्त किया गया हैं कि ट्रैक्टर व श्रमिक के व्यवस्थतता होने से बिलम्ब से यथा अगले दो दिन के अन्दर पुआल का दान गौशालाओं के लिये कर दिया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पुआल दान करने वाले गौशालाओं में चारा हेतु सहयोग प्रदान के लिये आभार व्यक्त करते हुये अन्य ग्राम प्रधानों व गणमान्य व्यक्तियों, प्रगतिशील कृषकों से अपील की है कि वे भी गौशालाओं के लिये पुआल दान करें। इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी लालगंज भी उपस्थित रहें।

# गांजा तस्कर समेत 3 गिरफ्तार

### पिकप बोलेरो में भरा 50 किलो मादक पदार्थ बरामद, वाहन जब्त

जनसंदेश न्यूज




पत्रकार वार्ता में जानकारी देते एसपी

**मीरजापुर।** कछवां थाना इलाके से जनपद पुलिस ने 25 हजार के इनामी वांछित आरोपी समेत 3 अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया हैं। पिकप व बोलेरो में छिपाकर ले जाया जा रहा 50 किलो गांजा बरामद किया है। जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख रुपया बताया गया है। जिसका खुलासा पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में किया।

पकड़े गए आरोपी गायत्री प्रसाद उर्फ जय प्रकाश कलना गहरवार थाना विन्ध्याचल संदीप उर्फ बाबूलाल केशरवानी पुत्र राजकुमार केशरवानी करछना प्रयागराज तथा करमवीर यादव उर्फ टुनटुन पुत्र परमानन्द थाना तुमला जिला जसपुर छत्तीसगढ़ के निवासी है। स्वाट सर्विलांस टीम प्रभारी राजेश जी चौबे, एसओजी सतेन्द्र यादव व प्रभारी निरीक्षक कछवां रामस्वरूप वर्मा ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर सक्रिय हुए। कछवां क्षेत्र से 3 गायत्री प्रसाद उर्फ जय प्रकाश बिन्द, संदीप उर्फ बाबूलाल केशरवानी एवं करमवीर यादव उर्फ टुनटुन को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पिकअप व बोलेरो में लदे कुल 50 किलो गांजा बरामद किया गया । गायत्री प्रसाद पर कछवां के वांछित अभियुक्त पर 25 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। आरोपियों को गिरफ्तार कर पिकअप एवं बोलेरो बरामद किया। पकड़े गये अभियुक्तों ने बताया कि हम लोगों द्वारा छत्तीसगढ़, उड़ीसा व अन्य प्रान्तों से चार पहिया वाहनों में छिपाकर गांजा लाकर जनपद मीरजापुर व आसपास के जनपदो में बेचने का कार्य किया जाता है । इसके बदले में हम लोगो की अच्छी आमदनी हो जाती है।

## 20 दिन से जले ट्रांसफार्मर की विभाग ने नहीं ली सुधि

**लालगंज।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के घुर्मा गांव में विगत 20 दिनों से बिजली ट्रांसफार्मर जलने के बावजूद आज तक दूसरा ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया जिससे लगभग 25 कनेक्शनधारियों के घरों में बिजली गायब है। कनेक्शनधारियों द्वारा इसकी शिकायत ऑनलाइन कराने के बावजूद भी संबंधित अधिकारियों द्वारा आज तक दूसरा ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया। बिजली कनेक्शनधारियों में ट्रांसफार्मर न बदलने को लेकर आक्रोश देखा गया। सरकार ने बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने पर अभिलम्ब दूसरा ट्रांसफार्मर लगवाने का आदेश अधिकारियों को देने के बावजूद भी अधिकारियों द्वारा खराब ट्रांसफार्मर को बदलने की जरूरत नहीं समझ रहे हैं ऐसे में बिजली कनेक्शनधारियों के लिए भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। विगत 20 दिनों से बिजली न रहने से उक्त ट्रांसफार्मर से 25 कनेक्शन धारी बिजली के अभाव में आंसू बहा रहे हैं। कनेक्शन धारी भरत लाल मिश्रा, विश्वनाथ, प्रेमा देवी, फुले आदि लोगों ने बताया कि बिजली के अभाव में सारी दैनिक दिनचर्या खराब हो गई है नेताओं उच्चाधिकारियों से शिकायत किए जाने के बावजूद भी नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया जा रहा है।

# बरसात कम होने के कारण क्षेत्र में कम हुई धान की पैदावार

जनसंदेश न्यूज

**परेशानी**

### पशुओं के चारे के लिए पशुपालक परेशान

### छुट्टा पशुओं से किसान की मुश्किलें बढ़ी

**कलवारी।** स्थानीय विकासखंड राजगढ़ के ग्राम सभा कलवारी माफी व सीमावर्ती क्षेत्रों में बरसात कम होने के कारण धान की रोपाई कम होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ी है कृषि पर आधारित क्षेत्र होने के नाते किसानों का जिवकोपार्जन कृषि पर ही आधारित है , धान की रोपाई ना होने से स्थिति विकट है।

इस बार बरसात अच्छी ना होने से धान की रोपाई व पैदावार पर असर पड़ा है मनुष्य के साथ-साथ पशुओं के भी सामने चारे की दिक्कतें बढ़ गई हैं मनुष्य किसी तरीके से खुद के भोजन का जुगाड़ कर लेगा, लेकिन पशुओं के चारे का इंतजाम करना एक बड़ी चुनौती है पैदावार कम होने से क्षेत्र में भूसे व पुआल की डिमांड बढ़ी है क्षेत्र में भूसेवा पुआल ऊंचे दामों पर बिक रहे हैं` किसान रामजतन ,राजाराम ,लाला, मल्लू , बसंतु पाल,हरिशंकर व अन्य किसानों ने बताया कि क्षेत्र में सिंचाई के लिए नहर की समुचित व्यवस्था न होने से किसानों को सूखे की मार झेलना पड़ रहा है।

यदि क्षेत्र में सिंचाई की व्यवस्था नहर के माध्यम से करा दी जाए तो किसानों को सूखे से राहत मिलेगी किसानों के द्वारा ऊंचे दामों पर पुआल खरीदकर ट्रैक्टर पर लादकर ले जाया जा रहा है क्षेत्र में छुट्टा पशुओं के आतंक से किसान परेशान हैं, फसलों को छुट्टा पशु चटकर जा रहे हैं अस्थाई गौशाला बन जाए तो छुट्टा पशुओं से निजात मिलेगी व फसलों को बचाया जा सकेगा।

# अन्तर्प्रान्तीय डिजाइनरों संग डीएम ने की मैराथन बैठक

### विन्ध्य कोरिडोर को भव्य बनाने पर बनी रणनीति

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** विन्ध्यकोरिडोर के सम्बंध में जिलाधाधिकारी दिव्या मित्तल ने पर्यटन विभाग के अन्तरप्रान्तीय तकनीशियन व डिजाइनरों संग मेलाकैम्प कार्यालय में करीब तीन घंटे तक बंद कमरे में मैराथन बैठक की। बैठक के पश्चात बाहर निकलते वक्त आज संवाददाता से बात करते हुए डीएम ने बताया कि विन्ध्यकोरिडोर को कितना सुंदर व सुविधाजनक बनाया जा सकता है, इस संदर्भ में कुछ अलग अलग प्रान्तों से डिजाइनरों से विभिन्न प्रकार की बातें हुईं।

हमारी प्राथमिकता विन्ध्यकोरिडोर को भव्य बनाने की है। लगभग तीन घण्टे चली इस बैठक में पर्यटन विभाग से हैदराबाद, हरियाणा, महाराष्ट्र व यूपी के कुछ शहरों लखनऊ, प्रयागराज इत्यादि स्थानों से डिजाइनरों के अलावा नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर वीरेन्द्र कुमार, सहायक पर्यटन अधिकारी नवीन कुमार, जेई पीडब्लूडी प्रवीण चौहान, जेई विद्युत रमन चतुर्वेदी इत्यादि लोग मौजूद रहे।



बैठक करतीं डीएम।

# डॉ. अम्बेडकर ने किया था समान अधिकार की वकालत : डायरेक्टर

जनसंदेश न्यूज



बच्चों को अम्बेडकर के बारे में जानकारी देते अतिथि।

**अदलहाट।** विद्या संस्कार पब्लिक स्कूल कौड़िया कला अदलहाट में मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर बच्चों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बच्चों ने कहा कि भारत की मजबूत नींव रखने वाले डॉ. अम्बेडकर हमारे लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। स्कूल के चेयरमैंन डॉ. नागेंद्र प्रसाद द्विवेदी ने कहा है कि बाबा साहेब सामाजिक भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाया और सभी के लिए समान अधिकार, स्वतंत्रता और व्यवहार की वकालत की।

उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया। अनेक भाषाओं के ज्ञाता डॉ. अम्बेडकर ने अनेक देशों के संविधान का अध्ययन कर विविधतापूर्ण भारत को ऐसा मजबूत और लचीला संविधान दिया जिसने एक मजबूत राष्ट्र की नींव रखी। इस अवसर पर डायरेक्टर सौम्या द्विवेदी ने बच्चों के डॉक्टर अंबेडकर के जीवन के बारे में दिए गए भाषण को सराहा और पुरस्कृत किया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शैल तिवारी, आलोक सिंह, शिवम श्रीवास्तव, विनीता उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# डॉ. अम्बेडकर ने दिया सर्व समाज का नारा : डॉ अशोक कुमार

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में मंडल स्तरीय भारत के संविधान निर्माता एवं प्रथम कानून मंत्री बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मंडल स्तरीय श्रद्धांजलि सभा में समर्थक साथियों ने कान्हा मैरिज लॉन बरौंधा कचार में हजारों की संख्या में इकट्ठे होकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने का काम किया। श्रद्धांजलि सभा में बतौर मुख्य अतिथि लखनऊ, प्रयागराज मीरजापुर मंडल के जोन प्रभारी पूर्व राज्य मंत्री डॉ अशोक कुमार गौतम एवं अभिषेक कुमार गौतम ने बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। उन्होंने भूखे प्यासे रहकर आजीवन संघर्ष करके देश के दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों एवं सर्व समाज को राजनैतिक चेतना पैदा करके सत्ता तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य किया था। अध्यक्षता पूर्व सांसद नरेंद्र कुशवाहा ने किया। विशिष्ट अतिथि श्रद्धांजलि सभा में बतौर विशिष्ट अतिथि मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी अभिषेक कुमार गौतम अपने विचार रखते हुए कहा कि बाबा साहब के विचारों को बढ़ाने का कार्य मान्यवर कांशीराम साहब ने किया। संचालन मुख्य मंडल प्रभारी शशि भूषण ने किया।

सभा में जिलाध्यक्ष राजकुमार भारती, सोनभद्र जिलाध्यक्ष बी सागर, भदोही जिलाध्यक्ष कड़े शंकर भारती आदि पदाधिकारी कार्यकर्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### 58 चौकीदारों को दिया गया स्वेटर व पगड़ी



**हलिया।** थाने में तैनात चौकीदारों को मंगलवार को ठंड से निजात पाने के लिए स्वेटर एवं साफा का वितरण प्रभारी निरीक्षक द्वारा किया गया। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में कार्यरत 58 चौकीदारों को ठंड से निजात के लिए स्वेटर तथा साफा वितरण किया गया है। रात दिन कड़ी मेहनत करने वाले पुलिस के मुख्य पायदान है जिन्हें ठंड से बचाव के लिए साफा एवं स्वेटर का वितरण किया गया है। स्वेटर और साफा पाकर चौकीदारों में खुशी की लहर पैदा हो गई। इस मौके पर चौकी इंचार्ज मतवार लल्लन यादव, एस आई भारत भूषण, विक्रम विशाल सिंह, जेपी यादव, चौकीदार रामनारायण, अमरनाथ, पन्नालाल आदि मौजूद रहे।

### पिकप की चपेट में आने से छह वर्षीय बालक की मौत

**मीरजापुर।** सड़क पर करते समय पिकप की चपेट में आने से 6 वर्षीय बालक की मौत हो गयी ।घटना के सम्बंध में बताया गया कि डंगहर गांव निवासी उमाशंकर सोनकर का 6 वर्षीय पुत्र राजा सोनकर मंगलवार की शाम अग्निशमन आफिस के सामने सड़क पर कर रहा था कि आचनक पिकप की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।कटरा कोतवाली क्षेत्र के पथरहिया स्थित अग्निशमन कार्यालय के सामने पिकअप के धक्के से 6 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों के साथ आसपास के लोगों ने सड़क जाम कर दिया । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत करवाते हुए जाम को हटवाया। शव को अपने कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### खेतों में न जलायें पराली

**जिगना।** कृषि सूचना सुदृढ़ीकरण एवं कृषक एक दिवसीय जागरूकता शिविर कार्यक्रम का कृषि मेला के रूप में मंगलवार को विकासखंड 96 पर आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के भारी संख्या में किसान उपस्थित हुए। कार्यक्रम में नजीरूद्दीन, एडीओए एजी मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। किसानों को अपने संबोधन में कहा कि कृषि गोदामों पर अच्छे मानक के अनुरूप बुवाई के लिए बीज मौजूद है। जिसको बोने से उपज अच्छी होगी। इस दौरान उन्होंने किसानों से कहा कि आप लोग खेत में व इकट्ठा करके पराली न जलाएं और उसे खाद के रूप में विकसित कर खेत में डालें। इस दौरान कृषि जनपद सलाहकार सुधीर श्रीवास्तव, राजकीय कृषि बीज भंडार गैपुरा प्रभारी दिनेश सिंह दयाराम आदि लोग उपस्थित रहे।

### भूमि हड़पने के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**मीरजापुर।** देहात पुलिस द्वारा फर्जी भू स्वामी बनकर कूटरचित दस्तावेज के जरिये भूमि हड़पने की नीयत से इकरारनामा कराने वाले गिरोह के 01 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा 28 अक्टूवर 2022 को जनसुनवाई के दौरान एक शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ। जिसमें आवेदक राजपति पुत्र स्व0 बाल किशुन उपाध्याय निवासी बरकछाकलां थाना को0देहात मीरजापुर द्वारा उसकी जमीन पर फर्जी दस्तावेज बना कर कुछ व्यक्तियों द्वारा मिलकर जमीन कब्जा करने के नीयत से आवेदक के जमीन का इकरारनामा करा लिया गया है। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए प्रभारी निरीक्षक को0देहात को यथाशीघ्र अभियोग पंजीकृत कर साक्ष्य संकलन के आधार पर घटना से सम्बन्धित आरोपियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये गये। उक्त निर्देश के क्रम में वादी राजपति उपरोक्त के तहरीर के आधार पर थाना को0देहात पर धारा 419/420/467/468/471/120बी भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। मंगलवार को उ0नि0 विजय कुमार राय मय टीम द्वारा थाना को0देहात क्षेत्र से विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य संकलन के आधार पर प्रकाश में आये आरोपी जितेन्द्र गिरी पुत्र स्व0 शोभनाथ गिरी निवासी ग्राम चकजोधी थाना औराई भदोही को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

### सत्यापन कराते हुये वितरण करायें सुनिश्चित

**मीरजापुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने जानकारी देते हुये बताया है कि परियोजनाओं में स्वयं सहायता समूह द्वारा माह अगस्त, 2022 के राशन की आपूर्ति प्रारम्भ हो गयी है। उन्होने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित करते हुये है कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री को स्टाक पंजिका में अंकन कराते हुए ग्राम निगरानी समिति (ग्राम प्रधान, ग्राम स्वच्छता एवं पोषण समिति सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, ग्राम पंचायत सदस्य एवं लाभार्थी माता) एवं पोषण पंचायत निदेर्शानुसार (अध्यक्षा ग्राम समुदाय अथवा स्थानीय महिला, ग्राम प्रधान, एक महिला) के समक्ष सत्यापन एवं वितरण प्रति लाभार्थी 06 माह से 03 वर्श के बच्चे को आटा बेसन हलवा तीन पैकेट (1042 ग्राम), 03 वर्श से 06 वर्श के बच्चे को आटा बेसन बर्फी (650 ग्राम) एक पैकेट व दलिया मूंग दाल खिचड़ी (600 ग्राम) एक पैकेट, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को आटा बेसन बर्फी (975 ग्राम) दो पैकेट व दलिया मूंग दाल खिचड़ी (900 ग्राम) दो पैकेट एवं 06 माह से 06 वर्श के अतिकुपोशित बच्चों को इनर्जी डेन्स हलवा (900 ग्राम) प्रति लाभार्थी 05 पैकेट वितरण कराना सुनिश्चित करें।

### 18 ओवरलोड वाहन सीज, 5 चालान

**मीरजापुर।** परिवहन विभाग द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार की रात्रि में जनपद में प्रवर्तन दलो द्वारा ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें 18 ओवरलोड वाहनों को कजरहट पुलिस चौकी व अदलहाट थाने में सीज किया गया। 5 ओवरलोड वाहनों का चालान किया गया। चार साल से कर बकाया एक वाहन को भी सीज किया गया। फिटनेस व परमिट फेल 5 वाहनों का चालान किया गया। अनधिकृत रूप से संचालित 2 वाहनों का भी चालान किया गया। इस अभियान में संतोष कुमार सिंह एआरटीओ प्रवर्तन, विजय प्रकाश सिंह एआरटीओ प्रवर्तन द्वितीय दल, राजकुमार यात्रिकर मालकर अधिकारी व प्रवर्तन सिपाही सम्मिलित रहे। यह अभियान आगे भी चलता रहेगा।

### विद्यालय परिसर में बजट की मांग को लेकर हुई बैठक

**जिगना।** खंड शिक्षा अधिकारी छानबे के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय भवरूपुर, अजगना, हरगढ़ बाजार स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय जोकि क्षेत्र का बहुत ही पुराना विद्यालय है। जिसका कुछ भाग आज भी खपरैल से बना हुआ है। जिसकी लकड़ियां जर्जरावस्था में हो गया। विद्यालय में नये भवन बनने की जरूरत है लेकिन विद्यालय के पास कोई बजट नहीं है। नए भवन बनने की अति आवश्यकता है। उसी को लेकर मंगलवार विद्यालय परिषद में ग्राम प्रधान स्मिता जायसवाल पत्नी बृजेश जायसवाल व विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रणजीत सिंह व अन्य शिक्षकों के साथ एक बैठक हुई जिसमें एक प्रस्ताव पारित किया गया और बेसिक शिक्षा विभाग से बजट की मांग की गयी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस दौरान अंजनी कुमार यादव, फहरीन नजमी, मनोज कुमार राय, अंचल जायसवाल, आशुतोष आदि विद्यालय की स्टाफ उपस्थित रहे।

### बच्चों को शिक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**कलवारी।** स्थानीय थाना क्षेत्र मड़िहान के कलवारी खुर्द में मंगलवार को श्री ब्रम्हजी शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के नेतृत्व में ओम साईं जनता जनार्दन इंटरमीडिएट कॉलेज में भारतीय विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा दो दिवसीय आउटरिंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गंगासागर दुबे तथा वैज्ञानिक डॉक्टर पी सी पांडे रहे। गंगासागर दुबे ने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। बच्चों ने विभिन्न टॉपिक पर विज्ञान के मॉडल भी बनाएं। बच्चों को सर्टिफिकेट तथा रजिस्ट्रेशन भी कराया गया। इस दौरान डॉक्टर चंदन उपाध्याय, नारायण श्रीवास्तव, सोलानी मौर्य, कठपुतली तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार, शिक्षक गोविंद सिंह, विनीत कुमार, वीरेन्द्र तिवारी, सुबाष मौर्य, प्रदुम केशरी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### नाली खुदवाने से सड़क पर बनी हुई है जाम की स्थिति

**लालगंज।** स्थानीय बाजार में कार्य दाई संस्था द्वारा सड़क के किनारे नाली खुदवाने की वजह से सड़क पर जाम की स्थिति बनी हुई है। वही सड़क पर डग्गामार वाहन एवं ठेला खोमचा वाले भी सड़क के किनारे लगा कर जाम को बढ़ावा दे रहे हैं। बाजारवासियों ने सड़क के किनारे डग्गामार वाहन एवं अवैध बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन पर अंकुश लगाने की मांग की है। लालगंज दुबार रोड लालगंज बिजयपुर रोड एवं नेशनल हाईवे रोड सड़क के किनारे बेतरतीब तरीके से डग्गामार एवं बाइक खड़ी किए जाने की वजह से सड़क पर जाम की स्थिति बन जाती है। वहीं सड़क के किनारे खोदी गई नाली के वजह से दुकानदारों एवं ग्राहकों द्वारा दुकान से सामान लेने में समस्या उत्पन्न हो गई है। बाजारवासियों की मांग है कि बाजार में सड़क के किनारे डग्गामार वाहन और बाइक यदि बेतरतीब तरीके से खड़ी न किया जाए तो जाम की स्थिति नहीं बनेगी और ग्राहक और दुकानदार में भी किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी।

### रैली में हासिल किया प्रथम स्थान

**अदलहाट।** श्री राम प्रसाद सिंह बालिका इण्टर कॉलेज शेरपुर की छात्राओं ने सावित्री बाई फूले दुबार कला मीरजापुर में 3 दिसम्बर से 5 दिसम्बर तक आयोजित गाइड रैली में जनपद स्तर पर प्रतिभाग कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें आयोजन स्थल पर मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. नमिता द्वारा छात्राओं को पारितोषिक वितरण कर मनोबल बढ़ाया व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय परिवार ने करतल ध्वनि द्वारा छात्राओं की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया।

# स्पोर्ट्स

### धीमी ओवर गति के लिए टीम इंडिया पर जुर्माना

दुबई। बांग्लादेश के खिलाफ पहले ही एकदिवसीय क्रिकेट मैच में हार के बाद टीम इंडिया को एक और झटका लगा है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टीम पर धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 80 फीसदी लगाया है। आईसीसी के इस फैसले से सभी खिलाड़ियों की मैच फीस में से मोटी रकम काटी जाएगी।
आईसीसी मैच रेफरी रंजन मदुगले ने भारतीय टीम को निर्धारित समय में कम ओवर फेंकने का दोषी पाया है। मैदानी अंपायर और मैच रेफरी ने पाया की भारत की ओर से तय समय में निर्धारित ओवर से 4 ओवर कम किये गये थे। इस प्रकार भारतीय टीम को आईसीसी आचार संहिता 2.22 के उल्लंघन का दोषी पाया गया। सभी खिलाड़ियों पर 1 ओवर के लिए 20 फीसदी जुमार्ना लगाया गया है। 4 ओवर का मतलब कुल जुमार्ना मैच फीस का 80 फीसदी हो गया। इस मामले में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने गलती मान ली है जिससे इस मामले में आगे सुनवाई नहीं होगी।

## दूसरे एकदिवसीय में जीत के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया



### सुबह 11:30 बजे से शुरू होगा मैच

**ढाका।** बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को भारतीय क्रिकेट टीम दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। पहले एकदिवसीय में हार के कारण भारतीय टीम इस सीरीज में 1-0 से पीछे है। ऐसे में अब टीम इंडिया का लक्ष्य यह मैच जीतकर बराबरी पर आना रहेगा। भारतीय टीम पहले एकदिवसीय में बल्लेबाजी में विफल रही थी। लोकश राहुल को छोड़कर कोई भी अन्य बल्लेबाज बांग्लादेशी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पाया। इसके अलावा भारतीय टीम का क्षेत्ररक्षण भी बेहद खराब रहा था। उसने अंतिम क्षणों में अहम कैच छोड़े थे जिससे टीम के हाथ आई जीत फिसल गयी थी। वहीं गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा था जिसे वे बरकरार रखना उतरेंगे। इस मैच में टीम के कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली को भी रन बनाने होगें। टीम इंडिया इस सीरीज में खिलाड़ियों के चोटिल होने से भी परेशान है। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को पहले मैच में गेंदबाजी के दौरान मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। इस मैच में उनके खेलने पर फैसला मेडिकल टीम की जांच रिपोर्ट के बाद ही किया जाएगा। वहीं उमरान मलिक दूसरे एकदिवसीय के लिए उपलब्ध रहेंगे। शार्दुल का खेलना तय नहीं है। ऐसे में उमरान के अंतिम ग्यारह में शामिल होने की पूरी संभावनाएं हैं।

शार्दुल को ढाका में पहले एकदिवसीय के दौरान लगातार ऐंठन का सामना करना पड़ा था। ऐसे में टीम प्रबंधन आने वाली टेस्ट सीरीज को देखते हुए उन्हें उतारने का जोखिम शायद ही ले। उमरान के टीम में रहने के बाद भी गेंदबाजी को और बेहतर बनाने टीम प्रबंधन फिट होने पर अक्षर पटेल को भी अवसर दे सकता है।

अक्षर भी पसली में चोट के कारण पहले एकदिवसीय से बाहर थे। ऐसे में उनके फिट होने की संभावनाएं बेहद कम हैं। वहीं अगर वह पूरी तरह से फिट होते हैं तो शाहबाज अहमद की जगह उतरेंगे।

लोकेश राहुल विकेटकीपिंग के साथ ही नंबर 4 पर बल्लेबाजी करेंगे। ऐसे में ईशान किशन को टीम में जगह मिलने की उम्मीद नहीं है। इसका कारण है कि रोहित शर्मा के साथ शिखर धवन पारी शुरू करेंगे। ईशान को तभी जगह मिल सकती है जब धवन या रोहित में से कोई फिटनेस समस्या से जूझ रहा हो। राहुल और अय्यर के बल्लेबाजी क्रम हालातों के आधार पर बदले जा सकते हैं। राहुल ने रविवार को नंबर 5 पर बल्लेबाजी की थी पर बुधवार को वह नंबर 4 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं।

टीम इंडिया का शीर्ष क्रम तय है। ऐसे में राहुल त्रिपाठी को जगह मिलने की संभावना कम ही है।

वाशिंगटन सुंदर ने पहले एकदिवसीय में अच्छा प्रदर्शन किया था और ऐसे में टीम में उनकी जगह बरकरार है। तेज गेंदबाजी क्रम में भारत के पास अधिक विकल्प नहीं हैं। अगर शार्दुल फिट नहीं होते हैं तो उमरान मलिक उनकी जगह उतरेंगे। पहले एकदिवसीय से डेब्यू करने वाले कुलदीप सेन को इस मैच में जगह मिलना तय है।

वहीं दूसरी ओर लिटन दास की कप्तानी में उतरने वाली मेजबान बांग्लादेश टीम इस मैच में भी जीत की लय बनाये रखने उतरेगी। पहले मैच में मिली बढ़त से उसका मनोबल भी बढ़ा हुआ है। पहेल मैच में उसके गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की थी ओर इस सिलसिले को वे बरकरर रखने में कोई कमी नहीं रखेंगे।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :

रोहित शर्मा (कप्तान) शिखर धवन विराट कोहली लोकेश राहुल (विकेटकीपर) श्रेयस अय्यर वाशिंगटन सुंदर दीपक चाहर शाहबाज अहमद मोहम्मद सिराज कुलदीप सेन.
बांग्लादेश की अंतिम ग्यारह

लिटन दास (कप्तान विकेटकीपर) नजमुल हुसैन शांति यासिर अली आसिफ हुसैन महामुदुलाह रियाद मेहदी हसन मिराज शाकिब अल हसन मुस्तिफिजुर रहमान नामस अहमद इबादत हुसैन।

## आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में सूर्यकुमार शीर्ष पर बराकरार, गेंदबाजी में हसरंगा नंबर एक पर पहुंचे

### अर्शदीप 23वीं रैंकिंग पर पहुंचे



**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बल्लेबाजी रैंकिंग में टीम इंडिया के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव नंबर एक पर बने हुए हैं। वहीं गेंदबाजी रैंकिंग में श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा नंबर एक पर आ गये हैं जबकि अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान दूसरे स्थान पर खिसक गये हैं। वहीं भारत के ही तेज गेंदबाज है अर्शदीप सिंह गेंदबाजी रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ 23वीं रैंकिंग पर पहुंच गये हैं। सूर्यकुमार ने हाल में समाप्त हुए टी20 विश्व कप के पांच मैचों में 200 के करीब स्ट्राइक रेट से 225 रन बनाए थे। वह करियर के सर्वश्रेष्ठ 869 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। वहीं पाकिस्तान के

विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान 830 रेटिंग अंकों के साथ रैंकिंग में दूसरे जबकि न्यूजीलैंड के डेवोन कोन्वे 779 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। पाक के ही कप्तान बाबर आजम 762 रेटिंग के साथ चौथे स्थान पर हैं। भारतीय टीम के उपकप्तान लोकेश राहुल पांच स्थान के लाभ के साथह ही 16वें स्थान पर हैं जबकि विराट कोहली 11वें और रोहित शर्मा 18वें स्थान पर आ गये हैं।

गेंदबाजी रैंकिंग की बात करें तो अर्शदीप चार स्थान के लाभ के साथ ही 23वें स्थान पर पहुंच गये है। वहीं पाक के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी 22 वें स्थान पर हैं। भारतीय स्पिनर आर अश्विन पांच स्थान के लाभ के साथ ही 13वें स्थान पर हैं। श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा नंबर एक पर हैं। हसरंगा ने टी20 विश्वकप में सबसे ज्यादा 15 विकेट लिए थे।

अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान ने ऊपर आते हुए ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को शीर्ष स्थान से नीचे कर दिया है। गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में इंग्लैंड के आदिल राशिद पहुंच गये हैं। रशीद आठवें नंबर पर पहुंच गये हैं। ऑलराउंडर में बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन 252 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। वहीं जिम्बाब्वे के सीन विलियम्स भी हाल में किये अपने बेहतर प्रदर्शन के कारण शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं।

## धवन –ईशांत दिल्ली की ओर से रणजी ट्रॉफी खेलेंगे

**नई दिल्ली।** अनुभव सलामी बल्लेबाज शिखर धवन और तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा अब दिल्ली की ओर से रणजी ट्रॉफी क्रिकेट खेलते दिखेंगे। रणजी मुकाबले 13 दिसंबर से शुरू होंगे। इसके लिए धवन और ईशांत को 39 संभावित खिलाड़ियों में जगह मिली है। धवन भारतीय टीम की ओर से अभी केवल एकदिवसीय क्रिकेट खेलते हैं। वह तीन साल बाद अब प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलते दिखेंगे। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) का मानना है कि धवन के अनुभव का लाभ टीम को मिलेगा।

डीडीसीए द्वारा जारी की गई संभावित खिलाड़ियों की सूची के अनुसार 39 सदस्यों को सोमवार सुबह रोशनआरा मैदान में अभ्यास के लिए आना था पर आधे भी नहीं पहुंचे। वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज इशांत शर्मा यश ढुल और नीतीश राणा भी संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। वहीं कप्तान के नाम की घोषणा अंतिम टीम की घोषणा के समय होगी।

टीम के लिए सबसे बड़ी चिंता उनके तेज गेंदबाजों की फिटनेस रही है और प्रबंधन को उम्मीद है कि सिमरजीत सिंह और प्रदीप सांगवान जैसे खिलाड़ी पूरे सत्र में अपनी फिटनेस बरकरार रखने में सफल रहेंगे। दिल्ली ने आखिरी बार 2007-08 में रणजी ट्रॉफी जीती थी।

दिल्ली टीम के संभावित खिलाड़ियों की सूचीः शिखर धवन ईशांत शर्मा यश ढुल नीतीश राणा हिम्मत सिंह ध्रुव शौरी आयुष बडोनी जोंटी सिद्धू वैभव कांडपाल ऋतिक शौकीन अनुज रावत विकास मिश्रा शिवांक वशिष्ठ सिमरजीत सिंह नवदीप सैनी मयंक यादव ललित यादव लक्ष्य थरेजा वैभव रावल कुलदीप यादव राजेश शर्मा मयंक रावत हर्षित राणा प्रदीप सांगवान प्रांशु विजयरान अर्पित राणा सलिल मल्होत्रा रोहन राठी वैभव शर्मा कृष यादव करण डागर योगेश शर्मा तेजस बरोका हार्दिक शर्मा शिवम शर्मा यश शेरावत ए वैभव दिविज मेहरा सिद्धांत शर्मा।

## महिला क्रिकेट टीम के बल्लेबाजी कोच बने कानितकर पोवार एनसीए में भेजे गये

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रमेश पोवार को हटा दिया है। पोवार अब नेशनल क्रिकेट एकेडमी (एनसीए) में अपनी सेवाएं देंगे। वहीं पूर्व क्रिकेटर ऋषिकेश कानितकर को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच बनाया गया है। बीसीसीआई के अनुसार कानितकर 9 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से पहले टीम से जुड़ जाएंगे। भारत को 9 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर में 5 मैचों की टी20 की सीरीज खेलनी है। पवार एनसीए कोचिंग स्टाफ का हिस्सा होंगे। एनसीए के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण हैं। ऐसे में पवार उनकी सहायता करेंगे। पोवार मई 2021 में डब्ल्यूवी रमन के स्थान पर महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने थे।

पोवार ने कहा कि वो एनसीए में अपनी नई जिम्मेदारी से बेहद खुश हैं। टीम इंडिया की बेंच स्ट्रेंथ को और मजबूत करने के लिए लक्ष्मण के साथ काम करने को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। वहीं महिला टीम के बल्लेबाजी कोचे बनाये गये कानितकर ने भारत के लिए 1997 से 2000 के बीच में 2 टेस्ट और 34 एकदिवसीय खेले हैं। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 10 हजार से अधिक रन भी बनाए हैं। वो 33 शतक और 46 अर्धशतक लगा चुके हैं। उन्होंने लिस्ट-ए क्रिकेट में भी 6 शतक लगाये हैं। वहीं नई जिम्मेदारी मिलने से उत्साहित कानितकर ने कहा ह्यभारतीय महिला क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच बनना सम्मान की बात है। इस टीम में कई युवा और अनुभवी खिलाड़ी हैं। मुझे लगता है कि ये टीम आगे आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार है। आगे बड़े टूनार्मेंट होने वाले हैं और ये बल्लेबाजी कोच के तौर पर मेरे लिए रोमांचक होने वाला है।ह्ण कानितकर की पहली परिक्षा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 9 दिसंबर से शुरू हो रही टी20 सीरीज में होगी।

## शोएब ने बेटे को करायी लैंबोर्गिनी से सैर सानिया नजर नहीं आयीं

**लाहौर।** भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ओर उनके पति पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शोएब मलिक के बीच पिछले कुछ समय से सब कुछ ठीक नहीं चल रहा और इनके बीच तलाक की चचाएं चल रही हैं। यह भी कहा जा रहा है कि दोनो ही अब अलग-अलग रह रहे हैं। इसी बीच शोएब लंका प्रीमियर लीग 2022 के लिए हंबनटोटा रवाना होने से पहले अपने बेटे इजहान मिर्जा को अपनी शानदार नारंगी लैंबोर्गिनी में ड्राइव के लिए बाहर लेकर गए पर साथ में सानिया नहीं थीं।

शोएब ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें और एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा लंका प्रीमियर लीग के लिए उड़ान भरने से पहले पिता-पुत्र का क्वॉलिटी टाइम और लंबी ड्राइव वैसे भी ड्राइव के दौरान हमारे बेल्ट थे। वहीं सानिया ने शोएब के इस इंस्टाग्राम पोस्ट को ना ही लाइक किया है और ना ही इस पर कोई कमेंट किया है जिससे पता चलता है कि यह जोड़ी अब टूट गयी है। पिछले काफी समय से सानिया और शोएब के तलाक की खबरें मीडिया में छाई हुई हैं पर अभी तक दोनो में से किसी ने भी इस पर टिप्पणी नहीं की है। माना जा रहा है कि पाक अभिनेत्री आयशा उमर के साथ शोएब के कथित अफेयर के बाद इन दोनो के बीच मतभेद उभरे।

## पाक की हार से भारतीय टीम के डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बढ़ीं

**दुबई।** इंग्लैंड के हाथों मेजबान पाकिस्तान को पहले ही क्रिकेट टेस्ट में मिली हार का लाभ टीम इंडिया को मिला है। इस मैच के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की अंकतालिका में बड़ा बदलाव आया है व कई उलटफेर हुए हैं। पाक की हार से भारत के डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें काफी बढ़ गयी हैं। भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के 2019-21 चक्र की उपविजेता रही थी। उसे गत वर्ष खिताबी मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।

भारतीय टीम को डब्ल्यूटीसी में अभी छह मैच और खेलने हैं। इसमे उसके दो टेस्ट बांग्लादेश दौरे पर जबकि अगले साल की शुरूआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर चार टेस्ट खेलने हैं। भारतीय टीम अभी 52.08 के जीत प्रतिशत के साथ अंकतालिका में चौथे स्थान पर है जबकि श्रीलंका 53.33 के जीत प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई है। फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को बांग्लादेश के खिलाफ सभी मैच जीतने होंगे। साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार में से तीन मैच में जीत दर्ज करनी होगी।

डब्ल्यूटीसी की वर्तमान स्थिति को देखा जाए तो ऐसा लगता है कि अगले गर्मी के मौसम तक ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच द ओवल में खिताबी मुकाबला हो सकता है। दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया को तीन टेस्ट के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करनी होगी। ऑस्ट्रेलिया ओर वेस्टइंडीज के बीच अभी घरेलू टेस्ट सीरीज हो रही है। दक्षिण अफ्रीका अगर ऑस्ट्रेलियाई को तीन में से दो टेस्ट हरा देता है तो फाइनल पहुंच जाएगा। इस सीरीज से पहले पाक टीम साल 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने के दावेदारों में से एक माना जा रही थी पर इंग्लैंड से हारने से उसकी उम्मीदें टूट गयी है। पाकिस्तान अब डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर नजर आ रही है।

## रमीज ने बीसीसीआई पर निशाना साधा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख रमीज राजा ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) पर निशाना साधा है। रमीज ने कहा कि बीसीसीसीआई ने ही एशिया कप के लिए पाकिस्तान नहीं आने की बात कही थी उसी के बाद हमने विश्वकप का बहिष्कार करने की बात कही थी। उन्होंने फीफा विश्व कप में अमेरिका और ईरान के बीच हुए मैच का भी उदाहरण दिया।

रमीज ने कहा अगर भारत की ही तरह पाक सरकार टीम को सुरक्षा कारणों से भारत न भेजे तो क्या होगा। टीम नहीं भेजने की यह बहस बीसीसीआई द्वारा शुरू की गई थी। हमने बस अपना जवाब दिया। हमारा मानना है कि टेस्ट क्रिकेट में दोनो देशों को खेलना होगा।

उन्होंने साथ ही कहा आपने देखा कि विश्व कप में क्या हुआ करीब 90000 प्रशंसक मैदान पर थे। जब फीफा विश्व कप के अध्यक्ष के सामने यह बात रखी गई थी कि अमेरिका ईरान से क्यों खेल रहा है जबकि ईरान के पास महिला अधिकार से जुड़े काफी मुद्दे हैं। तो उन्होंने फुटबॉल को चुना और कहा कि खेल के माध्यम से हम ऐसी मानसिकता खत्म कर सकते हैं। वहीं क्रिकेट में ऐसा नहीं हो रहा इसलिए मैं आईसीसी से थोड़ा निराश हूं।

## पुर्तगाल टीम का हौंसला बढ़ा रही जॉर्जिना

**दोहा।** पुर्तगाल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पार्टनर जॉर्जिना रॉड्रिग्स आजकल यहां पुर्तगाल टीम का हौंसला बढ़ा रही हैं। जॉर्जिना अपने स्टायलिश अंदाज और अदाओं के कारण जानी जाती हैं। जॉर्जिना की मां स्पेनिश हैं जबकि उनक पिता अर्जेंटीना के थे। जॉर्जिना का बचपन स्पेन के शहर जैका और ह्यूस्का प्रांत में बीता।

जॉर्जिना महंगी जीवनशैली के साथ ही सोशल मीडिया पर काफी सक्रिया रही हैं। वह रोनाल्डो और बच्चों के साथ तस्वीरें भी साझा करती रहती हैं। जॉर्जिना शुरूआत में एक बैले डांसर थीं। जॉर्जिना की पढ़ाई लंदन में हुई। इसके बाद उसने मॉडलिंग शुरू कर दी। जॉर्जिना ने एक कार्यक्रम में रोनाल्डो के साथ अपनी रिलेशनशिप के बारे में खुलासा किया था। रोनाल्डो और जॉर्जिना की मुलाकात साल 2016 में गूची के एक शो में हुई थी। इसके बाद दोनों के रिश्ते मजबूत होते गए। जॉर्जिना हमेशा रोनाल्डो का समर्थन करते के लिए स्टेडियम में नजर आती हैं।

## एआईएफएफ ने एएफसी एशियाई कप की मेजबानी से नाम वापस लिया

**नई दिल्ली।** भारत ने साल 2027 एएफसी एशियाई कप के आयोजन की बोली से नाम वापस ले लिया है। ऐसे में इसके आयोजन की मेजबानी सऊदी अरब को मिलना तय है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा है कि इस समय बड़ी प्रतियोगिताओं की मेजबानी करना हमारी प्राथमिकता नहीं हैं। एफआईएफएफ के पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल ने साल 2020 में भारत की ओर से मेजबानी के लिए बोली लगायी थी पर कल्याण चौबे की अध्यक्षता वाले प्रशासन का मानना है कि अभी मेजबानी से ज्यादा जरुरी जमीनी स्तर पर काम करना और फुटबॉल ढांचे का आधार खड़ा करना है।

एआईएफएफ की ओर से कहा गया कि महासंघ के रणनीतिक खाके के अनुसार एफआईएफएफ प्रबंधन को लगता है कि बड़ी प्रतियोगिताओं की मेजबानी महासंघ की रणनीतिक प्राथमिकताओं में अभी शामिल नहीं है। इसके अनुसार ह्यह्यअभी हमारा ध्यान फुटबॉल ढांचे का आधार तैयार करने पर है जिसके बाद एएफसी एशियाई कप जैसी बड़ी प्रतियोगिताओं की मेजबानी के बारे में सोचा जाएगा। चौबे ने कहा कि भारत हमेशा बड़ी प्रतियोगिताओं को शानदार और प्रभावशाली मेजबान रहा है जैसा कि हाल में संपन्न फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में भी देखने को मिला पर भी हमारा ध्यान खेल का ढ़ाचा बेहतर करना है।

## क्यूबा ने महिला मुक्केबाजी पर लगे प्रतिबंध हटायें

**हवाना।** क्यूबा ने महिला मुक्केबाजों को प्रतिस्पर्धी मुकाबले खेलने की अनुमति दे दी है। खेल संस्था के इस फैसले से महिला खिलाड़ियों में खुशी की लहर छा गयी क्योंकि वे लंबे समय से खेलने की अनुमति मांग रहीं थीं। राष्ट्रीय खेल संस्थान (आईएनडीईआर) ने कहा कि इस माह के मध्य में 42 महिला मुक्केबाजों के बीच प्रतिस्पर्धा कराएंगे जिसके बाद 12 सदस्यीय महिला टीम का चयन होगा। उन्होंने बताया कि यह टीम अल सल्वाडोर में मध्य अमेरिकी और कैरेबियाई खेलों के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण करेगी। खेल संस्था के इस फैसले से महिला खिलाड़ियों में खुशी की लहर है हालांकि अभी ये बात साफ नहीं हुई है कि महिलाएं पेशेवर मुक्केबाजी में उतर पायेंगी या नहीं। इससे पहले क्यूबाई पुरुष मुक्केबाजों को भी इसी साल पेशेवर स्तर पर प्रतिस्पर्धा की अनुमति मिली थी। प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजी की अनुमति मिलने के बाद से ही एक महिला मुक्केबाज लेगनिस काला मासो बेहद उत्साहित हैं। इस मुक्केबाज ने कहा कि इस दिन का उन्हें लंबे समय से इंतजार था। इसके लिए उन्होंने लंबा संघर्ष भी किया है।

मासो ने कहा ह्यह्यहमेशा से कहा जाता था कि मुक्केबाजी महिलाओं के लिए नहीं है। इसको लेकर हमेशा से समस्या रही थी। अब देखिए हम कहां हैं हमने कभी नहीं सोचा था कि हम यहां तक पहुंचेंगे।ह्णह्ण क्यूबा को दुनिया भर में मुक्केबाजी के लिए जाना जाता है। उसके यहां फेलिक्स सेवोन टियोफिलो स्टीवसन और जूलियो सीजर ला क्रूज जैसे महान मुक्केबाज हुए हैं।

## ऋषभ के बचाव में उतरे कार्तिक

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक अब युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के बचाव में उतरें हैं। कार्तिक ने कहा कि ऋषभ का रिकार्ड एकदिवसीय में खराब नहीं है। हाल में वह टी20 सीरीज में अच्छा नहीं कर पाये हैं पर इसके कारण उन्हें एकदिवसीय टीम से कैसे बाहर किया जा सकता है।

कार्तिक ने कहा ह्यहमें टी20 और एकदिवीसय को अलग-अलग प्रकार से देखना चाहिए। एकदिवसीय की पिछली 10 पारियों में इस बल्लेबाज का औसत 45 से अधिक का है। उन्होंने इसी साल इंग्लैंड के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर भारत को मैच जिताया था। उन्होंने अब तक बहुत अच्छा किया है और जब कोई अपने लिए इतना अच्छा करता है तब फिर आप ऐसा नहीं कर सकते कि टी20 में उनके प्रदर्शन को देखकर उन्हें एकदिवसीय टीम से हटा दें।

उन्होंने साथ ही कहा मुझे लगता है कि इस युवा को और ज्यादा मौके दिए जाने चाहिए जिससे कि वो मैदान पर जाकर और अपनी क्षमता साबित करें और अगर तब भी वो अच्छा ना कर पाएं तब फिर आप उनसे आगे बढ़ने के बारे में फैसला करें पर केवल टी20 प्रारुप को लेकर ही कुछ तय न कर लें।

## अय्यर को टी20 प्रारुप की कप्तानी देनी चाहिये : मनिंदर

**मुम्बई।** टीम इंडिया के पूर्व स्पिनर मनिंदर सिंह ने कहा है कि श्रेयस अय्यर को टी20 प्रारुप की कप्तानी देनी चाहिये। टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की हार के बाद से ही कई पूर्व क्रिकेटरों का मानना है कि इस प्रारुप के लिए एक अलग कप्तान होना चाहिये। कुछ खिलाड़ियों ने कप्तान के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को दावेदार माना है जबकि कुछ सूर्यकुमार यादव को कप्तानी देने के पक्ष में है। वहीं मनिंदर का मानना है कि अय्यर कप्तानी के लिए सबसे बेहतर रहेंगे पर इसके लिए उन्हें लगातार अवसर देने होंगे।

मनिंदर ने श्रेयस को लेकर कहा ह्यमैं पिछले 3-4 साल से कह रहा हूं कि अय्यर मेरे पसंदीदा खिलाड़ी हैं। जब भी मैंने उन्हें किसी टीम की कप्तानी करते हुए देखा है तो लगता है कि वह खेल के अच्छे विचारक की तरह दिखते हैं।

उन्होंने आईपीएल में भी कप्तानी की थी। उनके पास कप्तानी को एक अच्छा दिमाग भी लगता है। वह एक सकारात्मक खिलाड़ी हैं। जब भी वह बल्लेबाजी करने आते हैं तो यह नहीं सोचते हैं कि कुछ देर बाद रन बनाने होंगे। यदि उन्हें शुरू में बाउंड्री नहीं मिलती है तो स्ट्राइक रोटेट करते रहते हैं।

इस पूर्व क्रिकेटर ने साथ ही कहा कि पंड्या को आप सीमित ओवरों में कप्तान बना सकते हैं पर मेरे दिमाग में पिछले कुछ साल से अय्यर हैं। मेरा मानना है कि वह इस पद के लिए अधिक बेहतर रहेंगे।

## फीफा विश्वकप ट्रॉफी का अनावरण करेंगी दीपिका

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को एक बेहद अहम जिम्मेदारी मिली है। दीपिका फीफा विश्वकप ट्रॉफी का अनावरण करेंगी। इसी के साथ ही दीपिका पहली ऐसी अभिनेत्री बनी हैं जिन्हें ये विशिष्ट सम्मान मिला है। दीपिका बॉलीवुड के साथ ही हॉलीवुड की फिल्मों में भी अपनी अभिनय कला दिखा चुकी हैं। अब वह फीफा विश्वकप 2022 में फाइनल मुकाबले के लिए कतर पहुंचेंगी। यहां पहुंचकर दीपिका फीफा विश्वकप की ट्रॉफी का अनावरण करेंगी।

हालांकि इसको लेकर अभी तक आधिकारिक जानकारी नहीं मिला है पर मीडिया रिपोर्ट के अनुसार दीपिका का नाम लगभग तय हो गया है। दीपिका अब 18 दिसंबर से पहले ही कतर के लिए रवाना हो जाएंगी। इससे पहले भारतीय अभिनेत्री नोरा फतेही ने यहां एक कार्यक्रम पेश किया था।

इससे साफ है कि दीपिका अब एक ग्लोबल स्टार हो गईं हैं। हॉलीवुड में कई फिल्में करने के बाद हाल ही में दीपिका ने अपना व्यापार भी शुरू किया है। फीफा विश्वकप में दीपिका पादुकोण को बुलाना भी उनके ग्लोबल अचीवमेंट में जुड़ेगा। हाल ही में दीपिका को कांस फिल्म समारोह में भी ज्यूरी सदस्य के रूप में शामिल किया गया था। इसके साथ ही गोल्ड ब्यूटी रेशियो में भी दुनिया की 10 सबसे खूबसूरत हीरोइनों में दीपिका का नाम आया था।

## फीफा विश्व कप में अलग-अलग देशों से उतरे दो भाई

**दोहा।** कतर में जारी फीफा विश्व कप फुटबॉल में दो भाइयों ने अलग-अलग देशों से खेलकर एक नया रिकार्ड बनाया है। ये दोनो भाई हैं। इनाकी और निको विलियम्स। निको टूनार्मेंट में स्पेन के साथ हैं जबकि इनाकी घाना से खेल रहे थे। इनाकी घाना के विश्वकप से बाहर होने के बाद एथलेटिक क्लब बिलबाओ के साथ प्रशिक्षण पर लौटने से पहले एक सप्ताह की छुट्टी पर गये हैं। वहीं निको कतर में ही स्पेन टीम के साथ हैं।

निको ने पिछले गुरुवार को जापान के खिलाफ स्पेन की 2-1 से हार के बाद कहा कि उनके बड़े भाई ने प्रतिद्वंद्वी टीम का हिस्सा रहने के बाद भी उन्हें मैच के बाद के कुछ संकेत दिए।

निको ने कहा छुट्टी के दिन मैं कुछ दोस्तों और अपने परिवार के साथ था और मेरे भाई ने कुछ चीजें ठीक कीं जो मैंने जापान के खिलाफ नहीं कीं थीं।

निको ने आगे कहा उसने मुझे गलत नहीं बताया पर उसने कुछ चीजें सही कीं जिन्हें मैं सुधार सकता हूं। उन्होंने मेरे लिए एक अलग नजरिए से देखा और वह अधिक अनुभवी है इसलिए सही है। उन्होंने स्वीकार किया इनाकी ने मुझे बताया कि मुझे गेंद के लिए और अधिक मूव बनोन की जरूरत है और मैं आउट वाइड बहुत स्थिर था।

## अब एकदिवसीय और टेस्ट टीम में जगह बनाने में लगे सूर्यकुमार

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव टी20 में आईसीसी रैंकिंग में नंबर एक स्थान पर पहुंच गये हैं पर अभी तक वह एकदिवसीय में अधिक सफल नहीं रहे हैं। इसी को देखते हुए अब सूर्यकुमार की नजरें इन दोनो प्रारुपों में अपनी जगह बनाने में लगी हैं।

सूर्यकुमार ने टीम इंडिया की ओर से अब तक टी20 और एकदिवसीय के मुकाबले जरूर खेले हैं पर अभी तक वह टेस्ट पदार्पण नहीं कर पाये हैं। उसी को देखते हुए अब वह तैयारियों में लग गये हैं।

इसी के तहत ही उन्होंने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) को कहा है कि वह रणजी ट्रॉफी के दूसरे मुकाबले के लिए तैयार हैं। मुम्बई टीम को 20 दिसंबर से हैदराबाद के खिलाफ यह मैच खेलना है। उतरना है.

मुंबई ने रणजी ट्रॉफी के पहले मैच के लिए टीम घोषित कर दी है। इसमें अजिंक्य रहाणे टीम के कप्तान हैं। एमसीए के सचिव अजिंक्य नायक ने कहा कि सूर्या ने हमें रणजी ट्रॉफी के दूसरे मैच के लिए उपलब्ध होने की जानकारी दी है। सूर्यकुमार यादव पिछले 75 दिन से भारतीय टीम के साथ विदेश में थे। ऐसे में उन्हें रणजी ट्रॉफी के पहले मैच में मौका नहीं दिया गया था।

मुंबई के कप्तान रहे सूर्या ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 14 शतक और 26 अर्धशतक लगाए हैं।

# संसद का शीतकालीन सत्र आज से, विपक्ष ने ईडब्ल्यूएस कोटा महंगाई समेत कई मुद्दों पर चर्चा की मांग की

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र बुधवार से शुरू हो रहा है। संसद सत्र शुरू होने से पहले केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक में सभी पार्टी के नेताओं ने शिरकत की। इस दौरान सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने महंगाई बेरोजगारी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कोटे सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की मांग की। दरअसल विधायी एजेंडे और 7 दिसंबर से शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान संभावित मुद्दों पर चर्चा के लिए केंद्र सरकार की तरफ से बुलाई गई बैठक में सभी प्रमुख दलों के नेताओं ने भाग लिया। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन समेत कई नेता मौजूद रहे।

कांग्रेस पार्टी ने भारत जोड़ो यात्रा के बीच दिल्ली के जंतर-मंतर पर नौ दिसंबर को राष्ट्रीय स्तर की रैली आयोजित करने की घोषणा की है। सात दिसंबर से संसद सत्र शुरू हो रहा है। सत्र की शुरूआत में ही कांग्रेस पार्टी ने किसानों की मांग उठा दी है। भारत जोड़ो यात्रा उत्तर भारत में प्रवेश कर चुकी है। आने वाले दिनों में भारत जोड़ो यात्रा ऐसे कई बड़े राज्यों से गुजरेगी जहां किसान आंदोलन का व्यापक असर रहा है। मंगलवार को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने प्रधानमंत्री मोदी के नाम 14 मांगों वाला एक पत्र जारी किया है। पीएम मोदी से मांग की गई है कि वे कॉरपोरेट सेक्टर का 10 लाख करोड़ रुपये का ऋण माफ कर सकते हैं तो किसानों का क्यों नहीं। देश का किसान कर्ज में डूबा है और आत्महत्या करने पर मजबूर है। सुखपाल सिंह खैरा का दावा है कि इस रैली में देशभर से भारी संख्या में किसान शामिल होंगे।

### किसानों की मांगों पर कोई कदम नहीं उठाया

कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो यात्रा अब राजस्थान में है। उसके बाद यह यात्रा उत्तर भारत के दूसरे राज्यों में पहुंचेगी। यात्रा की मजबूती के लिए पार्टी ने किसानों को साथ लेने की रणनीति बनाई है। यही वजह है कि अब संसद सत्र की शुरूआत में ही एक बड़ी रैली आयोजित करने की घोषणा कर दी है। सुखपाल सिंह खैरा कहते हैं कि देश के किसानों एवं खेतिहर मजदूरों की विकट समस्याओं के प्रति केंद्र सरकार उदासीन है। उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। किसानों की समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा गया है। इसमें किसान आंदोलन का जिक्र भी हुआ है। आंदोलन को खत्म हुए लगभग एक वर्ष हो चुका है लेकिन केंद्र सरकार ने किसानों की मांगों पर कोई कदम नहीं उठाया।

**सत्र के दौरान दिल्ली में गरजेंगे किसान**

**भारत जोड़ो यात्रा के साथ कांग्रेस ने खोला दूसरा मोर्चा**

ऐसी स्थिति में किसानों के लिए दोबारा से सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करने के अलावा कोई दूसरा चारा नहीं बचा है।

### एमएसपी के लिए नई कमेटी गठित हो

बतौर खैरा यह दुर्भायपूर्ण है कि केंद्र सरकार ने किसानों के प्रति कोई भी ऐसा सकारात्मक कदम नहीं उठाया जिससे किसानों में विश्वास पैदा हो। उन्हें अपनी मांगों के पूरा होने की उम्मीद नजर आए। इन हालातों के मद्देनजर अखिल भारतीय किसान कांग्रेस ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर विशाल रैली एवं प्रदर्शन करने की घोषणा की है। किसानों की मांगों में कानूनी तौर से न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देना शामिल है। यह गारंटी स्वामीनाथन रिपोर्ट के आधार पर सभी फसलों के लिए ष्ट2+50 प्रतिशत के फॉमूर्ले पर होनी चाहिए। केंद्र सरकार ने इस दिशा में जो कमेटी गठित की थी उसे किसान पहले ही नकार चुका है। पुरानी कमेटी भंग की जाए एमएसपी के लिए कानूनी तौर पर गारंटी देने के लिए नई कमेटी गठित हो। इसमें किसान संगठनों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए। खेती की लागत बढ? और उत्पादन का सही मूल्य न मिलने के कारण किसान कर्ज में डूबा है। वह आत्महत्या करने पर मजबूर है।

### इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2022 को वापस लिया जाए

पीएम को लिखे पत्र में कॉरपोरेट सेक्टर की तर्ज पर किसानों का कर्ज माफ करने की मांग की गई है। खेतिहर मजदूरों का ऋण पूर्णतया माफ किया जाए। केंद्र सरकार ने दिसंबर 2021 में किसान मोर्चा को लिखे एक पत्र में इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2022 को वापस लेने का लिखित वादा किया गया था लेकिन वही बिल संसद में पेश कर दिया गया है। इसे वापस लिया जाए। सुखपाल खैरा ने अपने पत्र में लिखा है कि लखीमपुर खीरी में किसानों की मौत के लिए मुख्य साजिशकर्ता एवं केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी को बर्खास्त किया जाए। गिरफ्तार किए गए बेकसूर किसानों को रिहा किया जाए। किसानों पर दर्ज किए गए झूठे मुकदमें खारिज हों। किसानों की फसल को सूखा बाढ़ तूफान व अधिक बारिश आदि प्राकृतिक आपदाओं से राहत देने के लिए सभी तरह की फसलों पर कारगर बीमा योजना शुरू हो।

### आंदोलनों के दौरान किसानों पर दर्ज मुकदमे रद्द हों

सभी छोटे लघु मध्यम किसानों व खेतिहर मजदूरों के लिए 5000 रुपये प्रतिमाह की किसान पेंशन योजना आरंभ की जाए। सभी राज्यों में किसान आंदोलनों के दौरान किसानों पर दर्ज किए गए मुकदमे रद्द किए जाएं। किसान आंदोलनों में शहीद हुए किसानों के परिवारों को उचित मुआवजे के अलावा नौकरी देने का प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। सिंधु मोर्चा स्थल पर शहीद किसानों के सम्मान के लिए किसान शहीद स्मारक स्थापित किया जाए। किसानों के खेत में काम कर रहे मजदूरों को भी मनरेगा स्कीम के अंतर्गत लाया जाए। इससे न केवल अधिक मजदूरों को रोजगार की गारंटी प्राप्त होगी बल्कि किसानों को भी कम लागत पर खेती करने का लाभ मिलेगा। निजी क्षेत्र में किए जा रहे साइलो भंडारण नीति का किसानों ने कड़ा विरोध किया है। इसकी जगह किसानों की सहकारी समिति गठित कर भंडारण व्यवस्था शुरू की जाए। इससे किसानों को रोजगार प्राप्त हो सकेगा।

### क्या बोले संसदीय कार्य मंत्री

सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि आज हुई सर्वदलीय बैठक में 47 में से 31 पार्टियों ने हिस्सा लिया। हम हर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं विपक्ष की ओर से कुछ सुझाव आए हैं। स्पीकर और चेयरमैन की अनुमति के बाद चर्चा होगी। मैं इस आरोप की निंदा करता हूं कि हम क्रिसमस की उपेक्षा कर रहे हैं 24 और 25 दिसंबर को अवकाश रहेगा।

### विपक्ष ने की सरकार से ये मांग

सरकार का प्रतिनिधित्व केंद्रीय मंत्री और लोकसभा में बीजेपी के उप नेता राजनाथ सिंह और राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल ने किया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति सिर्फ एक दिन में करने ईडब्ल्यूएस कोटा और बेरोजगारी पर चर्चा की मांग की। सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बयान दिया। उन्होंने कहा हमने सरकार को कहा है कि जैसे हिंदू मुस्लिम के त्योहार होते हैं वैसे ईसाई लोगों का भी त्योहार होता है। यह बात ईसाई लोगों के त्योहार के समय ध्यान रखनी जरूरी है। उनकी जनसंख्या कम है लेकिन यह बात हमें सोचनी चाहिए। हम सत्र को छोटा बंद कर त्योहर मनाने के लिए नहीं कह रहे बल्कि सरकार को इसके बारे में सोचने के लिए कह रहे। सरकार 24-25 विषयों पर चर्चा कराना चाहती है जिसके लिए समय नहीं क्योंकि यह सत्र 17 दिन का है।

# परेश रावल को बंगालियों पर की गई टिप्पणियों पर कोलकाता पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली।** अभिनेता परेश रावल को गुजरात में एक चुनावी रैली में बंगालियों पर की गई उनकी टिप्पणियों पर कोलकाता पुलिस ने पूछताछ के लिए तलब किया है। पूर्व सांसद और माकपा नेता मोहम्मद सलीम ने परेश रावल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

मोहम्मद सलीम ने पुलिस को लिखे अपने पत्र में कहा बड़ी संख्या में बंगाली राज्य की सीमा के बाहर रहते हैं। मुझे आशंका है कि परेश रावल द्वारा की गई भद्दी टिप्पणियों के कारण उनमें से कई को पूर्वाग्रह से निशाना बनाया जाएगा और प्रभावित किया जाएगा। वो चाहते हैं कि परेश रावल पर दुश्मनी को बढ़ावा देना जानबूझकर अपमान करना सार्वजनिक शरारत आदि भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जाए। बंगालियों पर परेश रावल की टिप्पणियों ने पश्चिम बंगाल में तूफान खड़ा कर दिया है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने भी उनके विवादास्पद बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है।

गुजरात में एक रैली में परेश रावल ने कहा था



कि गुजरात के लोग मुद्रास्फीति को बर्दाश्त करेंगे लेकिन बांग्लादेशियों और रोहिंग्या को पड़ोस में नहीं। इसके साथ ही परेश रावल ने मछली पकाने जैसे रूढ़ीवादी शब्द का इस्तेमाल किया जिसने बंगालियों को नाराज कर दिया है।

हालांकि दिग्गज अभिनेता ने एक माफी के साथ अपनी टिप्पणियों को समझाने का प्रयास किया। परेश रावल ने दावा किया कि जब उन्होंने बंगाली शब्द का इस्तेमाल किया तो उनका मतलब अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्या से था।

# दो दिन में ही खत्म हुआ उत्तरप्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र दो ही खत्म हो गया। सोमवार को शुरू हुआ सत्र मंगलवार को दूसरे दिन अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का प्रस्ताव रखा। सदस्यों की सहमति के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने इसे अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। यद्यपि सदन सोमवार से बुधवार के लिए प्रस्तावित था लेकिन एक दिन पहले ही इसे स्थगित कर दिया गया।

विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने गत दिनों सभी विधानसभा सदस्यों को भेजे गये पत्र में अधिसूचित किया था कि उप्र विधानसभा का सत्र पांच दिसंबर से सात दिसंबर तक के लिए प्रस्तावित है और राज्य सरकार ने शीतकालीन सत्र में 2022-2023 के लिए अपना पहला पूरक बजट पेश करने का प्रस्ताव रखा है। सोमवार को उप्र सरकार ने विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को साल 2022-23 के लिए अनुपूरक बजट विधानसभा में पेश किया था।

बजट में करीब 3376954.67 लाख रुपये की अनुदान मांगों का प्रावधान है जिसमें फरवरी में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और प्रयागराज महाकुंभ के लिए भी बजट की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को चर्चा के बाद अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पास हो गया।

# चक्रवाती तूफान मैंडूस को लेकर भारी बारिश की चेतावनी

चेन्नई। तमिलनाडु में फिर बारिश कहर बरपाने वाली है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग जो तमिलनाडु में क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने इस सप्ताह तमिलनाडु के 13 जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहे लो प्रेशर के बाद भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। वहीं कम दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान ह्यमैंडूसह्न में बदल सकता है। इस दौरान भारी बारिश के साथ तेज हवाएं भी चलेंगी।

तमिलनाडु के विल्लुपुरम चेंगलपट्टू कुड्डालोर कांचीपुरम तिरुवल्लूर अरियालुर पेराम्बलुर चेन्नई कल्लाकुरिची माइलादुथुराई तंजावुर तिरुवरुर और नागापट्टिनम जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य में बारिश के रेड अलर्ट के बीच तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की छह टीमों को तैनात किया गया है। टीमों को कथित तौर पर नागापट्टिनम तिरुवरुर कुड्डालोर माइलादुथुराई तंजावुर और चेन्नई में तैनात किया गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक के बाद बदलते मौसम के कारण दिसंबर के महीने में भारी बारिश की संभावना है। आईएमडी ने भविष्यवाणी की है कि एक कम दबाव प्रणाली के कारण चेन्नई सहित उत्तर तटीय तमिलनाडु में भारी बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं। क्षेत्रीय मौसम पूवार्नुमान केंद्र चेन्नई के निदेशक पी सेंथमारई कन्नन के अनुसार कम दबाव का क्षेत्र बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व और दक्षिण अंडमान सागर से सटे होने की संभावना है। यह 7 दिसंबर तक एक दबाव में बदल सकता है और इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने और उत्तर तमिलनाडु और पुडुचेरी क्षेत्रों तक पहुंचने की संभावना है।

# सनकी तानाशाह की करतूत नॉर्थ कोरिया ने एक साथ 130 गोले दागे

सियोल। फिर दुनिया का ध्यान अपनी ओर खिंचने के लिए नॉर्थ कोरिया ने एक साथ 130 गोले दाग दिए है। उत्तर कोरिया ने कहा कि उसने दक्षिण में सीमा पार सैन्य अभ्यास का पता लगाने के बाद अपने पूर्वी और पश्चिमी तटों से समुद्र में 130 से अधिक तोपों के गोले दागे। सियोल ने कहा कि कुछ गोले समुद्री सीमा के पास एक बफर जोन में गिरे जो तनाव को कम करने के लिए बनाए गए 2018 के अंतर-कोरियाई समझौते का उल्लंघन था। रक्षा मंत्रालय ने कहा दक्षिण कोरियाई सेना ने गोलीबारी को लेकर उत्तर को कई चेतावनी संदेश भेज है। उत्तर कोरिया की सेना ने कहा कि उसने सीमावर्ती इकाइयों को अंतदेर्शीय सीमा क्षेत्र में दक्षिण कोरियाई गोलीबारी के अभ्यास के जवाब में लगातार दूसरे दिन समुद्र में तोपों से फिर गोले दागने का आदेश दिया है। उत्तर कोरिया के उसकी पश्चिमी व पूर्वी समुद्री सीमा में तोपों से करीब 130 गोले दागने के एक दिन बाद उत्तर कोरियाई पीपुल्स आर्मी जनरल स्टाफ ने यह बयान दिया है। उत्तर कोरिया के इस कदम से दोनों पड़ोसियों के सबंध और तनावपूर्ण होने की आशंका है।

उत्तर कोरिया के अज्ञात सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि उ.कोरिया को सीमा क्षेत्र में दक्षिण कोरियाई तोपों के अभ्यास के संकेत मिले हैं इसकारण तोपों से मंगलवार को गोलाबारी की योजना दक्षिण कोरिया के लिए एक चेतावनी है। उत्तर कोरिया की सेना ने कहा कि उसने अपनी पश्चिमी व पूर्वी तटीय इकाइयों को चेतावनी के तौर पर तोपों से गोले दागने का निर्देश दिया है क्योंकि चीयोवान क्षेत्र से दक्षिण-पूर्व में दक्षिण कोरिया के दर्जनों प्रक्षेप्य (प्रोजेक्टाइल) दिखने की बात सामने आई है।

# सीएनजी को जीएसटी के दायरे में लाने तक केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती करे केंद्र

नई दिल्ली। किरीट पारिख समिति ने सीएनजी को जीएसटी के दायरे में लाने तक इस पर लगाने वाले केंद्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती करने का सुझाव केंद्र सरकार को दिया है। प्राकृतिक गैस की कीमत समीक्षा के लिए गठित पारिख समिति ने पिछले हफ्ते पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सौंपी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाया जाना चाहिए।

समिति ने रिपोर्ट में कहा है हमारा मत है कि इस मामले पर राज्यों के बीच सहमति बनाने की जरूरत है। इस मकसद को हासिल करने के लिए राज्यों को राजस्व में किसी भी तरह की क्षति के एवज में पांच साल तक मुआवजे का प्रावधान किया जा सकता है। सहमति बनाने की प्रक्रिया अब शुरू की जानी चाहिए। प्राकृतिक गैस के साथ कच्चे तेल पेट्रोल डीजल एवं विमान ईंधन एटीएफ को जुलाई 2017 में जीएसटी व्यवस्था लागू होने के समय से ही इस एकीकृत कर प्रणाली से बाहर रखा गया है। हालांकि सीएनजी पर पहले से लागू केंद्रीय उत्पाद शुल्क राज्य वैट कर और केंद्रीय बिक्री कर अब भी बरकरार हैं।

केंद्र सीएनजी पर 14 प्रतिशत की दर से उत्पाद शुल्क वसूलती है जबकि राज्यों में इस पर 24.5 प्रतिशत तक मूल्यवर्द्धित कर (वैट) लगा हुआ है। पारिख समिति सीएनजी को भी जीएसटी के दायरे में लाने के पक्ष में है लेकिन इसके लिए राज्यों की सहमति लेनी जरूरी होगी। गुजरात जैसे गैस-उत्पादक राज्यों को यह डर सता रहा है कि वैट एवं अन्य शुल्कों को जीएसटी में समाहित कर दिए जाने पर उन्हें राजस्व का बड़ा नुकसान होगा है। इस आशंका को दूर करने के लिए समिति ने सुझाव दिया है कि जीएसटी में सीएनजी को लाए जाने तक सरकार केंद्रीय उत्पाद शुल्क की दर में कटौती कर सकती है ताकि उपभोक्ताओं पर प्राकृतिक गैस की ऊंची कीमतों के बोझ को कम किया जा सके।

# चीन को आंख दिखाने की तैयारी भारत फ्रंटियर हाइवे का निर्माण कर रहा

नई दिल्ली। सरहद पर चीन की किसी भी हिमाकत से निपटने के लिए भारत बिल्कुल तैयार है। भारत के इंफ्रास्ट्रचर बढ़ाने की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि देखने को मिलेगी। अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे का निर्माण चीन को जवाब देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 40 हजार करोड़ की लागत से फ्रंटियर हाइवे का निर्माण होगा। विशेष रूप से पूर्वोत्तर में एलएसी के साथ बुनियादी ढांचे के विकास पर बहुत जोर दिया गया है। विचार चल रही परियोजनाओं को तेजी से ट्रैक करना और नई शुरूआत करना है। इस तरह का ध्यान केंद्रित किया गया है कि सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के बजट में महत्वपूर्ण तेजी देखने को मिली है।

संसदीय दस्तावेजों से पता चलता है कि केंद्र ने अरुणाचल प्रदेश सड़कों के पैकेज के तहत 2319 किलोमीटर लंबी सड़कों को बनाने की मंजूरी दी है। इसमें से 1191 किमी लंबी सड़कों के निर्माण का ठेका दिया जा चुका है। इसमें से 1150 किमी पहले ही पूरा हो चुका है। इस वर्ष फरवरी तक अरुणाचल प्रदेश राज्य में 14032 करोड़ रुपये की लागत के 35 कार्य प्रगति पर हैं।अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग परियोजना है। 2018 में शुरू किया गया और अगले साल अप्रैल तक पूरा होने वाला है सेला सुरंग को 13000 फीट की ऊंचाई से ऊपर दुनिया की सबसे लंबी द्वि-लेन सुरंग माना जाता है। अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग और तवांग जिलों की ओर जाने वाली 317 किलोमीटर लंबी बालीपारा-चारद्वार-तवांग (बीसीटी) सड़क पर नेचिपु सुरंग के साथ यह रणनीतिक परियोजना यह सुनिश्चित करेगी कि रक्षा और निजी दोनों वाहनों में साल भर आवाजाही रहेगी। 980 मीटर की एक छोटी सुरंग और लगभग 1.2 किमी सड़क के अलावा 1555 मीटर लंबी मुख्य और निकास सुरंग

**अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग परियोजना अप्रैल में पूरी होगी**

वाली इस परियोजना से यह सुनिश्चित होगा कि चीनी क्षेत्र में यातायात की निगरानी करने में सक्षम नहीं हैं।

सेला दर्रा 13700 फीट पर वर्तमान में चीनियों को दिखाई देता है। इनके अलावा एलएसी के साथ सभी पुलों को नए बनाए जा रहे मानक के अनुसार अपग्रेड किया जा रहा है। इसका मतलब है कि सभी पुल क्लास 70 के हो जिससे वे भारी वाहनों की आवाजाही को झेल सके। इसके अलावा सरकार विशेष 3डी-मुद्रित स्थायी सुरक्षा स्थापित करने की योजना के अलावा पूर्वोत्तर में बड़ी संख्या में भूमिगत युद्ध सामग्री डिपो का निर्माण कर रही है।

पूर्वी लद्दाख के गलवान में 2020 में चीन-भारतीय संघर्ष के बाद केंद्र ने भारत-चीन सीमा सड़क परियोजना के दूसरे चरण के हिस्से के रूप में एलएसी के साथ 32 सड़कों को मंजूरी दी थी जिस सितंबर 2020 में मंजूरी दी गई थी।

मोदी सरकार ने अरुणाचल फ्रंटियर हाईवे पर काम शुरू कर दिया है जो देश की सबसे बड़ी और कठिन परियोजनाओं में से एक है। 2012 में सेना द्वारा परिकल्पित यह परियोजना 2000 किलोमीटर लंबी सड़क है जो मैकमोहन रेखा का अनुसरण करती है और भूटान से सटे अरुणाचल प्रदेश में मागो से शुरू होगी और म्यांमार सीमा के पास विजयनगर में समाप्त होने से पहले ये तवांग घाटी देसाली चागलागम किबिथू डोंग ऊपरी सुबनसिरी तूतिंग मेचुका ऊपरी सियांग देबांग से होकर गुजरेगी।

# न मैं अमेरिका में था और न पकड़ा गया सीएम मान का दावा पूरी तरह गलत : गोल्डी बरार

नई दिल्ली। सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मास्टरमाइंड गोल्डी बरार ने अपने एक कथित इंटरव्यू में दावा किया है कि अमेरिका में उसकी गिरफ्तारी नहीं की गई है और वह अब भी मुक्त होकर जीवन गुजार रहा है। गैंगस्टर गोल्डी बरार का एक इंटरव्यू सोमवार को ऑनलाइन सामने आया जिसमें उसने दावा किया कि उसे न तो पकड़ा गया और न ही वह अमेरिका में था।

गोल्डी बरार ने यह दावा ऐसे समय पर पर किया है जब कुछ दिन पहले कई खुफिया एजेंसियों और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दावा किया था कि गोल्डी बरार को कैलिफोर्निया में हिरासत में लिया गया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने 2 दिसंबर को गुजरात के अहमदाबाद में पुष्टि की थी कि गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या मामले का कथित मास्टरमाइंड बरार को कैलिफोर्निया में पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और उसे ह्यजल्दी ही भारत लाने का प्रयास किया जाएगा।

गैंगस्टर गोल्डी बरार ने यूट्यूब पर एक पत्रकार को दिए कथित साक्षात्कार में इन दावों का खंडन किया है। हालांकि साक्षात्कार की सत्यता की पुष्टि नहीं की जा सकी है। इंटरव्यू में खुद को गोल्डी बरार कहने वाले व्यक्ति ने दावा किया कि उसे हिरासत में नहीं लिया गया है और वह इस दौरान अमेरिका में भी नहीं था। साक्षात्कार के ऑडियो क्लिप में उसे भगवंत मान के हिरासत में लिए जाने के दावों का खंडन करते हुए सुना जा सकता है। उल्लेखनीय है कि गैंगस्टर गोल्डी बरार इस साल मई में गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का कथित मास्टरमाइंड है। बरार को हिरासत में लेने के अपने दावे को लेकर सीएम मान विपक्षी दलों के निशाने पर हैं। वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने इससे पहले पंजाब पुलिस प्रमुख से गैंगस्टर गोल्डी बरार के अमेरिका में हिरासत में लिए जाने की खबर की पुष्टि करने के लिए कहा था। उन्होंने कहा था कि उन्हें इस मामले पर मुख्यमंत्री के बयान पर भरोसा नहीं है। मजीठिया ने मान पर लोगों से झूठ बोलने का आरोप लगाया था और कहा था कि उन्हें इस बात की जानकारी है कि बराड़ को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। उन्होंने दावा किया था कि मुख्यमंत्री ने गैंगस्टर पर भ्रामक बयान दिया था।

# भारतीय राजदूत संधू ने सत्य नडेला से मुलाकात की

वाशिंगटन। अमेरिका में भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सत्य नडेला से मुलाकात की। बैठक के दौरान सॉफ्टवेयर क्षेत्र की दिग्गज कंपनी के भारत में शिक्षा प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य सेवा और उद्यमिता के क्षेत्रों में कामकाज पर विचार-विमर्श किया गया। अक्टूबर में नडेला (55) को सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूत डॉ. टी वी नागेंद्र प्रसाद ने प्रतिष्ठित पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित किया था।

नडेला के साथ बैठक के बाद संधू ने ट्वीट किया ह्यह्यभारत में माइक्रोसॉफ्ट के कौशल शिक्षा प्रौद्योगिकी स्वास्थ्य सेवा और उद्यमिता के क्षेत्रों में कार्यों पर चर्चा हुई। माइक्रोसॉफ्ट महामारी पर वैश्विक कार्यबल की संस्थापक सदस्य है। महामारी के दौरान इसने संकट के समय काफी काम किया है। भारत में कई स्कूलों में वर्चुअल पढ़ाई के लिए माइक्रोसॉफ्ट की टीमों का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा माइक्रोसॉफ्ट ने निजी के साथ-साथ सार्वजनिक क्षेत्र के श्रमबल को कौशल प्रदान करने का काम किया है।

### तनवीर इल्यास का मॉल शाहबाज सरकार ने किया सील इमरान भड़के

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीओके में कार्यक्रम के दौरान घनघोर बेइज्जती का सामना करना पड़ा। हालत यहां हो गए कि उन्हें भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। दरअसल पीओके के कथित प्रधानमंत्री सरदार तनवीर इल्यास ने शरीफ पर आरोप लगाया कि उन्होंने कश्मीरियों की शहादत को भुला दिया। इसके बाद शहबाज सरकार ने पलटवार कर इस्लामाबाद में इल्यास के सेंटॉरस मॉल को सील करा दिया। पाकिस्तानी पीएम के कदम से पूर्व पीएम इमरान खान भड़क उठे हैं। इमरान ने अपने नेता और पीओके के प्रशासक इल्यास के मॉल को सील कराने के लिए शरीफ सरकार की निंदा की। इमरान ने ट्वीट करके कहा कश्मीरियों के बलिदान का जिक्र नहीं करने पर शरीफ की निंदा करने के कारण इल?यास के मॉल को पीडीएम माफिया की ओर से सील करना दशार्ता है कि पाकिस्तान में पिछले 8 महीने से जंगल का कानून चल रहा है। यह कश्मीरी लोगों को भी नकारात्मक संदेश देता है।

### एक्सबॉक्स गेम की कीमतें अगले साल बढ़ेगी

सैन फ्रांसिस्को। माइक्रोसॉफ्ट कथित तौर पर अपने फर्स्ट-पार्टी के एक्सबॉक्स गेम की कीमतें अगले साल 59.99 डॉलर से बढ़ाकर 69.99 डॉलर कर देगा। रेडफॉल स्टारफील्ड और फोर्जा मोटरस्पोर्ट सहित नए फुल-प्राइस एक्सबॉक्स गेम स्टूडियो गेम्स की कीमत नियमित 59.99 डॉलर के बजाय 69.99 डॉलर होगी।

यह एक मूल्य वृद्धि है जो सोनी यूबीसॉफ्ट और टेक-टू जैसे प्रतिस्पर्धियों के मूल्य निर्धारण से मेल खाती है जो सभी अपने स्वयं के गेम पेश करते हैं। माइक्रोसॉफ्ट ने कहा 2023 से हमारा नया फोर्जा मोटरस्पोर्ट रेडफॉल और स्टारफील्ड समेत अगली पीढ़ी के फुल-प्राइस गेम्स के लिए बनाया गया है जो सभी प्लेटफॉर्म पर 69.99 डॉलर में लांच होगा। यह कीमत इन शीर्षकों के कंटेंट स्केल और तकनीकी जटिलता को दशार्ता है।

# दिल्ली पुलिस ने श्रद्धा मर्डर केस में इस एंगल से भी जांच कर रही

नई दिल्ली। बहुचर्चित श्रद्धा मर्डर केस में दिल्ली पुलिस ने दावा किया है कि आरोपी आफताब पर शिकंजा कसने की तैयारी की गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की निशानदेही पर अब 30 से 35 बरामदगी हो गई हैं। इनमें इलेक्ट्रॉनिक गैजेट भी शामिल है। साथ ही आफताब के दिल्ली से बाहर आने-जाने के पुख्ता सबूत हाथ लगे हैं। पुलिस का कहना है कि हमारी जांच में सही दिशा में है लेकिन ये भी पता कर रहे हैं कि आफताब ने कहीं हथौड़ियों की मदद से नहीं श्रद्धा के सिर के टुकड़े कर दिए हों।

दिल्ली पुलिस का कहना है कि इस एंगल से भी जांच कर रही है कि आफताब ने जो दो हथौड़ी खरीदी थी कहीं उससे तब नहीं श्रद्धा के सिर के टुकड़े किए थे और बाद में छोटी आरी से शरीर के टुकड़े कर दिए हों। बता दें कि अब तक श्रद्धा का सिर बरामद नहीं हुआ है। पुलिस को सिर्फ जबड़े मिले हैं। दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारियों के

**आफताब हथौड़ियों की मदद से नहीं सिर के टुकड़े किए**

मुताबिक अब तक की जांच सही दिशा में जा रही है। पुलिस की 12 अलग-अलग टीम जांच में जुटी हैं।

पुलिस का कहना है कि कुछ दिल्ली से बाहर आने और जाने के भी कागज मिले हैं। आफताब और श्रद्धा के सारे सोशल मीडिया अकाउंट्स की भी जांच की जा रही है।

फिलहाल मैदान गढ़ी के तालाब में सर्च ऑपरेशन रुका है। जरूरत होने पर वहां भी किया सर्च किया जा सकता है। दिल्ली पुलिस का कहना था कि दो दिन बाद आफताब की ज्यूडिशियल कस्टडी पूरी हो रही है। 8 दिसंबर को इस फिर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट के सामने किया जाएगा। इसके साथ ही केस से जुड़ी अपडेट कोर्ट के सामने रखी जाएगी।

# झारखंड के सरकारी स्कूलों में फर्जी प्रमाण पत्रों पर नौकरी कर रहे सैकड़ों पारा शिक्षक

रांची। झारखंड के सरकारी स्कूलों में सैकड़ों पारा शिक्षक (सहायक शिक्षक) फर्जी प्रमाण पत्रों पर पिछले कई सालों से नौकरी कर रहे थे। इसतरह के 100 सहायक शिक्षकों की पहचान की जा चुकी है। अनुमान है कि इसतरह के पारा शिक्षकों की संख्या 400 से भी ज्यादा हो सकती है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद इसतरह के शिक्षकों की सेवा समाप्त करने और उनके खिलाफ एफआईआर कराने की तैयारी कर रही है। प्रमाण पत्रों के फर्जीवाड़े का यह मामला तब पकड़ में आया जब सरकार के निर्णय के अनुसार झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल (जेईपीसी) ने राज्य में कार्यरत लगभग 62318 पारा शिक्षकों के शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन की प्रक्रिया कुछ महीने पहले शुरू की। सभी पारा शिक्षकों को 5 दिसंबर तक अपने प्रमाण पत्र जमा करने को निर्देश दिया गया था।

बताया गया है कि 227 पारा शिक्षकों ने सोमवार को आखिरी तारीख की देर शाम तक अपने सर्टिफिकेट नहीं जमा किए। इनमें से 52 इसतरह के निकले जिन्होंने सर्टिफिकेट जमा करने के बदले नौकरी से इस्तीफे का पत्र जमा कर दिया। लगभग 44 हजार 500 पारा शिक्षकों के सर्टिफिकेट की जांच पूरी हो चुकी है। इसमें 48 हैं जिनके प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए हैं जबकि 50 से ज्यादा हैं जिनके सर्टिफिकेट संदेह के दायरे में हैं। इसमें से कई अभ्यर्थियों ने हरियाणा उत्तरप्रदेश हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से निर्गत प्रमाण पत्र जमा किए थे। अभी 17 हजार से ज्यादा पारा शिक्षकों के सर्टिफिकेट की जांच चल रही है। जेईपीसी ने पहले ही नोटिस जारी कर कहा था कि 5 दिसंबर तक जो पारा शिक्षक अपने सर्टिफिकेट सत्यापन के लिए जमा नहीं करते हैं उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

बता दें कि सरकार ने पारा शिक्षकों के वेतन में बढ़ोतरी के लिए आकलन परीक्षा लेने का निर्णय लिया है। इस परीक्षा में वैसे पारा टीचर ही बैठ पाएंगे जिनके सर्टिफिकेट का सत्यापन हो चुका है। राज्य में वर्ष 2003-4 से ग्राम शिक्षा समितियों की अनुशंसा पर एक फिक्स मानदेय पर लगभग 81 हजार पारा शिक्षकों की नियुक्ति की गई थी। अब इनकी संख्या 62318 रह गई है।

### भागलपुर में हैवान बने युवक ने सरेआम महिला के हाथ-पैर काटे उपचार के दौरान मौत

भागलपुर। बिहार में अपराधी कितने निरंकुश हो गए हैं इसका एक वीभत्स उदाहरण भागलपुर में देखने में आया। बिहार के भागलपुर में एक मुस्लिम युवक ने सरे-बाजार एक हिंदू महिला की बेरहमी से हत्या कर दी। युवक ने हैवानियत की हदें पार करते हुए महिला के हाथ पैर और नाक काट दिए। यह घटना भरे बाजार में हुई जहां महिला देर तक पड़ी तड़पती रही। महिला हमले के बाद बेहोश गई। उसे आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां अस्पताल में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।




जनसंदेश टाइम्स

# मनी मैटर्स

प्रयागराज, बुधवार, 7 दिसम्बर, 2022



सेंसेक्स



सोना



## शेयर बाजार गिरावट पर बंद

मुंबई। मुम्बई शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी होने से आयी है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 208.24 अंक करीब 0.33 फीसदी नीचे आकर 62626.36 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 58.30 अंक तकरीबन 0.31 फीसदी टूटकर 18642.75 अंक पर बंद हुआ।

वहीं गत दिवस शेयरों की कीमतों में तेजी से आये बदलाव से बाजार में सपाट कारोबार हुआ था। इस प्रकार कारोबार के अंत में सेंसेक्स 33.90 अंक करीब 0.05 फीसदी की गिरावट के साथ ही 62834.60 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी 4.90 अंक तकरीबन 0.03 फीसदी टूटकर 18701 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में टाटा स्टील डॉ. रेड्डीज इन्फोसिस भारतीय स्टेट बैंक भारती एयरटेल आईसीआईसीआईसीआई बैंक इंडसइंड बैंक टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टेक महिंद्रा एचसीएल टेक्नोलॉजीज और मारुति के शेयर मुख्य रूप से नीचे आने के साथ ही नुकसान में रहे। वहीं दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर अल्ट्राटेक सीमेंट पावरग्रिड और नेस्ले के शेयर लाभ के साथ ही उछले हैं।

दूसरी ओर एशियाई बाजारों की बात करें तो दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग के हैंगसेंग को नुकसान हुआ जबकि जापान का निक्की और चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में रहा। वहीं यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में गिरावट रही। अमेरिकी बाजार भी गत दिवस गिरावट पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.68 फीसदी की बढ़त के साथ ही 83.24 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

वहीं विश्व बैंक ने वित्त वर्ष 23 के लिए भारत के जीडीपी अनुमान को रिवाइज करते हुए उसे बढ़ा दिया है। विश्व बैंक ने 2022-23 के लिए भारत के वृद्धि दर के अपने अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.9 फीसदी कर दिया है।

## अडानी बने एनडीटीवी के सबसे बड़े हिस्सेदार

नई दिल्ली। अडानी मीडिया नेटवर्क्स ने एनडीटीवी के खुले ऑफर में आठ प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी प्राप्त कर ली है और इससे मीडिया कंपनी में उसकी हिस्सेदारी 37 फीसदी हो गई है जो मीडिया कंपनी के संस्थापक प्रणय रॉय और राधिका रॉय के पास मौजूद 32 फीसदी से अधिक है। गौरतलब है ?कि शुरू में अडानी मीडिया नेटवर्क्स ने एनडीटीवी में 29 फीसदी का अधिग्रहण किया था। इसके बाद में भारत के अधिग्रहण नियमों के अनुरूप अतिरिक्त 26 फीसदी हिस्सेदारी के लिए खुली पेशकश की। ओपन ऑफर सोमवार को बंद हो गया है। प्रॉक्सी एडवाइजरी फर्म इनगवर्न के संस्थापक श्रीराम सुब्रमण्यन ने कहा ?कि अडानी और रॉय दोनों को एनडीटीवी के प्रमोटर के रूप में लिस्ट किया जाएगा। इसके साथ ही अब अधिक हिस्सेदारी के साथ अडानी को एनडीटीवी के बोर्ड से मौजूदा निदेशकों को हटाने या मीडिया कंपनी में नए निदेशकों की नियुक्ति का प्रस्ताव देने का अधिकार भी मिल गया है। ये प्रस्ताव सामान्य प्रस्तावों के अंतर्गत आते हैं और इसके लिए अधिकांश शेयरधारकों के अनुमोदन की आवश्यकता होती है। वर्तमान में प्रणय रॉय और उनकी पत्नी दोनों एनडीटीवी के कार्यकारी सह-अध्यक्ष हैं जिसकी स्थापना उन्होंने 1988 में की थी। हालांकि वे अपनी शेयरहोल्डिंग के आधार पर बोर्ड में बने रह सकते हैं।

## कैनरा बैंक ने एटीएम से पैसे निकालने की सीमा बढाई

नई दिल्ली। सरकारी बैंक केनरा बैंक ने एटीएम से कैश निकालने पीओएस और ई-कॉमर्स लेनदेन के नियम में बदलाव किया है। केनरा बैंक ने एटीएम से नगदी निकालने की सीमा बढ़ा दी है। अब केनरा बैंक के खाताधारक अपने डेबिट कार्ड से पहले के मुकाबले अधिक नगदी निकाल सकेंगे। केनरा बैंक की ओर से ट्वीट वेबसाइट कर इसकी जानकारी दी गई है। वहीं ग्राहकों को ईमेल एसएमएस और बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर इस नए नियम के बारे में जानकारी दी गई है। बैंक ने इन बदलावों को तत्काल प्रभाव से लागू करने का फैसला किया है। केनरा बैंक की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के मुताबिक अब बैंक के खाताधारकों को उनके

**-डेबिट कार्ड से नगदी निकालने की सीमा 40 हजार से बढ़ाकर 75 हजार रुपए की**

डेबिट कार्ड के वेरिएंट के मुताबिक उसके ट्रांजेक्शन की सीमा को बढ़ाने का फैसला किया है। बैंक के नए नियम के मुताबिक क्लासिक डेबिट कार्ड से नगदी निकालने की सीमा 40 हजार रूपए से बढ़ाकर 75 हजार रूपए कर दी है। बैंक ने डेबिट कार्ड धारकों के लिए डेली पीओएस कैप को एक लाख रूपए से बढ़ाकर दो लाख रूपए कर दिया है। इसके अलावा बैंक ने प्लेटिनम या बिजनेस कार्ड धारकों की लेनदेन की सीमा 50 हजार रूपए से बढ़ाकर एक लाख रूपए प्रतिदिन कर दिया है।

वहीं पीओएस से लेनदेन की सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दिया है।

बैंक ने कहा है कि उन्होंने आरबीआई की गाइडलाइंस को ध्यान में रखते हुए कार्ड ट्रांजेक्शन की सुरक्षा बढ़ाई है। बैंक ने डेबिट कार्ड के एनएफसी (कॉन्टैक्टलेस) की रोजाना लिमिट में कोई बदलाव नहीं किया है। इसकी लिमिट को क्लासिक कार्ड और प्लेटिनम कार्ड के लिए 25000 रुपए ही रखा गया है। बैंक ने इन कार्ड धारकों के लिए पीओसी कैप में बढ़ोतरी कर बड़ी राहत ही है।

## सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट

नई दिल्ली। घरेलू बाजार में सोने ओर चांदी की कीमतों में गिरावट आई है। मंगलवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 473 रुपये नीचे आकर 53898 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं गत कारोबारी सत्र में सोना 54371 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने की तरह ही चांदी भी 1241 रुपये के नुकसान के साथ ही 65878 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना नुकसान के साथ ही 1770.75 डॉलर प्रति औंस पर था। चांदी भी गिरावट के साथ ही 22.38 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी। बाजार जानकारों के अनुसार फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों को ऊंचा रखने से सोने में गिरावट आई है।

## एटीएम से पैसे की जगह निकलेंगे सोने के सिक्के

**– हैदराबाद में लगाया गया पहला रियल टाइम गोल्ड एटीएम**

हैदराबाद। अब एक ऐसी सुविधा की शुरूआत हो गई है जिसके जरिए आप एटीएम से सोना भी निकाल सकेंगे। दरअसल तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में पहला रियल टाइम गोल्ड एटीएम लगाया गया है। इस रियल टाइम गोल्ड एटीएम से सोने के सिक्के निकाले जा सकते हैं। हैदराबाद बेस्ड कंपनी गोल्ड सिक्का ने ओपनक्यूब टेक्नोलॉजीज की मदद से इस एटीएम को लगाया है।

ग्राहक एटीएम के जरिए सोने के सिक्के खरीदने के लिए डेबिट या क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल कर सकते हैं। सोना खरीदने और बेचने का कारोबार करने वाली गोल्डसिक्का के सीईओ सी. तरुज के मुताबिक लोग इस एटीएम का इस्तेमाल कर 0.5 ग्राम से लेकर 100 ग्राम तक के सोने के सिक्के खरीद सकते हैं। इस एटीएम पर सोने की कीमत लाइव अपडेट होती रहेगी। गोल्ड एटीएम की सेवा 24 घंटे उपलब्ध होगी। तरुज के मुताबिक कंपनी पेद्दापल्ली वारंगल और करीमनगर में भी गोल्ड एटीएम खोलने की योजना बना रही है। कंपनी की योजना अगले दो साल में पूरे भारत में करीब 3000 गोल्ड एटीएम खोलने की है।

## जिंदल स्टेनलेस की अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने पर नजर

कोलकाता। जिंदल स्टेनलेस की ओडिशा के जाजपुर में जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के नाम से और हरियाणा में जिंदल स्टेनलेस (हिसार) के नाम से इकाइयां हैं। दोनों कंपनियों के विलय की प्रक्रिया अभी चल रही है और यह वित्त वर्ष के आ?खिरी तक पूरी हो सकती है। कंपनी उत्पादन क्षमता में 29 लाख टन का विस्तार कर रही है। कंपनियों के इस कदम से जिंदल स्टेनलेस को वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच कंपनियों में पहुंचने में मदद मिलेगी। उत्पादन क्षमता विस्तार से पहले संयुक्त इकाई प्रमुख 10 कंपनियों में शामिल होगी। जिंदल स्टेनलेस के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा ?कि उत्पादन विस्तार के बाद कंपनी का अगला कदम 100 फीसदी उत्पादन क्षमता का उपयोग करना होगा जो कंपनी के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। इसके बाद कंपनी बैकवर्ड इंटिग्रेशन पर विचार कर सकती है। जिंदल ने कहा कि कंपनी का ध्यान दो कच्चे माल निकल और क्रोम अयस्क पर होगा लेकिन निकल का उत्पादन भारत से बाहर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत में कंपनी क्रोम अयस्क पर ध्यान देगी। जिंदल ने कहा कि कंपनी के पास क्रोम की खदान ओडिशा में है और वह इसमें विस्तार करना चाहती है। इसके लिए अधिक उत्पादन क्षमता की आवश्यकता होगी।

## क्रूड सस्ता यूपी बिहार में पेट्रोल-डीजल की कीमत में बदलाव

नई दिल्ली। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में मंगलवार सुबह तेज गिरावट दिखी लेकिन पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों में उछाल दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों की ओर से जारी पेट्रोल-डीजल के खुदरा कीमत में तेजी दिखी और यूपी से बिहार तक इसके दाम बढ़ गए। हालांकि तेल कंपनियों ने दिल्ली-मुंबई जैसे देश के चारों महानगरों में मंगलवार को तेल कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार गौतमबुद्ध नगर जिले में पेट्रोल 42 पैसे महंगा होकर 97 रुपए प्रति लीटर और डीजल 39 पैसे बढ़कर 90.14 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 5 पैसे महंगा हुआ और 96.62 रुपए लीटर पहुंच गया जबकि डीजल 5 पैसे चढ़कर 89.81 रुपए लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 50 पैसे चढ़कर 107.74 रुपए लीटर जबकि डीजल 47 पैसे महंगा होकर 94.51 रुपए लीटर पहुंच गया है। गुरुग्राम में भी पेट्रोल 53 पैसे महंगा हुआ और 97.80 रुपए लीटर पहुंच गया जबकि डीजल 51 पैसे चढ़कर 90.24 रुपए लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल में पिछले 24 घंटे में करीब 2 डॉलर की गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव 2.89 डॉलर टूटकर 82.68 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी गिरावट के साथ 77.46 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है।

दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपए और डीजल 89.82 रुपए प्रति लीटर मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपए और डीजल 94.24 रुपए प्रति लीटर कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपए और डीजल 92.76 रुपए प्रति लीटर नोएडा में पेट्रोल 97 रुपए और डीजल 90.14 रुपए प्रति लीटर हो गया है। गुरुग्राम में पेट्रोल 97.80 रुपए और डीजल 90.24 रुपए प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.74 रुपए और डीजल 94.51 रुपए प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.62 रुपए और डीजल 89.81 रुपए प्रति लीटर हो गया

## एशिया के परोपकारी कार्य करने वालों की सूची में भारत के तीन उद्योगपति शामिल

सिंगापुर। फोर्ब्स की एशिया की परमार्थ कार्य करने वाले नायकों की सूची में भारत के अरबपति उद्योगपति गौतम अडानी शिव नादर और अशोक सूता के साथ-साथ मलेशियाई-भारतीय कारोबारी ब्रह्मल वासुदेवन और उनकी अधिवक्ता पत्नी शांति कंडिया को शामिल किया गया है। एशिया के परमार्थ नायकों की सूची का 16वां संस्करण मंगलवार को यहां जारी किया गया। फोर्ब्स ने बयान में कहा कि बिना किसी रैंकिंग वाली इस सूची में एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अग्रणी परोपकारी कार्य करने वाले लोगों को शामिल किया जाता है। अडाणी ने इस साल जून में 60 साल की उम्र पूरी होने पर 60000 करोड़ रुपए परमार्थ कार्यों पर खर्च करने की प्रतिबद्धता जताई है। इसके बाद उन्हें इस सूची में शामिल किया गया है। यह पैसा स्वास्थ्य सेवा शिक्षा और कौशल विकास पर खर्च किया

**- अडानी शिव नादर और अशोक सूता के साथ मलेशियाई-भारतीय कारोबारी ब्रह्मल वासुदेवन और उनकी पत्नी को किया गया शामिल**

जाएगा। परमार्थ कार्यों पर यह राशि अडाणी फाउंडेशन के माध्यम से खर्च की जाएगी। अडाणी फाउंडेशन का गठन 1996 में किया गया था। हर साल यह फाउंडेशन भारत में 37 लाख लोगों की मदद करता है। अरबपति शिव नादर देश के प्रमुख दानदाताओं में गिने जाते हैं। उन्होंने शिव नादर फाउंडेशन के माध्यम से एक दशक के दौरान एक अरब डॉलर परमार्थ कार्यों में लगाए हैं। इस साल उन्होंने फाउंडेशन को 11600 करोड़ रुपए का दान दिया है। इस फाउंडेशन की स्थापना 1994 में हुई थी। नादर ने एचसीएल टेक्नोलॉजीज की सह-स्थापना की थी।

प्रौद्योगिकी क्षेत्र के दिग्गज अशोक सूता ने चिकित्सा अनुसंधान क्षेत्र के न्यास को 600 करोड़ रुपए देने की प्रतिबद्धता जताई है। इस न्यास का गठन उन्होंने 2021 में किया था। क्वालालंपुर की निजी इक्विटी कंपनी क्रिएडर के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मलेशियाई-भारतीय ब्रह्मल वासुदेवन और उनकी अधिवक्ता पत्नी शांति कंडिया क्रिएडर फाउंडेशन की मदद से मलेशिया और भारत में स्थानीय समुदायों को समर्थन देते हैं। यह एक गैर-लाभकारी संगठन है जिसकी सह-स्थापना 2018 में की गई थी। इस साल मई में उन्होंने एक शिक्षण अस्पताल के निर्माण के लिए 1.1 करोड़ डॉलर देने की प्रतिबद्धता जताई है।

## सरकार चीनी निर्यात का कोटा बढ़ाएगी

नई दिल्ली। सरकार चीनी मिलों के लिए निर्यात कोटा बढ़ाने पर ?विचार कर रही है। महाराष्ट्र और कर्नाटक सरकार ने इस बार कम कोटा दिया जाने पर आपत्ति जताई थी। सरकार इन्हें 3 से 5 लाख मीट्रिक टन का अ?ति?रिक्त कोटा जारी कर सकती है। सरकार ने फिलहाल 1.5 लाख मीट्रिक टन का अ?ति?रिक्त कोटा जारी किया है। सरकार 3 से 5 लाख मीट्रिक टन अ?ति?रिक्त कोटा जारी करेगी। इस साल सरकार ने 60 लाख मीट्रिक टन चीनी निर्यात का कोटा तय किया है। महाराष्ट्र और कर्नाटक सरकार ने इस साल कम निर्यात कोटा दिए जाने पर नाराजगी जताई थी। उत्तर प्रदेश की चीनी मिलें प्रीमियम पर कोटे को बेच रही हैं। गौरतलब है कि देश का चीनी उत्पादन अक्टूबर-नवंबर में मामूली वृद्धि के साथ 47.9 लाख टन रहा है। भारतीय चीनी मिल संघ ने 2 दिसंबर

**– सरकार ने फिलहाल 1.5 लाख मीट्रिक टन का अतिरिक्त कोटा जारी किया**

को यह जानकारी दी थी। चीनी मार्केटिंग वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। इस्मा ने बयान में कहा कि चालू मार्केटिंग ईयर 2022-23 में 30 नवंबर तक चीनी का उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि के 47.2 लाख टन की तुलना में बढ़कर 47.9 लाख टन रहा है। इस्मा के आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र में चीनी का उत्पादन 2022-23 के बाजार सत्र के पहले दो माह के दौरान 20 लाख टन रहा जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 20.3 लाख टन था।

## पेटीएम के शेयर में लौटा निवेशकों का भरोसा 1285 रुपए तक पहुंच सकती है कीमत

नई दिल्ली। फिनटेक कंपनी पेटीएम के शेयरों में पिछले कुछ दिनों से जोरदार तेजी देखने को मिल रही है। 28 नवंबर से दो दिसंबर के बीच पेटीएम के शेयरों में लगभग 17 फीसदी की तेजी दर्ज की गई है। खबरों की मानें तो शेयर प्रबंधन ने पेटीएम के बिजनेस मॉडल और उसके नजरिए पर चर्चा की है। इस वजह से ब्रोकरेज हाउस ने पेटीएम के शेयर को बाय रेटिंग दी है। मार्केट के जानकारों का कहना है कि आने वाले समय में पेटीएम के शेयर लगभग 1285 रुपये तक पहुंच सकते हैं।

सोमवार की सुबह पेटीएम के शेयर बीएसई पर बढ़त के साथ ओपन हुए। लेकिन कुछ देर फिर रेड निशान में ट्रेड करने लगे। आज पहले कारोबारी सत्र में पेटीएम के शेयर 543.745 रुपये पर नजर आए और 548 रुपए के हाई तक पहुंचे। लेकिन इसके बाद गिरकर ये 528.30 रुपये पर आ गए। बीते सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को पेटीएम के शेयर 536.95 रुपये पर क्लोज हुए थे।

शुक्रवार को पेटीएम के शेयर 8.4 फीसदी चढ़े थे और पिछले क्लोजिंग के मुकाबले शुक्रवार को ये 7.06 फीसदी की तेजी के साथ 536 रुपये आंकड़े पर बंद हुए थे और मार्केट वैल्यूएशन 34853 करोड़ से अधिक हो गया था। 28 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच पेटीएम के शेयरों में 16.92 फीसदी की

बीएसई पर स्टॉक पिछले सप्ताह के शुक्रवार को 465 के करीब था। दो दिसंबर को पेटीएम का इंट्राडे हाई 543.45 रुपये रहा था। दो दिसंबर के क्लोजिंग के अनुसार सप्ताहभर में पेटीएम के शेयरों में लगभग 16 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं इस स्टॉक ने अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर से 22 फीसदी से अधिक की छलांग लगाई।

मॉर्गन स्टेनली सीएलएसए और जेएम फाइनेंशियल जैसे एक्सपर्ट्स ने पेटीएम का टार्गेट प्राइस 600 से 700 रुपये के बीच रखा है। पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड का आईपीओ पिछले साल नवंबर में लॉन्च हुआ था। लॉन्च से पहले इस आईपीओ को लेकर जबर्दस्त माहौल था।

लेकिन एक साल में ही पेटीएम के शेयर अर्श से फर्श पर पहुंच गया। पेटीएम आईपीओ का इश्यू साइज 18300 करोड़ रुपए था और इसके लिए प्राइस बैंड 2080 रुपये से 2150 रुपये तक तय किया गया था। इस आईपीओ को निवेशकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। लेकिन डिस्काउंट पर लिस्टिंग के बाद से शेयरों में जो गिरावट आई उससे कंपनी अब तक नहीं उबर सकी है। पेटीएम के स्टॉक्स शेयर बाजार में नवंबर 2021 में 9 फीसदी डिस्काउंट के साथ 1950 रुपए पर लिस्ट हुए थे।

## ट्विटर के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज

सैनफ्रांसिस्को। एलन मस्क की टिवटर इंक अब एक नए कानूनी पेंच में फंस गई है। कंपनी के कुछ पूर्व कर्मचारियों का कहना है कि उनको विच्छेद भुगतान वादे से कम दिया गया है। एक खबर के अनुसार कुछ कर्मचारियों का कहना है कि जब उन्होंने संरक्षित श्रम अधिकारों की बात की तो कंपनी ने उनके खिलाफ जवाबी कार्रवाई की। गौरतलब है कि इस बारे में मुकदमों की शुरूआत तब से हुई जब कंपनी में छंटनी की शुरूआत पहली बार नवंबर में की थी जिसको लेकर कंपनी पर आरोप लगा था कि ट्विटर ने बिना पर्याप्त नोटिस के सैकड़ों कर्मचारियों को कंपनी से निकाल दिया। लॉस एंजिल्स की एक वकील ने कहा कि उसने तीन कर्मचारियों की ओर से दावे दायर किए हैं जिनमें दावा किया गया है कि कंपनी ने नौकरी से निकाले जाने के बाद वादे के मुताबिक भुगतान नहीं किया है। कर्मचारियों की वकील ने कहा कि वह ट्विटर कर्मचारियों की ओर से ऐसी सैकड़ों और शिकायतें लाने के लिए तैयार हैं। बता दें कि नेशनल लेबर रिलेशंस बोर्ड के पास भी कंपनी की दो शिकायतें दायर हैं। लेबर बोर्ड केस के मामले में ट्विटर पर एक कर्मचारी को कंपनी से बाहर निकालने का आरोप लगाया गया है जिसमें कर्मचारी पर अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर हड़ताल करने के असफल प्रयास का आरोप लगाया गया था।

## श्रीलंका में दूध उत्पादन बढ़ाने तकनीकी सहायता देंगे एनडीडीबी और अमूल

कोलंबो। भारत श्रीलंका को डेयरी उद्योग और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए तकनीकी सहायता करेगा। इससे नकदी की कमी से जूझ रहे इस देश की आयातित दुग्ध उत्पादों पर निर्भरता को कम की जा सके। श्रीलंका के राष्ट्रपति कार्यालय के मीडिया प्रकोष्ठ ने एक बयान में कहा कि अमूल ब्रांड के तहत दूध का विपणन करने वाले राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) और गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन (जीसीएमएमएफ) के अधिकारियों ने श्रीलंका में दूध के उत्पादन के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए कदम उठाए हैं। बयान में कहा गया है कि श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने एनडीडीबी की टीम के साथ काम करने के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से मिलकर एक समिति नियुक्त की है ताकि आयातित दुग्ध पाउडर पर निर्भरता को कम करने के मकसद से देश में स्थानीय दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए एक लघु मध्यम और दीर्घकालिक योजना तैयार की जा सके। बैठक के दौरान लघु और मध्यम अवधि की योजनाओं को लागू करके स्थानीय दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने और एक लक्षित कार्यक्रम के माध्यम से दीर्घावधि में श्रीलंका को दूध में आत्मनिर्भर बनाने के बारे में चर्चा की गई।

## नए मार्गों पर विमान परिचालन के लिए मौजूदा बेड़ा बढ़ाएगी एयर इंडिया लीज पर लेगी 12 नए विमान

नई दिल्ली। टाटा के स्वामित्व वाली एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने अपने मौजूदा बेड़े को और बढ़ाने के लिए सोमवार को 12 एयरक्राफ्ट लीज पर लेने की घोषणा की है। इसमें 6 एयरबस ए320नियो नैरो बॉडी एयरक्राफ्ट और 6 बोइंग बी777-300 एफ वाइडबॉडी विमान हैं। टाटा ग्रुप ने इस साल जनवरी में एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। उसके बाद से वह लगातार अपने नेटवर्क और बेड़े का विस्तार कर रहा है।

इन विमानों के 2023 की पहली छमाही में शामिल होने की उम्मीद है। इन्हें छोटे मध्यम और लंबी दूरी के इंटरनेशनल रूट्स पर तैनात किया जाएगा। सिंगापुर एयरलाइंस के साथ टाटा के ज्वाइंट वेंचर विस्तारा के साथ एयर इंडिया के विलय की घोषणा के कुछ दिनों बाद यह कदम उठाया गया है।

एयर इंडिया के सीईओ और एमडी कैंपबेल विल्सन ने कहा कि ये अतरिक्त विमान लीज हमारे निकट-टर्म ग्रोथ को सपोर्ट करेंगे। उन्होंने कहा कि एयरलाइन के नेटवर्क को बढ़ाना एयर इंडिया की विहान.ए. ट्रांसफॉर्मेशन जर्नी का एक अनिवार्य हिस्सा है और हम डोमेस्टिक और इंटरनेशनल स्तर पर कनेक्टिविटी और फ्लाइट्स की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## केटीएम 890 एडवेंचर आर से उठा दिया पर्दा

नई दिल्ली। इंडिया बाइक वीक 2022 में केटीएम इंडिया ने अपकमिंग केटीएम 890 एडवेंचर आर से पर्दा उठाया। अपडेटेड केटीएम 890 एडवेंचर आर में बेहतरीन ट्रैवल कैपेबिलिटी हैं। मोटरबाइक में 889सीसी का पैरेलल ट्विन इंजन का इस्तेमाल किया गया है।

कहा जाता है कि यह एक परपज बिल्ट एडवेंचर बाइक है जिसे किसी भी तरह के कठिन इलाके में चलाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह इंजन 8000 आरपीएम पर 104 बीएचपी की पावर और 6500 आरपीएम पर 100 एनएम पीक टॉर्क देता है। इंजन 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ आता है जिसके नीचे स्टील ट्यूब फ्रेम होता है। स्पेंशन ड्यूटीज के लिए केटीएम 890 एडवेंचर आर में आगे की तरफ डब्ल्यूपी यूएसडी फोर्क्स और पीछे एक डब्ल्यूपी-सोर्स मोनोशॉक दिए गए हैं। आगे और पीछे दोनों तरफ एडजस्टेबल हैं। मोटरसाइकिल के 2023 मॉडल में एक्सप्लोर पीडीएस (प्रोग्रेसिव डंपिंग सिस्टम) रियर शॉक है जिसमें किसी लिंकेज की जरूरत नहीं है। मोटरसाइकिल वर्टिकली एलईडी हेडलैंप और एक लंबी विंडस्क्रीन के साथ आती है। ज्यादा सुरक्षा के लिए एडवेंचर मोटरसाइकिल

**-बाइक को कठिन इलाके में चलाने के लिए किया डिजाइन**

में हैंडलबार गार्ड और एक बेली पैन है। बाइक उठे हुए हैंडलबार्स नकल गार्ड्स एक फ्लैट सीट और एक अपस्वेप्ट एग्जॉस्ट के साथ आती है। इसमें डुअल फ्रंट डिस्क ब्रेक और बैक में सिंगल डिस्क ब्रेक है। केटीएम 890 एडवेंचर आर पर उपलब्ध सुविधाओं में ट्रैक्शन कंट्रोल राइड मोड और एबीएस सहित कई राइडिंग एड्स शामिल हैं। मोटरसाइकिल को इंडिया बाइक वीक 2022 में प्रदर्शित किया गया था।

लॉन्च होने पर केटीएम 890 एडवेंचर आर का मुकाबला ट्रायम्फ टाइगर 900 डुकाटी मल्टीस्ट्राडा वी2 और अन्य से होगा। कंपनी ने केटीएम 890 एडवेंचर आर मोटरसाइकिल की सटीक लॉन्च टाइमलाइन का खुलासा नहीं किया है। केटीएम 890 एडवेंचर आर के 2023 मॉडल के साथ आने वाले अन्य अपडेट टॉगल स्विच के साथ एक नई टीएफटी स्क्रीन है जिनका उपयोग कई राइडिंग मोड और अन्य सेटिंग्स तक पहुंचने के लिए किया जा सकता है। मोटरसाइकिल में ब्लूटूथ कनेक्टिविटी भी है।

## दुनिया की सबसे वैल्यूएबल ऑटो कंपनी है टेस्ला

नई दिल्ली। दुनिया भर में मशहूर उद्योग पति एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला आज दुनिया की सबसे वैल्यूएबल ऑटो कंपनी है। मस्क इस कंपनी के सीईओ हैं। इस कंपनी में उनकी करीब 14 फीसदी हिस्सेदारी है।इसके शेयरों में आई तेजी की वजह से ही एलन मस्क दुनिया के सबसे रईस इंसान बने हैं।

एक समय मस्क इस कंपनी को सिर्फ छह अरब डॉलर में बेचने को तैयार हो गए थे? आज मस्क की यह कंपनी मार्केट कैप के हिसाब से दुनिया की सातवीं सबसे बड़ी कंपनी है। इसका मार्केट कैप 606.20 अरब डॉलर है। मस्क ने 2003 में टेस्ला की स्थापना की थी लेकिन 2013 में कंपनी गहरे संकट में फंस गई थी। मस्क इसे बेचना नहीं चाहते थे लेकिन उनके पास और कोई विकल्प नहीं था। वह इसे बेचने के लिए गूगल के कोफाउंडर और अपने दोस्त लैरी पेज से बात कर रहे थे कि तभी चमत्कार हो गया। पेज ने स्थिति के समझा और दोनों ने डील पर बातचीत आगे बढ़ाने का फैसला किया।

मस्क चाहते थे कि कंपनी बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक कार बनाने का काम आगे बढ़ाए। मस्क की शर्त थी कि वह आठ साल तक कंपनी उनके कंट्रोल में रहेगी

**-कभी छह अरब डॉलर में टेस्ला बेचने को तैयार हो गए थे एलन मस्क**

या जब तक वह बड़े पैमाने पर गाड़ियां बनाना शुरू नहीं कर देती है। साथ ही उन्होंने फैक्ट्री के विस्तार के लिए पांच अरब डॉलर की पूंजी भी मांगी। गूगल के कुछ वकील इन मांगों से सहमत नहीं थे लेकिन मस्क और पेज ने बातचीत जारी रखी। उस समय टेस्ला की वैल्यू छह अरब डॉलर थी। अगर यह सौदा हो जाता तो गूगल इतनी रकम में टेस्ला को खरीद लेती। अभी मस्क पेज और गूगल के वकीलों के बीच इस डील पर बातचीत चल ही रही थी कि एक चमत्कार हो गया। टेस्ला ने 500 लोगों को सेल्समैन की जिम्मेदारी दी हुई थी। अचानक कंपनी की कारें धड़ाधड़ बिकने लगीं। टेस्ला के अकाउंट में केवल दो हफ्ते का कैश रह गया था। लेकिन 14 दिनों में कंपनी ने बड़ी संख्या में कारें बनाई और बेचीं। कंपनी ने लिस्ट होने के बाद पहली बार प्रॉफिट कमाया था। तिमाही के दौरान कंपनी ने 4900 मॉडल एस सिडैन कारें डिलीवर कीं। इससे कंपनी के शेयरों में जबरदस्त तेजी देखने को मिली।

जुलाई में इसकी कीमत 30 डॉलर से 130 डॉलर पहुंच गई। तिमाही नतीजे घोषित करने के कुछ ही दिन बाद कंपनी ने 46.5 करोड़ डॉलर का सरकारी लोन ब्याज समेत चुकता कर दिया। अचानक कंपनी के पास ढेर सारा कैश आ गया। स्टॉक में तेजी से कस्टमर्स का भी भरोसा बढ़ गया। अब कंपनी की कारें तेजी से बिक रही थीं और टेस्ला की वैल्यू भी बढ़ रही थी। अमेरिकी बिजनस कॉलमनिस्ट और लेखक एश्ली वेंस की किताब एलन मस्कः हाउ द बिलिनियर सीईओ आफ स्पेसएक्स एंड टेस्ला इज शापिंग अवर फ्यूचर के मुताबिक फरवरी 2013 में टेस्ला गहरे संकट में थी। कंपनी की कारें बिक ही नहीं रही थीं। कस्टमर ऑर्डर कैंसल कर रहे थे। कंपनी का प्रॉडक्शन बंद करने की नौबत आ गई थी। कंपनी ने मस्क से यह बात छिपाने की कोशिश की। लेकिन जब उन्हें इसका पता लगा तो वह एक्शन में आ गए।

उन्होंने डेमलर में काम कर चुके जेरोम गुलेन को सर्विस से जुड़े मुद्दों को देखने को कहा। कई सीनियर अधिकारियों की छुट्टी कर दी और बड़ी संख्या में जूनियर स्टाफ को प्रमोट कर दिया। अप्रैल के पहले हफ्ते में मस्क ने पेज से संपर्क साधा। मस्क ने पेज से कहा कि टेस्ला का कुछ हफ्ते भी टिकना मुश्किल है। हालत यह हो गई कि कंपनी को अपनी फैक्ट्री बंद करनी पड़ी है। लोगों से यह कहा गया कि मेंटेनेंस के लिए फैक्ट्री को बंद किया गया है।

# अस्थाई गौशाला की स्थिति बद से बदतर

**यह है हाल**

**गोवंश कर रहे अपनी मौत का इंतजार**

**पशुओं को चारे के नाम पर खड़ा पुआल और बजबजाता पानी**






**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के पेसारा गांव में स्थित निराश्रित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल की दुर्दशा की पराकाष्ठा का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि यहां प्रतिदिन किसी न किसी गोवंश की मौत होना तय है। आलम यह है कि दर्जनों मरे हुए गोवंशो को दफनाने के बाद उठ रही दुर्गंध से अगल बगल से गुजरना मुश्किल है। स्थानीय लोग भी लगातार मर रहे गोवंश की हालत देखकर उन्हें आजाद करने की मिन्नते कर रहे हैं।

गौशाला की बदहाली को सुन जब मौके पर मीडिया पहुंची तो गौशाला के गेट पर ताला लगा हुआ था गौशाला के अंदर जाकर देखा गया गया तो स्थिति वीभस्त थी। गौआश्रम में एक जिंदा गाय के आंख को कौआ नोच कर निकाल रहा था और गाय छटपटा रही थी वहीं दूसरी तरफ एक और गाय के पैर में गहरी चोट लगी थी जिसे कौआ आकर उसके जख्म को गहरा करता जा रहा था। गौशाला के एक तरफ मृतक गौवंश भी पड़ा दिखा और गायों को खाने के लिए बजबजाता पानी व खड़ा पुआल रखा गया था जो गोवंशो के पहुँच से दूर रखा था जहाँ बॉस लगाया गया था। केयर टेकर भी मौके से नदारत था। अगर केयर टेकर होता तो कम से कम जिंदा गायों को कौवे तो नहीं नोचते। इस सम्बन्ध में जब ग्राम विकास अधिकारी सुरेश चंद्र से बात की गई तो उन्होंने बताया कि पैसा आने वाला है मैं ग्राम प्रधान से अभी बात कर लेता हूँ और केयर टेकर से भी बात करता हूँ साथ ही मैं खुद मौके पर जाकर वहाँ की स्थिति देखता हूं। बहरहाल कब और कैसे पेसारा अस्थाई गौशाला में गायों को समुचित व्यवस्था कराई जाएगी ये तो जिम्मेदार ही तय करेंगे।

**जिला प्रशासन से रख रखाव के नाम पर कुछ नहीं आता : जयहिंद**

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि जयहिंद रसीला ने बताया कि कभी कभार चिकित्सक गायों को देखने आ जाते हैं इसके पहले महिला चिकित्सक थी जो हमेशा आती रहती थी और गोवंशो का बेहतर उपचार करती थी। उनके जाने के बाद डॉक्टर कभी कभी आते हैं। उन्होंने बताया कि चार लाख रुपया उधार लेकर गायों को भूसा व दाना (चोकर) खिला चुका हूं लेकिन जिला प्रशासन से रख-रखाव के नाम पर एक रुपये नहीं आ रहा है मैं मजबूर हो गया हूं। अगर यही स्थिति रही तो वीडियो बनाकर मुख्यमंत्री को भेज दूंगा। हमे भी गायों की स्थित देखकर दर्द हो रहा है। अगर यही स्थिति रही तो मैं खुद गौशाला की जिम्मेदारियों को छोड़ दूंगा क्योंकि जो स्थिति इस समय उसे देखकर दिल सिहर उठता है।

# पालिकाध्यक्ष ने कर्मकांड स्थल को जनता को किया समर्पित

जनसंदेश न्यूज


कर्मकांड स्थल को जनता को समर्पित करते पालिकाध्यक्ष प्रहलाद दास गुप्ता

**लालानगर।** गोपीगंज नगर पालिका परिषद गोपीगंज के वार्ड संख्या पाँच की गली में मंगलवार की देर शाम पालिका अध्यक्ष प्रहलाद दास गुप्ता ने वार्ड में कर्मकांड स्थल का पूजन कर इसे आमजन को समर्पित कर दिया। इस दौरान मोहल्ले के लोगों ने गाजे-बाजे के साथ पालिका अध्यक्ष को माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

पालिकाध्यक्ष ने बताया कि 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत यह कार्य एक लाख इकतीस हजार की लागत से कराया गया है। उक्त स्थल के निर्माण कार्य हो जाने से मोहल्ले सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को कर्मकांड आदि जरूरत के लिए अब परेशान नहीं होना पड़ेगा, यहां पर्याप्त ढंग से साफ-सफाई टिन सेट इंटरलॉकिंग आदि का निर्माण करा दिया गया है। जिससे लोग छोटे-मोटे आयोजन यहां कर सकते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से पालिका कर्मचारियों व वार्ड सभासद संदीप गुप्ता, ज्ञानेश्वर अग्रवाल, शिव शंकर गुप्ता, गोपाल गुप्ता, गोपाल जायसवाल, मदन सिंह, बालमुकुंद, मनोज केसरवानी, शिव कुमार गुप्ता, संदेश सेठ आदि लोग रहे।

# आज मनाया जाएगा झंडा दिवस


झंडा दिवस के अवसर पर स्मारिका पत्रिका दिखाते डीएम गौरांग राठी

**ज्ञानपुर।** गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जायेगा। झण्डा दिवस भारतीय सशस्त्र सेना के सेवानिवृत्त सैनिकों के कल्याण हेतु जनता से धन संग्रह के प्रति समर्पित वर्ष 1949 से 07 दिसम्बर को भारत में प्रतिवर्ष मनाया जाता है।

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर हुए धन संग्रह का उद्देश्य युद्ध के समय हुई जनहानि में सहयोग, सेना में कार्यरत सैनिकों एवं सेवानिवृत्त सैनिकों और उनके परिवार के कल्याण हेतु किया जाता है। इस उपलक्ष में जिलाधिकारी गौरांग राठी को जिला सभागार में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल विनोद गुप्ता (अ.प्रा.) ने स्मारिका एवं उत्तर प्रदेश के शौर्य पुरस्कार से सम्मानित- 01 विक्टोरिया क्रॉस, चार परमवीर चक, उन्नीस महावीर चक्र, इक्यानबे वीर चक्र, छः अशोक चक्र, बीस कीर्ति चक्र, एक सौ छः सेना मेडल के सम्मान समृती के तौर पे दो पुस्तके शौर्य और पराक्रम एवं वीरता और सम्मान भेंट किया गया।

## उत्साह के साथ मनाया गया होमगार्ड स्थापना दिवस

**ज्ञानपुर।** होमगार्ड स्थापना दिवस के अवसर मंगलवार को होमगार्डस मुख्यालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशानुसार जनपद मे होमगार्ड कार्यालय पर जनपद के सभी अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति मे जिला कमांडेंट द्वारा 9:30 बजे कर्यालय पर यूनिट फ्लैग फहराया गया एवं विभाग के स्थापना दिवस के अवसर पर विभाग के स्थापना से लेकर अब तक के कार्य एवं होमगार्ड्स की उपयोगिता के बारे में संगोष्ठी भी की गई। इस मौके पर जिला कमांडेंट के सहायक रविंद्र कुमार उपाध्याय, रणजीत सिंह पीसीपी, बी ओ राकेश कुमार, आनंद कुमार त्रिपाठी, झूरु प्रसाद, राजेश कुमार सरोज, मुन्ना कुशवाहा, कंपनी कमांडर माता सेवक वर्मा, राम चरित्र बिंद, सुरेश मिश्रा, सहायक कंपनी कमांडर बटेश्वर तिवारी, प्रेम राज मौर्या, पीसी नंदलाल मौर्य, लालचंद, राम चंद्र दुबे, रवि आश्रय पाठक, अमलेश कुमार विश्वकर्मा एवं महेश सिंह के साथ ही साथ कार्यालय के समस्त बाबू एवं रनर मौजूद थे।

# खड़ी रही कोइरौना पुलिस, विवादित भूमि पर होता रहा निर्माण

जनसंदेश न्यूज

**मनमानी**

**स्टे का अनुपालन कराने की जगह तमाशा देखती रही पुलिस**

**ज्ञानपुर।** किसी ने सच ही कहा है जब हाकिम बेदर्द हो तो फरियाद करना व्यर्थ है। कोईरौना पुलिस इन दिनों इसी नक्शे कदम पर चलती नजर आ रही है। ऐसे हालात तब हैं जब योगी सरकार लगातार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने भ्रष्टाचारियों पर हंटर चलाने और पीड़ितों को न्याय दिलाने का दम्भ भर रही है। जिले के कप्तान अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु नजर बनाए हुए हैं और निर्देश दे रहे हैं।

कोइरौना पुलिस इन दिनों ठीक इसके विपरीत काम करती दिख रही है। कई जगह तो राजस्व विभाग का भी जिम्मा लेती दिख रही है। आरोप लग रहे हैं कि जमीनों पर कब्जा आदि कराने की आड़ में पुलिस जेबें गर्म कर रही है। जिसका खामियाजा यह है कि शिकायतकर्ता और भी पीड़ित बन जा रहे हैं। सोमवार को कोइरौना थाना क्षेत्र के भीखीपुर ग्राम पंचायत के चैनपट्टी में पुलिस बिना किसी आदेश व राजस्व विभाग की मौजूदगी के विवादित भूमि में एक व्यक्ति का खड़े होकर जबरन पक्का निर्माण करवाती रही। प्राप्त जानकारी व वायरल वीडियो के अनुसार कोइरौना चौकी प्रभारी मय फोर्स घण्टों मौके पर रहकर दीवार जुड़वाते रहे। मौके पर उसी गाटे के करीब दर्जनभर हिस्सेदार बंटवारे न होने आदि का आरोप लगाते हुए काम रोकते रहे।

वहीं दूसरी ओर कोइरौना क्षेत्र के केवटाही गोलखरा गांव के बॉर्डर पर स्थित एक ईंट भट्ठे का संचालन हो रहा है। खबर है कि कोई पंजीकृत एंग्रीमेंट संचालक द्वारा नही कराया गया है। पट्टीदारों से बंटवारा आदि करने व खुद निर्माण आदि कार्य करने हेतु पिछले कई माह से केवटाही निवासी पीड़ित भूमिधर लक्ष्मण बिन्द व उसके परिजन भट्ठा संचालक को रोक रहे हैं।

उक्त गाटे पर एसडीएम सदर के न्यायालय से स्थगन आदेश भी पारित हुआ है। पीड़ित का आरोप है कि वह चौकी सीतामढ़ी गया और डायल 112 पुलिस को मौके पर बुलाया। सभी का रवैया यह रहा कि सभी पीड़ित को ही दबाने में जुट गए।

और भट्ठा मालिक से सेटिंग कराने को आतुर दिखने लगे। पीड़ित सोमवार को जब कोइरौना थाने पर पहुंचा तो कोई कार्रवाई न होने पर निराश होकर लौट आया। गौरतलब है कि इसी तरह के जमीन विवादों में पुलिस के सरपरस्ती व एकपक्षीय कार्रवाई के चलते जनपद में गोली चलने और हत्या होने जैसी घटना हो चुकी है। पुलिसवालों पर भी मुकदमा दर्ज हो चुका है। आखिर पुलिस बावजूद इसके नियम ताक पर रख किसी का सहयोग क्यों कर रही है।

## संक्षेप

### घोषित हुई आरक्षण सूची, चुनाव की तारीख का इंतजार

**भदोही।** उत्तर प्रदेश का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया है, जिसके साथ ही निकाय चुनाव का इंतजार कर रहे लोगों की धड़कने बढ? लगी हैं। क्योंकि विधानसभा सत्र समाप्त होते ही चुनाव की घोषणा से पर्दा हटने का अनुमान लगाया जा रहा है। जिससे चुनावी रण में घमासान शुरू हो जाएगा। यूपी नगर निकाय चुनाव 2022 की तारीखों का इंतजार उम्मीदवारों को बेसब्री से है। आरक्षण सूची जारी होते ही कितने दावेदारो के अरमान पर पानी फिर गया है जो अब आपत्ति दाखिल करने का विचार कर रहे हैं। नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत चुनाव की घोषणा उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इसी माह में कराए जाने के आसार दिखाई दे रहे हैं। माना जा रहा है कि विधानसभा सत्र के बाद ही निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। विधानमंडल का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया है जो तीन दिनों तक चलेगा। सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली सरकार सत्र अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसमें कुछ नई योजनाएं भी पेश की जा सकती है। ऐसे में आठ दिसंबर या उसके बाद निकाय चुनावो का एलान किए जाने की अटकलें तेज हो गई हैं। अगर उसे पहले चुनाव की अधिसूचना जारी होगी तो सीधा असर चुनाव आचार संहिता पर पड़ सकता है। मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव, रामपुर विधानसभा उपचुनाव, खतौनी विधानसभा उप चुनाव की मतगणना भी आठ को होनी है।

### ट्रक व कंटेनर के बीच टक्कर में कंटेनर चालक की मौत

**भदोही।** औराई क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर चलती ट्रक व कंटेनर के बीच टक्कर में कंटेनर चालक की मृत्यु हो गई। मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग कोठरा में कंटेनर वाहन की चलती ट्रक में पीछे से टक्कर हो गई। जिसमें कंटेनर चालक रणजीत सिंह उम्र लगभग 45 वर्ष निवासी कोडरमा थाना जयनगर छत्तीसगढ़ की मौके पर मृत्यु हो गई है। दोनों वाहनों की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रोड पर वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। सूचना पर औराई पुलिस मौके पर पहुंचकर वाहन को रोड से हटवाया जिससे यातायात व्यवस्था शुरू किया गया। कोतवाली प्रभारी गगनराज सिंह ने बताया कि मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### अध्यापकों व बीईओ से मांगा गया स्पष्टीकरण

**भदोही।** शासन द्वारा दिए गए निदेशों के क्रम में जनपद के समस्त विद्यालयों में अनुश्रवण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। बीएसए द्वारा भ्रमण के दौरान विद्यालयों में छात्र उपस्थिति, अध्यापकों की उपस्थिति, शैक्षिक गुणवत्ता एवं कायाकल्प के अंतर्गत कराए गए कार्यों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति को बढ़ाने हेतु सतत प्रयास किए जा रहे हैं, तथा विगत चार माह में जुलाई से अक्टूबर में विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति का विवरण तैयार किया गया है। जिसमें मध्यान भोजन ग्रहण करने वाले बच्चों की संख्या के आधार पर नामांकन के सापेक्ष उपस्थिति का आंकड़ा तैयार किया गया है। जिसमें 60% से कम उपस्थित वाले विद्यालयों के समस्त अध्यापकों एवं संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा उनके द्वारा विद्यालयों में छात्र उपस्थिति बढ़ाने के संबंध में क्या प्रयास किए गए हैं के साथ स्पष्ट करने हेतु निर्देश दिया गया है। अवगत कराना है कि विकासखंड अभोली के 65 विद्यालय, औराई के 136 विद्यालय, भदोही के 134 विद्यालय, डीघ के 151 विद्यालय, ज्ञानपुर के 121 विद्यालय तथा विकासखंड सुरियावा के 71 विद्यालय में नामांकन के सापेक्ष छात्र उपस्थिति 60% से कम पाई गई है। जिसके लिए समस्त अध्यापकों को नोटिस निर्गत करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### युवक को पीटकर किया घायल

**केराकत।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गंगौली में सोमवार की शाम बाजार से घर जाते समय मनबढ़ों ने लोहे की राड से मारकर सुबास यादव निवासी अतरौरा को गंभीर रूप से घायल कर दिया। ग्रामीणों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने दो अज्ञात के खिलाफ के मुकदमा दर्ज कर मामले? की छानबीन कर रही? है।

# पुण्यतिथि पर याद किये गए संविधान निर्माता


डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते अपना दल एस कार्यकर्ता

**भदोही।** अपना दल एस भदोही विधान सभा कार्यालय घमहापुर में विधानसभा अध्यक्ष हरिलाल पाल के अध्यक्षता में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर नाम से लोकप्रिय भारतीय बहुज्ञ विधिवेत्ता अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ और समाजसुधारक पुण्यतिथि पर याद किये गए। इस अवसर पर अपना दल एस के प्रदेश सचिव गुलाब चन्द सरोज बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तत्पश्चात सभी पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किये। इस अवसर पर पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र पटेल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि आज यदि हमे अपने अधिकार को मजबूती से लड़कर लेने का अधिकार बाबा साहब न दिलाये होते तो बहुजन दर दर की ठोकरे खाता फिरता।

उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया। जिसके लिए उनको युगों युगों तक याद किया जाएगा।

इस अवसर पर लल्लू राठौर, कपिल देव बिंद, नवाब अंसारी, अली अकबर, प्रदीप पाल, भग्गू गौतम, राम आसरे पाल, कमल शंकर धीवर इत्यादि बहुत से पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आरक्षण ने बिगाड़ा दावेदारों का खेल नये सिरे से करना होगा प्रयास

**भदोही।** प्रदेश सरकार द्वारा जारी आरक्षण ने नगर निकाय चुनाव के मैदान में कूदने वाले दावेदारों के खेल बिगाड़ दिया है। चुनाव मे जीत के लिए उनको को अब दोहरी मार झेलनी पड़ेगी। प्रचार प्रसार मे पानी की तरह पैसा बहाने वाले दावेदारो को आरक्षण प्रक्रिया के बाद एक तो अपने पक्ष में वोटरों को गोल बंद करने के लिए नए सिरे से जनसंपर्क में पसीना बहाना पड़ेगा, वही बढ़ी हुई महंगाई के कारण महगे चुनाव का सामना करना पड़ेगा। इससे प्रत्याशियों की चुनौती बढ़ी हुई है जनवरी में चुनावी तैयारी से लगन की आपाधापी टकरा गई है। इससे कई जरूरी चीजें महंगी हो गई हैं। आरक्षण पर जिच से निकाय चुनाव में हुई देरी की कीमत उम्मीदवारों को चुकाना पड़ेगा। पिछली बार चुनाव की घोषणा के समय प्रचार सामग्री व वाहन आदि की जो दर थी उसमें काफी अधिक इजाफा हो गया है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर घूम रहे आवारा पशु


कासिमाबाद स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के नीचे घूमते आवारा पशु।

**कासिमाबाद।** क्षेत्र में गुजर रहे पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर इन दिनों आवारा पशु एक्सप्रेस के तारबंदी में खुलेआम घूमते हुए देखे जा रहे हैं। एक्सप्रेसवे मार्ग पर सफर करने वाले कब इन आवारा पशुओं के हादसे का शिकार हो यह अंदेशा हमेशा बना रहता है।

कासिमाबाद क्षेत्र से गुजर रहे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के 321 चेंनेज के पास एक्सप्रेस वे के तारबंदी के भीतर दर्जनों बेजुबान जानवर घूम रहे थे। कोई सुध लेने वाला अधिकारी या विभाग का कोई कर्मचारी नहीं दिखा। जबकि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सफर करने वाले लोग कयास लगा रहे हैं कि 3 से 4 घंटे में गंतव्य स्थान तक पहुंच सकते हैं लेकिन बीच में रोड़ा बने बेजुबान जानवर कब किसके ऊपर शामत बन जाए यह कोई नहीं जानता। जबकि शासन के द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर निगरानी के लिए 3 सिफ्ट्र में 28 सदस्यो की निगरानी टीम की तैनाती भी की गई है। जिसमें हर 25 किलोमीटर पर 8 निगरानी टीम के सदस्य की ड्यूटी लगाई गई है। यही नहीं पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए दो एनिमल कैप्चर वाहन भी लगाई गई है ।उसके बावजूद भी आवारा पशुओं का एक्सप्रेस वे पर घूमना कहीं ना कहीं विभाग पर सवालिया निशान खड़ा हो रहा। इस संदर्भ में पेट्रोलिंग अधिकारी भरत यादव ने बताया कि पेट्रोलिंग टीम लगातार भ्रमण करती हैं। जैसे ही सूचना मिलता है एनिमल कैप्चर टीम के द्वारा इन आवारा पशुओं को पकड़कर नजदीकी गौशाला में सौंप दिया जाता है। यदि इस प्रकार की कोई सूचना है अवश्य तो इन आवारा पशुओं को पकड़ कर गौ आश्रय केंद्र भेजा जाएगा ।

# गरीबों-पीड़ितों व असहाय लोगों की मदद करना मेरे जीवन का लक्ष्य: डॉ. वीरेन्द्र यादव



**बलिया।** घोड़हरा स्थित दीनार्त हेल्थ केयर के चिकित्सक डॉ. वीरेन्द्र यादव से वार्ता में उन्होंने बताया कि मैं यहां 40 वर्षों से सेवा दे रहा हूँ। गरीब पीड़ित व असहायों की मदद करना मेरे जीवन का लक्ष्य है। यह सब मुझे माता पिता से संस्कार मिला है, क्योंकि जब मैं पढ़ता था तब गरीबी बहुत थी फिर भी मेरे माता पिता गरीबों की मदद करते थे तभी से मैंने सीखा की मैं भी एक दिन डॉ0 बनकर माता पिता जैसा ही लोगों की सेवा करूंगा। भगवान ने भी मेरी प्रार्थना सुनी मैं प्रतिदिन एक से दो मरीजों को देखता हूँ और दवा भी निःशुल्क देता हूँ। माता पिता के उम्र के लोगों व आने-जाने वालो असमर्थ मरीजों के घर पहुंचकर उन्हें देखता हूँ और उन्हें आश्वासन देता हूँ। जब मरीजों का फोन आता है तो मैं तुरन्त उनकी सेवा में 24 घण्टा तत्पर रहता हूँ जिससे मुझे बहुत ही सुकून मिलता है और गरीबों का आशीर्वाद भी मिलता है। मेरा मो0 है 8922956307, 9452364116 कोई भी मुझसे इस पर सम्पर्क कर सकते है जिससे उन्हें सलाह और मदद मिलेगी।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## ग्राम पंचायत अधिकारी प्रेमनाथ को डीपीआरओ ने किया निलंबित

**ज्ञानपुर।** अभोली विकासखंड में दयालपुर, परऊपुर गांव के ग्राम पंचायत अधिकारी प्रेमनाथ को लापरवाही व अनियमितताओं के आरोप में जिला पंचायत राज अधिकारी राकेश कुमार यादव ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया व अनियमितताओ से सम्बंधित जॉच एडीपीआरओ को सौंपकर पन्द्रह दिनों के अंदर स्पष्टीकरण माँगा हैं। डीपीआरओ राकेश यादव ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि सचिव प्रेमनाथ द्वारा होली विकासखंड के दयालपुर गांव में 13 मुख्यमंत्री आवास की संस्तुति की गई, जिसमें आठ लाभार्थी अपात्र पाये गये, परऊपुर गाँव में विकास कार्य न करना, रोस्टर के टाइम पंचायत भवन सेंटर से अनुपस्थित रहना, ग्राम पंचायत सचिव के निलंबन का कारण बना।डीपीआरओ ने निलंबित सचिव को औराई विकास खंड कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया।

# बन रहे पीपा पुल का डीएम ने किया औचक निरीक्षण



**सिकन्दरपुर।** क्षेत्र के खरीद दरौली के मध्य बन रहे पीपा पुल का मंगलवार को जिलाधिकारी बलिया सौम्या अग्रवाल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने सेतु निगम द्वारा किए जा रहे पक्का पुल के निर्माण कार्य को भी देखा।

पक्के पुल के निर्माण में धीमी गति पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मानक के अनुरूप पक्के पुल का निर्माण होना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता हुई तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपस्थित इंजीनियर से पूल की लंबाई-चैड़ाई व गुणवत्ता के निर्माण पर विधिवत जानकारी प्राप्त किया और कहा कि समय के अनुरूप शासन द्वारा जो समय निर्धारित किया गया है। पक्के पुल का निर्माण हो जाना चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही हुई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नदी के बढ़ते हुए कटान को देखते हुए उन्होंने पक्के पुल के स्थान को बढ़ाने के लिए सेतु निगम के चीफ इंजीनियर से वार्ता कर तत्काल बढ़ाए जाने हेतु स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान पीपा पुल के निर्माण की धीमी गति को लेकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए यथाशीघ्र पीपा पुल बनाकर तैयार करने का निर्देश दिया। पीपा पुल हर साल 15 नवंबर तक बनकर तैयार हो जाता है। लेकिन इस बार दिसंबर माह आने के बाद भी पीपा पुल अभी तक बनकर तैयार नहीं हुआ है, जिससे कि इलाकाई लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एई पीडब्ल्यूडी क्षितिज जायसवाल, जेई अखिलेश कुमार, आशुतोष शुक्ला, एसएचओ योगेश यादव, ठेकेदार सुनिल राय आदि मौजूद रहे।

# आरक्षण आने के बाद राजनीतिक सरगर्मी हुई तेज




## निकाय चुनाव : अब घूंघट की आड़ में पार्षदी की तैयारी

**मनोज श्रीवास्तव**

**रामनगर।** पालिका परिषद के निगम में शामिल होने के बाद स्थानीय नेताओं पर राजनीतिक संकट गहरा गया है। पालिका अध्यक्ष का सपना संजोए नेता आरक्षण के इंतजार में थे। निकाय चुनाव के आरक्षण आने के बाद नए परिसीमन में शामिल तीनों वार्डों में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। वार्ड नंबर 12 गोलाघाट - पिछड़ी महिला, वार्ड नंबर 13 रामपुर- आरक्षित और वार्ड नंबर 65 पुराना रामनगर- पिछड़ा हो गया है। जिससे पहले से दावेदारी पर तैयारी कर रहे हैं नेताओं को झटका लगा है। आरक्षण आने के बाद उम्मीदवार अब एक दूसरे का वार्ड झांक रहे हैं। वहीं कुछ लोग अपने घर की महिलाओं को घूंघट की आड़ में चुनाव में उतारने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि अब गोलाघाट में वह तेजी नहीं दिख रही है, जो आरक्षण के आने के पूर्व थी।



दरअसल जब रामनगर पालिका का चुनाव होता था तब 25 सभासद होते थे उस समय भी हर दल से सभासदों के लड़ने के बावजूद आधा दर्जन प्रत्याशी निर्दल लड़ते थे। लेकिन टिकट वितरण के बाद भी कहीं-कहीं किसी वार्ड से बगावती तेवर देखने को मिल जाते थे। हर दल के बड़े स्थानीय नेता सभासद पद के चुनाव में कोई दिलचस्पी नहीं रखते थे, उसकी दिलचस्पी समय आने पर पालिका अध्यक्ष की दावेदारी में होती थी और उसी के इर्द-गिर्द उनकी राजनीतिक गतिविधियां भी चलती थीं, लेकिन अब स्थानीय स्तर पर पार्षदी के अलावा कोई विकल्प ही नहीं बचा है। क्योंकि नगर पालिका अध्यक्ष का चयन अब इतिहास के पन्नों में पढ़ा जाने वाला विषय मात्र बन कर रह गया है। जबकि नगर निगम में शामिल होने के बाद अब रामनगर सब जोन में तब्दील हो चुका है।

### भाजपा की ओर से इन नामों की हो रही चर्चा

आरक्षण जारी होने के बाद भाजपा से भाजयुमो के महानगर मंत्री सृजन श्रीवास्तव, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष सर्वेंद्र विक्रम सिंह, वर्तमान सभासद अशोक अग्रहरि, सभासद पति लल्लन सोनकर आदि लोग चुनाव लड़ने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। तो वहीं अपना वार्ड पिछड़ा होने पर भाजपा के पूर्व नगर महामंत्री जितेंद्र पांडे भी रामपुर वार्ड में ताकझांक करने की कोशिश में लगे हैं।



### रामपुर वार्ड में दावेदारों की भरमार

दलों में अपनी मजबूत पहचान रखने वाले चुनावी समर में कूदने को बेताब दिखने लगे हैं, बात अगर रामपुर वार्ड की करें तो यह सामान्य है, लिहाजा यहां दावेदारों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। पार्षद पद के लिए सभी दलों के महानगर स्तर से लेकर मंडल स्तर के पदाधिकारियों का नाम प्रकाश में आ रहा है।

### पुराना रामनगर वार्ड बना दिलचस्प

पुराना रामनगर वार्ड सबके दिलचस्पी का केंद्र बना हुआ है, सिर्फ भाजपा से ही वर्तमान चार सभासद पार्टी से पार्षद टिकट के दावेदार माने जा रहे हैं, इसके अलावा भी कई नेता खुद को दावेदार बता रहे हैं तो सपा के दिग्गज नेताओं की भी लंबी चौड़ी फौज टिकट की होड़ में है।

### निर्दलियों की भी लगी होड़

निकाय चुनाव में शामिल रामनगर के तीनों वार्डों के आरक्षण आने के बाद अब आधा दर्जन से अधिक निर्दल प्रत्याशियों के भी चुनावी समर में कूदने की तैयारी है। आरक्षण जारी होते ही अब नगर के प्रमुख चाय पान की अड़िया गुलजार होने लगी है। यहां नेताओं का जमावड़ा तो हो ही रहा है, इसके साथ ही स्थानीय लोगों की ओर से भी चुनावी चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

### कांग्रेस से भी कई नाम आ रहे सामने

रामनगर क्षेत्र के तीनों वार्डों में कांग्रेस पार्टी के प्रत्यासियों की भी काफी चर्चाएं हो रही हैं। इनमें कांग्रेस से पूर्व सभासद राजेंद्र गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष लक्ष्मेश्वर नाथ शर्मा, जावेद कलाम की दावेदारी मानी जा रही है। जिनकी चट्टी और चौराहों पर चर्चाएं तेज हो गई हैं।



### महिलाओं को मैदान में उतारने की तैयारी




पिछड़ी महिला के लिए आरक्षित गोलाघाट वार्ड नंबर 12 की बात करें तो यहां तीन माह पूर्व से तैयारी कर रहे पार्षद प्रत्याशियों को जैसे सांप सूंघ गया है। वहीं कुछ लोग घूंघट की आड़ से चुनावी मैदान में चुनौती देने के लिए तैयारी कर रहे हैं। इनकी ओर से अपनी पत्नियों के नाम चर्चा में लाना शुरू कर दिया गया है। हालांकि यहां उतना उत्साह नहीं दिख रहा है, जो दिखना चाहिए। फिर भी यहां जिनकी पत्नियों के नाम सर्वाधिक चर्चा में है। उनमें भाजपा से वर्तमान सभासद मनोज यादव, नंदलाल चौहान, राजेंद्र शंकर पटेल, सभासद पति सतनारायण मौर्या भी टीकट की जुगत में लगे हुए हैं। सपा से पूर्व सभासद संजय यादव, इस्तेयाक अहमद, मणिशंकर शर्मा, अशरफ राईन, घूंघट की आड़ में मिनी सदन पहुंचना चाहते हैं। यह सीट पिछड़ी महिला होने के कारण कांग्रेस से कोई नाम उजागर नहीं हो रहा है।

### सपा से इन नामों की हो रही चर्चा

समाजवादी पार्टी से कैंट विधानसभा के निवर्तमान उपाध्यक्ष विनोद यादव, पूर्व सभासद कृष्ण मोहन यादव, जवाहिर मोरिया, रामा यादव, मस्तराम मौर्य, राजू मिर्जा भी टीकट की जुगत में लगे हुए हैं। जो संबंधित वार्डों में अपनी उपस्थिति दर्ज करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।




### इन नामों की भी हो रही चर्चाएं

रामनगर वार्ड नंबर 65 से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे भाजपा के वर्तमान सभासद संतोष शर्मा मुन्ना निषाद, संतोष गुप्ता आदि लोगों की दावेदारी दिख रही है। सपा की बात करें तो प्रत्याशी लाइन में निवर्तमान नगर अध्यक्ष जितेंद्र यादव मलिक, पूर्व नगर अध्यक्ष रामकुमार यादव राजु, पूर्व नगर अध्यक्ष श्यामलाल यादव, डॉ. अजित कुमार यादव, मोहम्मद इस्लाम अंसारी टीकट की जुगत में लगे हुए हैं। कांग्रेस की ओर से माने तो यहां से युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप चौरसिया, गोपाल मौर्या आदि की नाम सहित कुछ लोग और दबी जुबान से तैयारी में लगे हुए हैं।

## अंधों का हाथी नाटक ने स्वार्थी अंधी दौड़ पर उठाया सवाल

### निर्माण कला मंच पटना के कलाकारों ने किया सशक्त अभिनय

### नागरी नाटक मंडली प्रेक्षागृह में राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का दूसरा दिन

**वाराणसी।** निर्माण कला मंच पटना की ओर से प्रस्तुत नाटक अंधों का हाथी समाज में व्याप्त स्वार्थ की अंधी दौड़ की समस्या का प्रभावी संदेश देता है। मंगलवार को सायंकाल नाटक का मंचन नागरी नाटक मंडली प्रेक्षागार कबीरचौरा में किया गया। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज की ओर से नाट्य प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत आयोजित पांच दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव में दूसरे दिन मंगलवार को मंचित प्रसिद्ध लेखक शरद जोशी लिखित और संजय उपाध्याय निर्देशित नाटक ' अंधों का हाथी ' का मंचन हुआ। जिसमें सामाजिक विसंगतियों व राजनीति लोकतंत्र व शासन व्यवस्था जनता के अधिकार एवं नारी विमर्श पर प्रश्नात्मक शैली में कथानक को अभिव्यक्त किया गया । नाटक की कहानी शुरू होती है जिसमे प्राचीन बोधकथा से प्रेरित दृश्य मंच पर साकार होता है पांच अंधों को हाथी मिल जाता है और वह उसके विभिन्न भागो को स्पर्श कर क्रमशः रस्सी सूप खम्भा दीवार और अजगर मान लेते है। आपस मे विवाद करने लगते है । हाथी तो चला जाता है पर ये अंधे विभिन्न मतों वादों और पंथों को जन्म देते है । सत्य के विपरीत अपना अपना सत्य गढ़ लेते है। दृश्यों में अंधों के रूप ने स्वार्थलोलुप राजनेता तथा आंदोलनकारी एवं सनसनी बनाने वाले पत्रकार को भी व्यंगात्मक रूप में दिखाया गया जो दर्शकों को रुचिकर लगा। दृश्यों में संगीतमय संवाद अदायगी भी का प्रयोग समूह गायन से प्रभावी रहा जिससे कथानक में निहित पात्रों की अपनी अपनी महत्वाकांक्षी स्वार्थपरता का चित्रण बखूबी हुआ । अंत मे पांचों अंधे मिलकर सूत्रधार को मार देते हैं । कि न्तु सूत्रधार पुनः जीवित होकर कहता है कि मैं मरा नही हूँ कैसे मरूंगा सूत्रधार जो हूँ। यदि मर गया तो कल मंच पर हाथी लेकर कौन आएगा और कल ही नहीं आने वाले अनंत वर्षो तक यह काम मुझे ही करना है। अंधे बार बार मुझे मारेंगे मैं बार बार जन्म लूंगा। अच्छा नमस्कार आइए। इसी के साथ नाटक का पटाक्षेप होता है।





**कौन-कौन कलाकार किस भूमिका में रहे**

मंच पर विविध भूमिकाओं में थे सूत्रधार स्वरम उपाध्याय एवं अंधा 1- मुकेश कुमार राहुल अंधा 2- मोहम्मद जफर आलम तथा अंधा 3 - अभिषेक आनंद एवं अंधा 4- रोहित चंद्रा तथा अंधी की भूमिका में थी सुश्री रूबी खातून रहे। मंच के नेपथ्य में ढोलक पर अभिषेक राज ड्रामेबाज तथा हारमोनियम पर थे। जबकि रोहित चंद्रा एवं खंजरी पर थे। अरविंद कुमार कोरस में श्री सार्थक एवं प्रकाश संयोजन रहा राहुल कुमार रवि का तथा प्रस्तुति संयोजन था डॉ शैलेन्द्र का था। कार्यक्रम में उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज संस्कृति मंत्रालय के निदेशक प्रो सुरेश शर्मा एवं उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी रत्न सदस्य वरिष्ठ नाट्य निर्देशक डॉ राजेन्द्र उपाध्याय तथा वरिष्ठ रंगकर्मी सुश्री सुमन पाठक वरिष्ठ रंगकर्मी अनूप अरोड़ा, सलीम राजा समेत काफी रंगकर्मी मौजूद थे। संचालन डॉ प्रीतेश आचार्य ने किया। व्यवस्था सहयोग प्रोग्राम कॉर्डिनेटर अतुल सिंह का रहा ।



## एक्टर अजय देवगन की फिल्म भोला की शूटिंग सात से

### कई स्थानों पर की जायेगी फिल्म की शूटिंग

### अजय देवगन ने पुत्र संग बाबा दरबार में लगायी हाजिरी

**वाराणसी।** फिल्म एक्टर अजय देवगन हिंदी फीचर फिल्म भोला की शूटिंग के लिए बनारस आ गये हैं। शूटिंग स्थलों का निरीक्षण करने के बाद अपने बेटे युग व पूरी यूनिट के साथ बाबा विश्वनाथ का दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। छह दिसंबर को भी सुबह-सुबह थोड़ी तफरी के बाद वह होटल में अपनी प्रोडक्शन टीम के साथ मीटिंग की। शूटिंग का सिलसिला सात दिसंबर से शुरू होगा। सात दिसंबर को सुबह के समय दो घंटे शहर के एक प्रमुख चौराहे पर शूटिंग होनी है। उस सीन की शूटिंग के लिए अभिषेक बच्चन भी बनारस आएंगे। सूत्रों के अनुसार अभिषेक छह दिसंबर को रात की फ्लाइट से बनारस पहुंचेंगे। सात दिसंबर की सुबह वह सिर्फ चार घंटे ही बनारस में व्यतीत करेंगे। इसके बाद वह सात को ही दोपहर की फ्लाइट से मुंबई लौट जाएंगे। वहीं अजय देवगन काशी में आराम से मनचाही जगह जा सकें इसलिए शहर में उनकी गतिविधियों का खुलासा नहीं किया जा रहा है। जानकारों के अनुसार अजय देवगन अपने बेटे युग के साथ जल मार्ग से कैथी का भ्रमण किया। अजय देवगन खुद के प्रोडक्शन में आने वाली फिल्म की शूटिंग के लिए बनारस पहुंचे हैं। रामनगर सहित कई स्थानों पर फिल्म की शूटिंग होनी है। वह एक सप्ताह पहले भी बनारस आए थे। फिल्म की शूटिंग के लिए बनारस पहुंचे अजय देवगन की एक झलक पाने के लिए उनके प्रशंसक परेशान रहे। हालांकि यूनिट ने अजय देवगन के कार्यक्रम को पूरी तरह से गु प्त र खा है। गंगा गोमती संगत पर गंगा डाल्फिन के साथ समय बिताने के बाद वह वापस होटल लौट आए। फिल्म यूनिट के अनुसार, सात दिसंबर से शूटिंग शुरू होगी। इसको लेकर अभिषेक बच्चन भी बनारस आएंगे। अभिषेक उसी दिन शूटिंग के बाद वापस मुंबई लौट जाएंगे। सात दिसंबर को सुबह शहर के प्रमुख चौराहे पर फिल्म की शूटिंग होगी।





